सुप्रभात
रांची, गुरुवार
03.10.2024

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | आश्विन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 84 | * * नगर संस्करण। पेज : 12


# तमाम अड़चनों को दूर कर हेमन्त सरकार ने कराया कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण



| योजना लागत | फ्लाईओवर की लम्बाई | फ्लाईओवर की चौड़ाई |
|---|---|---|
| ₹224.94 करोड़ | 2240 मीटर | 16.6 मीटर |

**₹3264.00 करोड़ की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन**

शिलान्यास की जाने वाली 27 योजनाओं की कुल लागत **₹2471.90 करोड़**

उद्घाटन की जाने वाली 04 योजनाओं की कुल लागत **₹792.10 करोड़**

कांटाटोली फ्लाईओवर, बिरसा चौक-धुर्वा गोल चक्कर 4 लेन स्मार्ट पथ एवं कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ (धनबाद) का उद्घाटन

सिरमटोली-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर एवं सहजानन्द चौक-कांके रोड फ्लाईओवर का शिलान्यास

## मुख्य अतिथि

## श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री संजय सेठ**
माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री-सह-सांसद, रांची लोकसभा

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन विभाग

**श्रीमती महुआ माझी**
माननीय सांसद, राज्यसभा

**श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह**
माननीय विधायक, रांची

दिनांक : 04 अक्टूबर 2024 | समय: पूर्वाह्न 11:30 बजे
स्थान : संत पॉल कैथेड्रल मैदान, बहु बाजार के निकट, रांची



### उद्घाटन

- कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ, कुल लागत **₹461.90 करोड़**
- अनगड़ा-हाहे-राहे पथ (MDR-021) (लम्बाई -26. 687 KM) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य, कुल लागत **₹57.95 करोड़**
- बिरसा चौक से धुर्वा गोल चक्कर (लम्बाई-2.60 KM) का चार लेन में मजबूतीकरण, चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य (साईकिल ट्रैक एवं फुटपाथ सहित) एवं धुर्वा गोल चक्कर से प्रोजेक्ट बिल्डिंग (लम्बाई-1.50 KM) पथ का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य (लम्बाई-4.10 KM), कुल लागत **₹47.33 करोड़**

### शिलान्यास

- सहजानन्द चौक के नजदीक से जज कॉलोनी के नजदीक 04 लेन एलिवेटेड पथ का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹430.75 करोड़**
- गोला-मुरी पथ का 4-लेन निर्माण कार्य, कुल लागत **₹333.17 करोड़**
- धनबाद जिला अंतगर्त मटकुरिया फ्लाईओवर का निर्माण, कुल लागत **₹256.54 करोड़**
- Foundation stone laying of fly over from Bahu Bazar to Patel Chowk Connecting Siramtoli Chowk and Kokar Bahu Bazar (Length 1.25 KM) in Ranchi city, कुल लागत **₹213.35 करोड़**
- भुईयाडीह लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी पथ में स्वर्णरेखा नदी पर 4 लेन पुल का निर्माण, कुल लागत **₹77.77 करोड़**
- अन्य 19 पथों/ROB का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹713.49 करोड़**

PRNO 337917 (IPRD) 24-25

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

# केंद्रीय योजनाओं में भी लूट मचा रखी है राज्य सरकार : शिवराज

## पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी गिरफ्तार, जेल

### डोरंडा में नाबालिग को घर में बंद कर रखने का मामला

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के मिस्त्री मोहल्ला के रहने वाले राजेश विजयवर्गीय को पोक्सो एक्ट के तहत बुधवार दो अक्टूबर 2024 को जेल भेज दिया गया। वहीं, नाबालिग आदिवासी लड़की को शेल्टर होम भेज दिया गया है।

गौरतलब हो कि मंगलवार को राजेश विजयवर्गीय ने एक आदिवासी नाबालिग लड़की को रात में कोकर से डोरंडा अपने घर लेकर आया था। राजेश लड़की को घर के अंदर रखकर बाहर से ताला लगाकार किसी काम से बाहर निकल गया। घर के अंदर अकेले होने के कारण लड़की डर गई। इसी दौरान लड़की छत से कूद गई।


**पूर्व मध्य रेल**

विद्युत (सामान्य) विभाग के लिए
जी ई एम बिड सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए जी ई एम बिड आमंत्रित की जाती है: जी ई एम कस्टम बिड सं.–GEM/2024/B/5458694 Date 01.10.2024 क्रम सं. 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : वरीय अनुभाग अभियंता/विद्युत/धनबाद के अंतर्गत दो साल की अवधि के लिए तिलैया बांध पंप हाउस और कोडरमा फिल्टर पंप हाउस में स्थापित विद्युत (सा) परिसंपत्तियों की निगरानी, संचालन और रखरखाव। (कार्य समापन अवधि: चौबीस माह). 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : रू. 24,61,837.40, 3. बिड सिक्युरिटी : रू. 49,200.00, 4. बिड मूल्यांकन प्रणाली: दो पैकेट प्रणाली, 5. जी ई एम कस्टम बिड बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय– जी ई एम बिड बंद होने की तिथि दिनांक 25.10.2024 को 12:00 बजे। जी ई एम बिड खुलने की तिथि दिनांक 25.10.2024 को 12:30 बजे।, 6. वेबसाइट विवरण: वेबसाइट www.gem.gov.in

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/01250/डीएचएनबीएस/ईजीईएन/टी/24-25/32



## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि **राजनीतिक दल झारखण्ड युवा विकास पार्टी** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय **टंडवा, गढ़वा** में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951, की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है- पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए हैं :

सभापति/अध्यक्ष : **जागृति**, ग्राम-मुरमा कला, रामगढ़, झारखण्ड
महासचिव/सचिव : **विनय कुमार दुबे**, ग्राम-बरिगांवा, विश्रामपुर, पलामू
कोषाध्यक्ष : **विजय कुमार**, ग्राम- पतिला, पोस्ट-कांडी, जिला-गढ़वा

यदि किसी को झारखण्ड युवा विकास पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली- 110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।


खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/हजारीबाग। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भ्रष्ट हेमंत सरकार के खिलाफ परिवर्तन यात्रा अब आंधी बन गया है। श्री चौहान बुधवार को मटवारी मैदान में आयोजित परिवर्त्तन सभा के समापन पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस आंधी में कांग्रेस झामुमो सूखे पत्ते की तरह उड़ जायेगी। हेमंत सोरेन ने युवाओं के साथ वादा खिलाफी किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में अब तक कोई 17 बार पेपर लीक हो चुका है। इसका सरगना भी हेमंत सरकार है। उन्होंने कहा की पांच वर्षों के अंतिम कार्यकाल में लोगों को नौकरी के नाम पर नौटंकी कर रहे हैं। उत्पाद विभाग के दौड़ में जवानों की मौत स्वाभाविक नहीं बल्कि हेमंत सरकार द्वारा हत्या करवाई गई है। चूल्हा खर्च के नाम पर महिलाओं को ठगने का काम किया है। इस सरकार में पैसे लेकर ट्रांसफर पोस्टिंग का धंधा किया जा रहा है। मनरेगा, जल जीवन मिशन और केंद्रीय योजनाओं का पैसा भी हेमंत सरकार लूट ले रही है। हेमंत सरकार के नेताओं और उनके नौकर व अधिकारियों के घरों से छापा में पैसे की पहाड़ मिल रहा है।

**राज्य की भ्रष्ट गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेकें : बाउरी :** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि राज्य की भ्रष्ट गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा कि आज महालिया हैं, मां दुर्गा का आशन किया जा रहा है। नौ दिन मां दुर्गा की पूजा की जायेगी। हमलोग भी इस रावण को खात्म करने का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचारी और लूट की सरकार को उखाड़ फेकना है।




## हेमंत सरकार ने जल, जंगल, जमीन को लूटा : बाबूलाल

**रांची/हजारीबाग।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी झामुमो- कांग्रेस की सरकार ने 5 साल सिर्फ अपनी तिजोरी भरने में बर्बाद किया। श्री मरांडी बुधवार को मटवाारी मैदान में परिवर्त्तन सभा के समापन पर बोल रहे थे। उन्होने कहा कि झारखंड में 20 सितंबर से परिवर्तन यात्रा चल रही थी। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में यह यात्रा पहुंची और हजारीबाग में यात्रा का समापन हुआ है। यात्रा के दौरान झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्र और प्रदेश के 40 लाख लोगों ने इस यात्रा में शामिल हुये। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा के माध्यम से भाजपा ने झारखंड के विकास के संदेशों को जनता तक पहुंचाने का काम किया। झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी सरकार में हुए भ्रष्टाचार को लोगों तक पहुंचाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को बीते 5 वर्षों का हिसाब देना होगा। हेमंत सोरेन की सरकार ने पिछले 5 वर्षों तक झारखंड की जल, जंगल, जमीन, बालू, पत्थर को लूटा है। लूटने में झामुमो की सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास के लिये परिवर्तन करने की जरूरत है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के विकास के लिए कई योजनाएं यहां लाना चाहते हैं।

> भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि परिवर्तन यात्रा से झामुमो सरकार के झूठ को जनता तक पहुंचाया
>
> झामुमो– कांग्रेस की सरकार ने 5 साल सिर्फ अपनी तिजोरी भरने में किया बर्बाद
>
> झारखंड में होगा परिवर्तन, बनेगी भाजपा की सरकार

## आज से हेमंत सरकार की विदाई यात्रा शुरू : हिमंता

असम सरकार के मुख्यमंत्री और चुनाव सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा ने कहा कि आज परिवर्तन यात्रा संपन्न हुई और हेमंत सरकार की बिदाई यात्रा प्रारंभ हुई है। उन्होंने कहा कि जनता ने परिवर्तन का संकल्प ले लिया है। सभा में उमड़ा जन सैलाब यह साफ साफ बता रहा कि जनता हेमंत सरकार से ऊब चुकी है। उन्होंने कहा कि वादा खिलाफी, झारखंड के मान सम्मान पर चोट, बदलती डेमोग, तुष्टिकरण,भ्रष्टाचार के मुद्दे झारखंड की जनता के दिलो दिमाग में समा गया है। इससे पूर्व कार्यक्रम में बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अंगवस्त्र एवं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मोमेंटो देकर स्वागत किया। सभा की अध्यक्षता बाबूलाल मरांडी एवं सभा का संचालन विधायक नीरा यादव ने किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, चम्पई सोरेन,लक्ष्मी कांत बाजपेयी,कर्मवीर सिंह, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, मनीष जायसवाल, काली चरण सिंह, निशिकांत दुबे, बीड़ी राम, विधुत वरण महतो, ढुल्लू महतो, चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, अमित यादव, शशि भूषण मेहता, नारायण दास, रामचंद्र चन्द्रवंशी, अनंत ओझा, बिरंची नारायण, नीलकंठ सिंह मुंडा, रणधीर सिंह, पुष्पा देवी, सीपी सिंह, राज सिन्हा, आलोक चौरसिया, नवीन जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## झारखंड पर पूंजीपतियों की गिद्ध दृष्टि है, इसे बचाने का दृढ़ संकल्प लेना होगा : कमलेश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कांग्रेस भवन में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके प›ात केशव महतो कमलेश सहित नेताओं ने बापू वाटिका में महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि गांधीजी के सत्य, अहिंसा,सद्भाव के विचारों की प्रासंगिकता आज भी है। उनके सिद्धांतों ने समाज को संदेश देने का काम किया है,अहिंसा के मार्ग पर चलकर बड़े-बड़े मसले को सुलझाया जा सकता है हिंसा और घृणा का समाज में कोई स्थान नहीं है। देश की महान विभूति पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने कठिन समय में देश का नेतृत्व किया उन्होंने युद्ध की विभीषिका के समय अपने नेतृत्व कौशल का परिचय देते हुए जय जवान जय किसान का नारा बुलंद कर देश को एक नया रास्ता दिखाया और यह नारा देश के प्रगति में एक नये अध्याय की तरह जुड़ गया, ऐसे विभूतियों के आदर्शों को आज अपनाने की जरूरत है।

**आगामी विधानसभा चुनाव अभियान का आगाज :** बापू वाटिका से विकसित झारखंड समृद्ध झारखंडवासी का संकल्प लेकर आगामी विधानसभा चुनाव अभियान का आगाज किया गया। चुनावी अभियान का आगाज करते हुए श्री कमलेश ने कहा कि संगठन की एकता को प्रदर्शित करने का यही समय है। झारखंड पर पूंजीवादियों की गिद्ध दृष्टि है, इसे बचाने का दृढ़ संकल्प लेना होगा। यह चुनाव झारखंडी मानुष के हितों की रक्षा का महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। हमें झारखंड वासियों के लिए संघर्ष करना है, ताकि झारखंड में दरार पैदा करने वाली ताकतज इस राज्य में कदम न जमा सके। अगले 60 दिन संघर्ष के दिन होंगे। सरकार के कार्यक्रमों को संगठन के माध्यम से घर-घर पहुंचाना है चुनावी समर में हर एक को अपनी भूमिका स्वयं तय करनी होगी।

**खबर एक नजर में**

### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गांधी जयंती के अवसर पर मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका जाकर वहां स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने पूज्य बापू के प्रिय भजन भी सुने। राज्यपाल ने इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पूज्य बापू के सिद्धांत आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का जो संदेश दिया था, वह हमारे समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती है, जो सादगी के प्रतीक थे। दोनों महापुरुष का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

### चार करोड़ गबन करने के दोषी को झारखंड हाईकोर्ट से बेल

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने चार करोड़ का गबन करने वाले बिपिन कुमार उर्फ अनमोल राम को जमानत दे दी है। रांची सिविल कोर्ट ने 10 अप्रैल 2023 को बिपिन को दोषी करार देते हुए सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी थी। साथ ही ट्रायल कोर्ट ने बिपिन पर एक करोड़ का जुमार्ना भी लगाया था। सिविल कोर्ट के आदेश के खिलाफ दोषी ने हाईकोर्ट में अपील याचिका दाखिल की थी. जिस पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की कोर्ट में सुनवाई हुई। बिपिन की ओर से अधिवक्ता राहुल पांडेय ने बहस की। दरअसल एसबीआई और यूबीआई की 20 अलग–अलग एटीएम में साल 2019 में एसआइएस कर्मियों को 4.07 करोड़ डालने का जिम्मा मिला था। लेकिन पूरी प्लानिंग के साथ सुरक्षा एजेंसी के कर्मियों ने नौ से 15 दिसंबर के बीच चार करोड़ से अधिक राशि गबन कर ली। पैसे गबन करने के बाद एजेंसी के सुरक्षाकर्मी फरार हो गये. इसके बाद एटीएमों में डाली जाने वाली कैश का ऑडिट एसआइएस के अधिकारियों ने किया। ऑडिट में पता चला कि बैंक की ओर से दी गयी पूरी राशि एटीएम में डाला ही नहीं गयी। इसके बाद सिक्योरिटी एजेंसी एसआइएस के कैश मेनेजमेंट के सहायक प्रबंधक कंचन ओझा ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी, जिसका केस नंबर 578/2019 है। इसके बाद पुलिस ने रांची और बिहार समेत अन्य राज्यों में छापेमारी कर 2 करोड़ 57 लाख कैश बरामद किये थे।

### मोदी को आदिवासी-मूलवासियों का भय सता रहा जनता पूंजीपति दानवों का करेगी संहार : झामुमो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पीएम नरेंद्र मोदी हजारीबाग में दिये गये भाषण का कड़ा प्रतिकार करते हुए कहा है कि पीएम के चेहरे पर आदिवासी–मूलवासियों का भय साफ दिखा। उन्हें डर सताने लगा है। उन्हें यह आभास हो रहा है कि जिस प्रकार से लेह, लद्दाख और कारगिल के सैकड़ो आंदोलनरत आदिवासियों ने छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वहां की जमीन अडानी को और मिथियम बिथियम बैटरी को देने का सौदा कर लिया गया है। उसी प्रकार झारखंड में भी अब उन्हें आदिवासी–मूलवासी से डर सताने लगा है, इन्हें आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से डर लगता है। क्योंकि एनडीए के सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री, वर्तमान अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और सहयोगी पार्टनर सुदेश महतो ओबीसी आरक्षण 27 से घटा कर 14 कर दिया। जबकि हमारी सरकार ने इसे फिर से 27 प्रतिशत करने का बिल पास कर दिया। महासचिव सह पार्टी प्रवक्ता सुप्रियो भटटाचार्य ने कहा कि मोदी सरकार के खिलाफ भी कई आरोप है, लेकिन उनकी सुनवाई क्यों नहीं होती। झामुमो ने पीएम मोदी और भाजपा से सवाल किया है कि 15 दिन पहले जब जमशेदपुर आये थे, तो कोल्हान स्वतंत्रता संग्राम के पोटो हो की याद आई, मगर आज हजारीबाग की जिस धरती से पीएम भाषण दे रहे थे, वहां के शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की न तो उन्हें न भाजपा को याद आयी? 1855 में संथाल क्रांति की अगुआ महिला रूपू माजी हजारीबाग की थीं, 1857 सिवरी विद्रोह के नायक जय मंगल पांडेय हजारीबाग से थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/23/2024-25 E-tender

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के बेड़ो प्रखंड के ग्राम खिरदा भट्ठी केनाभिठा रोड से लापुंग पथ के बीच केनाभिठा नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 351.584 | 7,02,200 | 10,000.00 | 18 Months |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.10.2024 से दिनांक 16.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 17.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7903003903
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।

PR 337793 Rural Work Department(24-25)D



## ई० प्रोक्योरमेंन्ट सेल
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा
ई–मेल :– eebcdlohardaga-jhr@nic.in

### ई० प्रोक्योरमेंन्ट नोटिस

ई०-टेन्डर रेफरेन्स नं०-01/2024-25/EE/BCD/LOHARDAGA Date :- 01/10/2024

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Proposed Construction of 50 Bedded Hostel Building at ST Residential School, Kisko, Lohardaga. | 2,33,88,000=00 | 11 (Eleven) Months |

1). कार्य पूर्ण करने की अवधि :– 11 (Eleven) Months
2). वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07/10/2024 को 11:00 बजे
3). बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 22/10/2024 को 11:00 बजे
4). निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
5). निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 23/10/2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई०-प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, राँची।
6). प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 7765846250
7). ई०-प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 9199192828
8). परिमान विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9). सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई०-गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03/10/2023 के द्वारा SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229, दिनांक 06/10/2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10). निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई०-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
• अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note :- UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 337820 Lohardaga(24-25)#D



## कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़।

नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।

अति अल्पकालिन सूचना संख्या – NIT/RGH/NP/13/2024-25 (2nd call)

1 निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि :– दिनांक: 03.10.2024
3 निविदा प्रपत्र ऑनलाइन भरने की अंतिम तिथि :– दिनांक: 13.10.2024 अपराहन 02:00 बजे तक।
4 निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट :– केवलई–निविदा(http://jharkhandtenders.gov.in)
5 निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान :– दिनांक: 14.10.2024 अपराहन् 02:00 बजे तक।
6 मद का नाम :– नागरिक सुविधा/शहरी परिवहन
7 हेल्पलाईन नं0 :– 9962405690 8084609105

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | 29 | Construction of Drain at ko thar NH-23 from H/O Raju Kushwaha to H/O Kishore Saw in Ward No 29 | 1496500.00 | 29930.00 | 5000 | 90 दिन |
| 20 | 31 | Construction of Drain at Ohdari Muhallah in Ward No 31 | 1363600.00 | 27272.00 | 5000 | 90 दिन |

नोट:–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्तें एवं अन्य जानकारीयाँ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशिप अथवा पार्टनरशिप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदको को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदको के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR 337884 District(24-25)D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

### ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– 11/2024-25/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 30.09.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/HAZ/MMGSY/17/2024-25 | बरकट्ठा | आर0ई0ओ0 रोड केसो से डुमरडीहा भाया धोवारी तक पथ निर्माण कार्य (लं0–7.00 कि0मी0) | 7,25,71,400/- | सात करोड़ पच्चीस लाख एकहत्तर हजार चार सौ रुपये मात्र | 15 (पन्द्रह) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–08.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–18.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–19.10.2024 अपराह्न 5.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 337816 (Rural Work Department) 24-25 (D)



## झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
उप महाप्रबंधक कार्यालय, संचरण अंचल हजारीबाग
अचंल कार्यालय श्रृंगारी कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल्ला, कनहरी हिल पथ, मोंटफोर्ट विद्यालय के निकट, हजारीबाग-825301 झा० इमेल: esetcirclehzb@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 132 के0 वी0 द्विपथ बरही– ईटखोरी विद्युत संचरण लाईन का 220 / 132 / 33 के0 वी0 चतरा (ईटखोरी) ग्रिड सब स्टेशन से टॉवर Loc. no. 13/0 (ग्राम–करसो, बरही) तक का निर्माण कार्य कार्यकारी अभिकरण M/s L&T Ltd. के द्वारा पूर्ण किया जा चूका है जिसको Anti Theft Charging हेतु लाईन में दिनांक 03.10.2024 को 13:00 hrs. या इसके पश्चात् किसी भी समय उच्च शक्ति विद्युत का प्रवाह प्रारम्भ किया जा सकता है।

यह नव निर्मित संचरण लाईन चतरा जिला के चोरकारी, महुआरी, हुसीया, सिंघरावा, मयुरहण्ड, बेलखोरी, एकतारा, साले, खैरा, बेंगवा, झारदाग, बलीया, कंचनपुर, फुलंग, महुगाई, कनौदी चौथा, पेटादिरी एवं हजारीबाग जिला के गोरयाकर्मा, हजारी–धमना, खड़ॉव, कटियौन, डुमरडीह, करसों इत्यादि विभिन्न गांवो या इनके समीप से होकर गूजर रही है।

अत: जन साधारण से अनुरोध है कि सुरक्ष के मद्देनजर उक्त संचरण लाईन से दुर रहें अन्यथा किसी भी प्रकार की क्षति होने पर झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड जिम्मेवार नही होगा।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

ह0/–
उप महाप्रबंधक,
संचरण अंचल, हजारीबाग

PR 337907 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (24-25)_D

सुप्रभात
रांची, गुरुवार
03.10.2024
नगर संस्करण। पेज : 12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आश्विन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 84

12 पुणे में हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन की मौत

### झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले पीएम ने हजारीबाग में भरी हुंकार, विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी

# रोटी, माटी और बेटी की रक्षा के लिए खिलायें कमल : मोदी

जय जोहार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**हजारीबाग/रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोटी, माटी और बेटी की रक्षा के लिए झारखंड में कमल खिलाने का आह्वान किया। श्री मोदी बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर हजारीबाग के मटवारी स्थित गांधी मैदान में भाजपा की परिवर्तन रैली के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास में सबसे



बड़ी बाधा झामुमो-कांग्रेस-राजद की गठजोड़ है। उन्होंने कहा कि अब झारखंड में परिवर्तन की शुरूआत हो गयी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस के नेताओं के ठिकाने से सैकड़ों करोड़ बरामद होते हैं। नेताओं के नौकरों के घरों से भी करोड़ों रुपये पकड़े जाते हैं। इनका विदाई होने को है तो इन्होंने भ्रष्टाचार की स्पीड और स्केल दोनों बढ़ा दिये हैं। झारखंड में ट्रांसफर-पोस्टिंग उद्योग बन गया है, लेकिन अब ये खेल ज्यादा दिन नहीं चलने वाला है। जल्द ही, झारखंड में सरकार भी बदलेगी और इस लूट की पाई-पाई का हिसाब होने वाला है।

### भाजपा के रहते आरक्षण कोई छीन नहीं सकता

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस का चरित्र ही दलित, वंचित, आदिवासी विरोधी है। कांग्रेस हमेशा एसटी, एससी और ओबीसी के आरक्षण का विरोध करती रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के रहते एसटी, एससी और ओबीसी का आरक्षण कोई छीन नहीं सकता। आरक्षण केवल भाजपा के कारण ही सुरक्षित है। झारखंड में इंडी गठबंधन में शामिल पार्टियों ने कभी भी आदिवासियों को आगे नहीं बढ़ने दिया है। इसलिए सत्ता में बने रहने के लिए ये लोग झारखंड में एक नया वोट बैंक तैयार कर रहे हैं।

संताल परगना में आदिवासी आबादी लगातार कम हो रही है और घुसपैठियों की आबादी बढ़ रही है। ये सब झामुमो और कांग्रेस की सत्ता की भूख का नतीजा है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनेगी, तो रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा सुनिश्चित कर दी जायेगी।

**झारखंड सरकार के संरक्षण में चल रहा पेपर लीक गिरोह :** पीएम ने कहा कि हेमंत सरकार के संरक्षण में यहां पेपरलीक कराने वाले गिरोह चल रहे हैं। प्रश्न पत्र बेचकर युवाओं का हक मारा जा रहा है।

### 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के हजारीबाग स्थित बिनोवा भावे विवि परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 83,700 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया। जनजातीय समुदायों के लिए शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री ने यहां 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन किया और 2,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले 25 ईएमआरएस की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, यह पहल 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,740 ब्लॉकों के लगभग 63,000 गांवों को कवर करेगी, जिससे 5 करोड़ से अधिक आदिवासी लोगों को सीधे लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना का भी शुभारंभ किया, जिसका कुल व्यय 79,150 करोड़ रुपये से अधिक है।

## आज से शारदीय नवरात्र प्रारंभ

**रांची।** नवदुर्गा सनातन धर्म में भगवती माता दुर्गा जिन्हें आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा भी कहा जाता है, भगवती के नौ मुख्य रूप हैं जिनकी विशेष पूजा और साधना नवरात्र के दौरान विशेष रूप से की जाती है। इन नौ दुर्गा देवियों को पापों की विनाशिनी भी कहा जाता है, हर देवी के अलग अलग वाहन हैं, अस्त्र शस्त्र हैं परन्तु यह सब एक हैं और सभी परम भगवती दुर्गा जी से ही प्रकट होती है।

इस वर्ष नवरात्र आज कलश स्थापना के साथ शुरू हो रहा है। मां दुर्गा का आगमन इस बार पालकी पर और विदाई चरणायुध (मुर्गे) पर होगा।

### पहला स्वरूप 'शैलपुत्री'



दुर्गाजी पहले स्वरूप में 'शैलपुत्री' के नाम से जानी जाती हैं। ये ही प्रथम दुर्गा हैं। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम 'शैलपुत्री' पड़ा। नवरात्र पूजन में प्रथम दिवस इन्हीं की पूजा और उपासना की जाती है। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएँ हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएँ हाथ में कमल सुशोभित है।

## एएसआई ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को मारी गोली, मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के कराइकेला थाना क्षेत्र के एक एएसआई ने बुधवार सुबह सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी आनन-फानन में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। एएसआई कृष्णा साव ने किस वजह से खुद को गोली मारी है, अब तक इसके पीछे की सही वजह सामने नहीं आयी है। घटना के बाद मृतक एएसआई के परिजनों को घटना की जानकारी दी गयी। जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है। इसके बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकता है।

## झारखंड को आज मिलेगी ट्रांसपोर्ट नगर की सौगात

### मुख्यमंत्री हेमंत करेंगे विधिवत् उद्घाटन

उपलब्धि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के सुकुरहुटू में झारखंड का बहुप्रतिक्षित ट्रांसपोर्ट नगर फेज-1 बन कर तैयार हो गया है। ढाई दशक बाद ही सही, तीन अक्टूबर को सीएम हेमंत सोरेन इसे राज्य को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही गुरुवार को मुख्यमंत्री ट्रांसपोर्ट नगर फेज-2 की आधारशिला भी रखेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्य के नगर विकास एवं आवास मंत्री हफीजुल अंसारी, राज्य सभा सांसद महुआ माजी और कांके विधायक समरी लाल विशिष्ट अतिथि होंगे। इससे पूर्व नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने ट्रांसपोर्ट नगर में उद्घाटन एवं शिलान्यास स्थल का निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दिया।

| फेज–1 के फैक्ट फाइल | फेज–2 के फैक्ट फाइल |
|---|---|
| योजना की लागत– 113 .24 करोड़ रुपये<br>कुल क्षेत्रफल – 40 .68 एकड़<br>निर्माण अवधि– 24 माह<br>मालवाहकों की पार्किंग– 424<br>3400 एवं 6100 वर्गमीटर के दो वेयर हाउस<br>120 टन क्षमता के दो धर्मकांटा<br>वाहनों के रखरखाव एवं मरम्मत के लिए सर्विस स्टेशन<br>17 कामर्शियल दुकानें<br>ट्रांसपोर्टरों के लिए 16 ऑफिस<br>प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र<br>चालक एवं उपचालक के विश्राम के लिए 360 बेड की डोरमेट्री<br>मनोरंजन केंद्र एवं फूड प्लाजा<br>जी प्लस थ्री इंटीग्रेटेड बिल्डिंग | योजना की लागत–57 .82 करोड़<br>कुल क्षेत्रफल– 9 .12 एकड़<br>निर्माण की अवधि– 18 माह<br>14 मीटर लंबाई वाले भारी वाहनों की पर्किंग क्षमता –256<br>जी प्लस थ्री इंटीग्रेटेड बिल्डिंग<br>वाहनों के रखरखाव एव मरम्मत के लिए सर्विस स्टेशन<br>चालक एवं उपचालकों के विश्राम के लिए 84 बेड की डोरमेट्री<br>फूड प्लाजा एवं मनोरंजन केंद्र<br>रिटेल शाप –3<br>पुलिस चेकपोस्ट<br>प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र<br>शौचालय एवं स्नानागार<br>फायर फाइटिंग सिस्टम |



# महात्मा गांधी सच्चे अर्थों में एक अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ व दार्शनिक थे : डॉ टीके शांडिल्य

- डीएसपीएमयू में मनी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में बुधवार को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। मौके पर विश्वविद्यालय की एनसीसी और एनएसएस इकाई के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण कर उनके विचारों को संकल्प के तौर पर आत्मसात करने पर बल दिया गया। सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने अपने संबोधन में महात्मा गांधी के अहिंसा और सत्याग्रह की चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार अल्बर्ट आइंस्टीन ने उन्हें बीती शताब्दी का सबसे बड़ा चेहरा कहा। उन्होंने कहा कि वे एक ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने बुनियादी शिक्षा पर बहुत जोर दिया था। वहीं उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर जोर दिया। उन्हें एक अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और दार्शनिक बताते हुए उन्होंने कहा कि इतने वर्षों के बाद भी महात्मा गांधी अपने विचारों के माध्यम से आज भी प्रासंगिक और अनुकरणीय है। उदाहरण के तौर पर पूरा देश आज जिस स्वच्छता अभियान को आत्मसात करने का प्रयास कर रहा है , उसकी संकल्पना आज से लगभग 100 वर्ष पूर्व महात्मा गांधी ने दी थी।

वीसी ने कहा कि आज भारत विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। इसमें भी राष्ट्र की संप्रभुता, सामूहिकता और समाज के अंतिम व्यक्ति के प्रति सकारात्मक सोच की भावना महात्मा गांधी की परिकल्पना में शामिल थे। उन्होंने कहा कि वर्षों पूर्व जिस अहिंसा की बात बापू ने की थी आज सारा विश्व उसी शांति और सहयोग की दिशा तलाश कर रहा है। अपने उदबोधन में उन्होंने भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुए कहा कि सादगी के प्रतीक इस महान महापुरुष की जयंती भी आज है। इस मौके पर हम उन्हें किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके महत्व को दशार्ने के लिए , जय जवान, जय किसान के नारे के लिए याद करते हैं और साथ ही उनकी सरलता और विनम्रतापूर्ण व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की कोशिश करते है। उन्होंने दोनों महापुरुषों के जीवन से सीख लेने की बात कही। इस अवसर पर डॉ आभा झा ने महात्मा गांधी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थी सूरज, वंदना और स्मृति ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर डॉ जीसी बास्के,डॉ अभय कृष्ण सिंह, पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह और डॉ शमा सोनाली उपस्थित थीं।

## मृणालिनी और उनकी टीम ने बापू वाटिका में दी भजनों की प्रस्तुति



**रांची।** गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को गांधी प्रतिमा के सामने मोरहाबादी में कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से डॉक्टर मृणालिनी अखौरी एवं उनकी टीम ने झारखंड के गवर्नर संतोष गंगवार और सांसद महुआ माजी की उपस्थिति में गांधी भजनों की प्रस्तुति दी। गवर्नर ने कार्यक्रम की काफी सराहना की। कार्यक्रम में सबसे पहले सर्वधर्म प्रार्थना ..अहिंसा सत्य ब्रह्मचर्य संग्रह, उसके बाद बापू के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए.. और रघुपति राघव राजा राम की लाजवाब प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान सभी लोगों ने इसकी भूरी भूरी प्रशंसा की।

## रन फॉर डीएवी के जरिए गांधी-शास्त्री को याद किया

**रांची।** महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर बुधवार को डीएवी हेहल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रन फॉर डीएवी से इसकी शुरूआत हुई। 50 विद्यार्थियों एवं 20 शिक्षकों ने धुर्वा गोल चक्कर से लेकर जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम तक उत्साह पूर्वक दौड़ लगाई। इसके बाद विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर नारों एवं स्लोगनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस विशेष दिवस को यादगार बनाने के लिए विद्यालय परिसर में कई जगह पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया गया। प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि हमें महात्मा गांधी एवं शास्त्री के विचारों और उनके त्याग से सीख लेनी चाहिए। स्वदेश के प्रति उनकी त्याग और सत्य-अहिंसा जैसे पावन विचारों के कारण ही उन्हें राष्ट्रपिता कहा गया।

## विधानसभा से पास आरक्षण बिल को नौवीं अनुसूची में डाला जाये : राजेश गुप्ता

- राज्यपाल से मिलकर मोर्चा ने सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट और विधानसभा से ओबीसी को 27% आरक्षण देने का पारित प्रस्ताव जो महामहिम के पास है, उसे 50% बढाकर केंद्र सरकार को 9वीं अनुसूची में डालने की मांग राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम को मांग पत्र सौंपा कर की। ज्ञात हो की 10 सितंबर को इसी मुद्दे को लेकर महामहिम के समक्ष एकदिवसीय महाधरना भी दिया गया था। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने महामहिम को अवगत कराया है कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ओबीसी को 36% से 50% आरक्षण देने की अनुशंसा राज्य सरकार से की है। इसलिए ओबीसी को राज्य में 50% आरक्षण मिलनी चाहिए। महामहिम को सौंपे गए मांग पत्र में जातीय जनगणना कराने, केंद्र और राज्य में ओबीसी वर्ग का स्वतंत्र मंत्रालय गठित करने, सात अधिसूचित जिले में ओबीसी का आरक्षण जो शून्य है, उसे जनसंख्या अनुपात में करने, ओबीसी पदाधिकारियों - कर्मचारियों को प्रमोशन में रिजर्वेशन देने, ओबीसी में लागू क्रीमी लेयर को हटाने , चंद्रवंशी समाज को सीएनटी एक्ट से बाहर करने या जमीन पर लोन देने सहित अन्य मांग शामिल है। महामहिम ने मांग पत्र को गंभीरता से देखने के पश्चात कहा कि आपकी मांगे जायज है। अपने स्तर के मामलों को हम देखें हैं। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी-कर्मचारी मोर्चा अध्यक्ष लाल बिहारी यादव, उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, महासचिव अजय मेहता, अशर्फी चंद्रवंशी का नाम शामिल है।

## न्यायिक दंडाधिकारियों ने सिविल कोर्ट में चलाया गया स्वच्छता अभियान

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के शुभ अवसर पर बुधवार को सिविल कोर्ट रांची में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान सिविल कोर्ट के न्यायायुक्त दिवाकर पांडे के मार्ग दर्शन पर चलाया गया। इस अभियान में डालसा सचिव कमलेश बेहरा, न्यायिक दंडाधिकारी अक्षत श्रीवास्तव, राजकुमार पांडे, कुशेश्वर सिंकू, प्रशांत वर्मा, अमित कुमार, पीएलवी विक्की कुमार चौधरी एवं न्यायालय के कर्मचारियों ने भाग लिया। न्यायालय परिसर को झाडू लगाकर स्वच्छता अभियान का संदेश के साथ सफाई की गई।

## इनरव्हील क्लब स्वर्णरेखा ने हॉस्पिटल में दिया डस्टबिन

**रांची।** स्वच्छ भारत अभियान ने एक दशक पूरे कर लिए हैं। इस दौरान स्वच्छता के मोर्चे पर देश ने बहुत कुछ हासिल किया। भारत की प्राचीन ग्रंथों में समाजिक व्यवस्था और मन्दिर संस्कृति की परंपराएं स्वच्छता की गवाह है। आज गांधी जयंती के दिन और स्वच्छ भारत अभियान के तहत इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची ने केसी राय अस्पताल में डस्टबिन उपलब्ध कराया। वहां के सफाई कर्मचारी को सम्मानित किया गया। मौके पर अध्यक्ष दीपा चौहान, उपाध्यक्ष सोमा भादुड़ी, सचिव नीता शेखर, रिंकू बनर्जी, कामिनी प्रसाद मौजूद थीं।

## बीआइटी मेसरा में 450 यूनिट रक्तदान

रांची। बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) की ओर से गांधी जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 450 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर की शुरूआत कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना ने की। उन्होंने कहा, रक्तदान महादान कार्य है। हम सभी को इस पुण्य कार्य में खुद भी सहयोग करना चाहिए, साथ ही दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए। छात्र मामलों के डीन सह एनएसएस अध्यक्ष डॉ भास्कर कर्ण ने कहा कि रक्तदान करना एक जनकल्याण का कार्य है, क्योंकि हमारा दान किया हुआ रक्त किसी के प्राणों की रक्षा करता है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओपी पांडेय ने कहा कि रक्तदान को बनाइए अभियान, रक्तदान करके बचाइए जान। मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजीत कुमार, डॉ संजीव तिवारी, डॉ अभिजीत नाग, डॉ प्रांजल कुमार, और डॉ परितोष महथा आदि उपस्थित थे। शिविर में छात्र प्रमुख आयुष राज, सयुक्त छात्र प्रमुख गौतम गुप्ता, उप छात्र प्रमुख नुमा जलाल, रितेश, विशेष, पृथ्वी राज, संस्कार व अन्य का सहयोग रहा।

## सीएमडी ने बापू को किया श्रद्धासुमन अर्पित

- सीसीएल में मनायी गयी गांधी जयंती

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेन्दु कुमार सिंह ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। अवसर विशेष पर सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर निदेशक (वित्त ) पवन कुमार मिश्र, निदेशक (तकनीकी /संचालन) हरीश दुहान, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष ,कर्मी एवं बड़ी संख्या में सफाई मित्र उपस्थित थे। सीएमडी श्री सिंह ने राष्ट्रपिता को स्मरण करते हुए कहा कि महात्मा गांधी का जीवन एक प्रेरणा है। उनके विचारों और कार्यों से हम सभी को सीखना चाहिए। उनके बताए हुए मूल्य सादगी ,सत्य एवं अहिंसा को सभी को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। साथ ही उन्होने सादगी और करुणा के प्रतीक लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि हम सभी उनके जय जवान, जय किसान के नारा को सार्थक बनाये और राष्ट्र सेवा की शपथ लेते हुए उनके सपनों को साकार करें।

इस कार्यक्रम के दौरान सीसीएल के स्वच्छता मित्र भी उपस्थित थे। उनके बीच जूट बैग , जूते, टी-शर्ट, दस्ताने, सैनिटाइजर और मिठाई वितरित की गई। श्री सिंह ने सीसीएल परिसर को साफ-सुथरा रखने में उनके योगदान के लिए धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने महात्मा गांधी के आदर्शों को अपनाने और एक स्वच्छ और स्वस्थ राष्ट्र बनाने के लिए संकल्प लिया।

## क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन की केंद्रीय व जिला समिति का पुनर्गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखण्ड क्रिश्चियन युथ एसोसिएशन की बैठक बुधवार को हुई। जिसमे केन्द्रीय कमिटी व ज़िला समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमे सर्वसहमति से अलबिन लकड़ा को मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय अध्ययक्ष कुलदीप तिर्की, कार्यकारी अध्यक्षक शैलु डाँहगा, उपाध्यक्ष महिमा गोल्डन, ऐंथोनी खाखा, प्रेम तिर्की, महासचिव संदीप तिग्गा, हर्षित तिर्की, सचिव हितेश, अमरदीप, आकाश, कोषाध्यक्ष- दीपक अरुण संगठन सचिव- अमृत धान, ऐनोश कंडुलना मीडिया प्रभारी अभिषेक बाड़ा, समीर सांगा साथ ही साथ ज़िला कमेटी में अध्यक्ष अम्बर बेक के साथ लेसबल, रोहन, सोनू, अभिषेक, सुप्रिया तिर्की, उतम,प्रश्नन,लुईस आकाश बाडा, अभय, गोविंद को जगह दिया गया। मौके पर सभी नये सदस्यों का स्वागत किया गया साथ ही साथ आने वाले समय के लिए रणनीति बनायी गयी। विशेष रूप से 20 व 21 नवंबर को झारखण्ड प्रार्थना महोत्सव, कार्निवल व क्रिसमस मेला व चर्च के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। अंत में केंद्रीय अध्यक्ष के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## रोटरी क्लब रांची मिडटाउन ने रिम्स को व्हीलचेयर और स्ट्रेचर उपलब्ध कराया

रांची। रोटरी क्लब ऑफ रांची मिडटाउन ने बुधवार को रिम्स को व्हीलचेयर और स्ट्रेचर दान किये। यह समुदाय संचालित पहल अस्पताल परिसर में रोगी की देखभाल को बेहतर बनाने और आसान गतिशीलता की सुविधा प्रदान करने के लिए की गई। क्लब के सदस्यों की ओर से रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ बिरुआ को व्हीलचेयर और स्ट्रेचर सौंपे गए। रोटरी क्लब ऑफ रांची मिडटाउन ने सामुदायिक विकास, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सामाजिक कल्याण की दिशा में लगातार काम किया है। यह परियोजना रांची और उसके बाहर के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और साकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देने के लिए क्लब की ओर से किया गया प्रयास है।

### डोरंडा महाविद्यालय में बजाज फिन्सहर्ब ने सीपीबीएफआई कार्यक्रम का किया आयोजन

## पाठ्यक्रम में शामिल 45 विद्यार्थियों में 33 हुए उत्तीर्ण

**33 उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से 17 का किया गया प्लेसमेंट के लिए चयन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डोरंडा महाविद्यालय में इनकेटस सोसाइटी के सौजन्य से बजाज फिन्सहर्ब द्वारा 17 जुलाई से लेकर 31 अगस्त तक 100 घंटे का सीपीबीएफआई (सर्टिफि केट प्रोग्राम इन बैंकिंग, फाइनेंस, ऐंड इंश्योरेंस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बैंकिंग, वित्तीय एवं बीमा से संबंधित रोजगार उन्मुखी पाठ्यक्रम का संचालन हुआ।

इस पाठ्यक्रम में 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें 33 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और इनमें से 17 बच्चों का प्लेसमेंट के लिए चयन किया गया। इन विद्यार्थियों की शिक्षा पूर्ण होने के बाद विभिन्न कंपनियों में रोजगार दी जाएगी इसकी विश्वसनीयता बजाज फिन्सहर्ब के पाठ्यक्रम संचालक अजय कुमार के द्वारा दिया गया। डारंडा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा के द्वारा विद्यार्थियों को यह बताया गया कि व्यवसायिक क्षेत्र में भारत में रोजगार की विपुल संभावनाओं को देखते हुए हमारे महाविद्यालय में ऐसे कार्यक्रमों का नियमित संचालन किया जा रहा है। इस तरह के कार्यक्रम से विद्यार्थियों में कौशल विकास कर उन्हें रोजगार के लिए एक प्लेटफॉर्म तैयार किया जा रहा है। उन्होंने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। बजाज फिन्सहर्ब कंपनी के द्वारा सभी विद्यार्थियों को उत्तीर्ण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जिसमें प्रियदर्शी अमर, डॉ राजमणी पाण्डे, डॉ कुणाल कुमार एवं डॉ हेमचंद्र तिवारी को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## खबर एक नजर में

### मेरी हेलो किड्स में गांधी जी के आदर्शों की गूंज



रांची। कांके ब्लॉक स्थित मेरी हेलो किड्स स्कूल में गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें महात्मा गांधी के शांति, अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों को याद किया गया। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ, जिसमें वैष्णव जन गीत प्रस्तुत किया गया। छात्रों ने नृत्य, कविताएं और भाषणों के माध्यम से गांधीजी के विचारों को प्रदर्शित किया। साथ ही गांधी दर्पण नामक एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। जिसमें गांधीजी के जीवन की प्रमुख घटनाओं को दर्शाया गया। भारत छोड़ो आंदोलन, दांडी मार्च और नई तालीम को प्रमुखता दी गई। स्वच्छता अभियान के तहत स्कूल के आसपास की सफाई भी की गई। साथ ही बच्चों को अपने आस-पड़ोस, घर, स्कूल को हमेशा स्वच्छ रखने की प्रेरणा भी दी गई। प्राचार्या ने छात्रों को गांधीजी के पदचिह्नों पर चलने और शांति व सद्भावना के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### एसआर डीएवी में मनी गांधी-शास्त्री जयंती

रांची। एसआर डीएवी, पुंदाग में महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बुधवार को मनाई गई। दोनों विभूतियों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वच्छता रैली निकाली तथा स्वच्छता पखवाड़ा मानते हुए पुंदाग में स्वच्छ भारत अभियान चलाया। साथ ही धुर्वा में रन फॉर डीएवी में भी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसमें विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों और कर्मियों ने भी हिस्सा लिया। प्राचार्य संजीत कुमार मिश्र ने बताया कि दौड़ में कृति कृष्णा ने पहला, आर्यन सिंह ने दूसरा और सूरज कुमार महतो ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान करके सम्मानित किया गया।

### झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक ने चलाया स्वच्छता अभियान



रांची। झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान बुधवार को चलाया गया। जेआरजी बैंक के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार के नेतृत्व में टैगोर हिल की सफाई की गई। साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित स्वच्छ मुद्रा सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छ नोटों का विनिमय, सिक्कों का प्रतिदिन वितरण और नोट एवं सिक्कों का विनिमय भी इस अभियान के जरिए आम जनों तक फैलाना है। अभियान के अंतर्गत अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से अपील की कि हमें अपने आसपास की स्वच्छता का ध्यान रखकर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए, ताकि हम एक सुंदर और स्वस्थ रांची का निर्माण कर सकें।

### खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान आयोजित

**रांची।** अश्विन माह के पितृ अमावस्या के अवसर पर बुधवार को बाबा श्याम का विशेष महास्नान अनुष्ठान मंदिर के आचार्यों द्वारा किया गया। सुबह मंगला आरती के बाद मंदिर के तीनों मंड के पर्दे लगाकर गुलाब जल, गंगाजल, दूध, दही व शहद के मिश्रण से स्नान कर कर नवीन पोशाक पहनाकर बाबा श्याम का अद्भुत श्यामल श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए रजनीगंधा, मोतीमाला, तुलसीदल, गुलाब की मोटी-मोटी मालाओं से खाटू नरेश का दिव्य अनुपम श्रृंगार कर नवीन पोशाक पहनाकर सभी देवी-देवताओं सहित तैल चित्रों एवं गुरुजनों का विशेष श्रृंगार किया गया। लोहरदगा निवासी सुलोचना देवी पोद्दार ने सभी देवी-देवताओं का नवीन पोशाक श्रृंगार एवं पंचमेवा भोग की सेवा निवेदित की। मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटू नरेश के भक्त शिरोमणि आलू सिंह जी महाराज की आज 35वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके तैल चित्रों का विशेष श्रृंगार किया गया। प्रातः श्रृंगार आरती के बाद मंदिर में आने वाले हर श्याम भक्त ने 1008 भक्त शिरोमणि श्री आलू सिंह जी महाराज को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे थे।

### तन-मन और विचारों की स्वच्छता पर भी जोर

**रांची।** आकाशवाणी केंद्र रांची में बुधवार को स्वच्छता अभियान का समापन हुआ। बीएयू बिरसा कृषि विवि के कुलपति एससी दूबे ने कार्यालय के सफाई मित्रों को सफाई किट देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के स्वच्छता के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। बापू ने बाहरी स्वच्छता के साथ साथ तन, मन और विचारों की स्वच्छता पर जोर दिया। समारोह में केंद्र प्रमुख डीसी हेंबरम, अभियान के नोडल अधिकारी एपी सिंह, कार्यक्रम प्रमुख पंकज मित्र आदि शामिल हुए।

### गांधी जयंती पर गरीबों के बीच साड़ी व स्वेटर वितरित



**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बुधवार को बिरसा चौक (हटिया स्टेशन रोड) स्थित होटल द पार्क स्ट्रीट में समाजसेवी रामाशंकर प्रसाद व उनकी धर्मपत्नी आशा देवी ने आसपास के गरीबों व जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ियां और बच्चों को स्वेटर बांटे। मौके पर रामाशंकर प्रसाद ने कहा कि समय-समय पर गरीबों व जरूरतमंदों के बीच वस्त्र आदि का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर गोपाल कृष्ण झा, जयंत झा, वीर नारायण प्रसाद, अभिषेक कलवार, अंकित कलवार, आदित्य कलवार, खुशबू कलवार, सान्या कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### भगवा नारी सेना की डांडिया नाइट में घंटों तक झूमे लोग

**रांची।** भगवा नारी सेना की ओर से बुधवार को कचहरी रोड के एक बैंक्वेट हॉल में डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश वंदना के साथ हुई। डांडिया नाइट में डीजे आकाश, कुमार गहलोत और कविता होरो की गायक जोड़ी ने लोगों को घंटों तक झुमाया। पारम्परिक वेशभूषा में कार्यक्रम में शामिल महिलाओं एवं अन्य ने हाथ ताल एवं डांडिया रास किया। लजीज व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। कार्यक्रम का संचालन वीणा श्री और श्रेया श्रुति ने किया। डांडिया नाइट में ऋषिनाथ शाहदेव, सीमा राय, पिया वर्मन, राजीव रंजन, आनंद जालान, धर्मेंद्र गिरी, मनोज मिश्रा, प्रभात कुमार राजन, गिरिजा शंकर पेड़ीवाल, समीर, दिलवीर सिंह, शिव किशोर शर्मा, रीना सिंह, वीणा, आकिब, अभिषेक दूबे, आरव सिंघल, रीना सिंह, वीणा सिंह, ललिता साहू, सुनीता पांडे, अंजना प्रियदर्शनी, खुशबू सिंह, विजेता, गायत्री, ममता, श्रेया, मंजूला, रिंकी, रीता, संगीता सिंह, शिवांगी, खुशी काकन, रश्मि बेसरा, शीला, अनिता समेत अन्य शामिल हुए।

### गांधी आश्रम में 101 बुजुर्ग सम्मानित

**रांची।** एचईसी सेक्टर-2 के गांधी आश्रम में बुधवार को समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर सभी ने तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दुहराया। आश्रम के संस्थापक मोख्तार सिंह व भानु प्रताप सिंह ने 101 बुजुर्ग समाजसेवियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। स्वास्थ्य शिविर में कई लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण व नेत्र जांच कर रोग निदान के लिए चिकित्सकों ने परामर्श दिए। संस्था की ओर से बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कुलपति डॉ सुरेश प्रसाद सिंह, सुधीर तिवारी, पूर्व आईएएस सुनील कुमार, वीरेंद्र कुमार सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, काली प्रसाद सिंह, जगन्नाथ साहू, जीवेश सिंह सोलंकी, बबलू सिंह समेत अन्य

# एमजीएम में 5 अक्टूबर को 500 बेड के हॉस्पिटल और ओपीडी सेवा का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पांच अक्टूबर को एमजीएम मेडिकल कॉलेज परिसर में 500 शय्या अस्पताल के ओपीडी सेवा का शुभारंभ एवं उदघाटन करेंगे। इसे लेकर बुधवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने एमजीएम कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। मौके पर प्रधान सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अजय कुमार सिंह, अभियान निदेशक एनएचएम अबू इमरान, डीसी अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल भी मौजूद थे।

निरीक्षण के क्रम में मंत्री द्वारा उच्च स्तरीय बैठक कर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा भवन निगम के अभियंता प्रमुख, कार्यदायी एजेंसी एलएंडटी के प्रतिनिधियों से कॉलेज निर्माण संबंधी अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गयी।

बैठक के बाद बातचीत में मंत्री ने कहा कि 751 बेड का एमजीएम अस्पताल वर्तमान में बन चुका है। इसमें 131 बेड आईसीयू, 620 बेड जेनरल है। इसी के साथ-साथ 100 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट भी अलग से बनाया जा रहा है। इसके साथ ही अस्पताल की कुल कैपेसिटी 851 बेड की हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल के निर्माण से कोल्हान के साथ-साथ आसपास के जिलों के मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। बैठक के दौरान अस्पताल के सुव्यवस्थित एवं बेहतर संचालन को लेकर समीक्षा की गयी तथा शेष जो संसाधन जरूरी है उसपर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जल्द ही यह अस्पताल कोल्हान वासियों की सेवा में समर्पित होगा।

मौके पर सिटी एसपी ऋषभ गर्ग, एसडीएम शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन पूर्वी सिंहभूम डॉ साहिर पाल, सिविल सर्जन पश्चिमी सिंहभूम डॉ जुझार माझी, एनडीसी डेविड बलिहार, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कलश स्थापना के साथ आज से शारदीय नवरात्र आरंभ



| |
|---|
| 8 अक्टूबर को महापंचमी |
| 9 अक्टूबर को महाषष्ठी |
| 10 अक्टूबर को महासप्तमी |
| 11 अक्टूबर को महाअष्टमी |
| 12 अक्टूबर को महानवमी |
| 12 अक्टूबर को ही दशहरा के साथ दुर्गा पूजा का समापन होगा। |

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कलश स्थापना के साथ ही आज से शारदीय नवरात्र की शुरूआत हो गई। इस साल नवरात्रि 10 दिनों तक मनाई जाएगी। नवरात्रि के प्रथम दिन हस्त नक्षत्र ऐन्द्र योग व जयद योग में पूजन होगा। मां दुर्गा का आगमन इस बार पालकी पर और विदाई चरणायुध (मुर्गे) पर होगा। नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा के भक्तों के लिए बहुत खास होता है। नवरात्रि के नौ दिन मां भवानी के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा की जाती है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष में शक्ति उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र आज गुरुवार कलश स्थापना के साथ शुरू होगा। घरों से लेकर पूजा पंडालों में दुर्गा सप्तशती का पाठ आरंभ हो जाएगा। भक्त नौ दिनों तक मां की आराधना में जुटे रहेंगे। नवरात्रि के प्रथम दिन हस्त नक्षत्र, ऐन्द्र योग व जयद योग में पूजन होगा। पंडित आरके मिश्रा ने बताया कि मां दुर्गा का आगमन इस बार पालकी पर और विदाई चरणायुध (मुर्गे) पर होगा। इसके कारण मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसका समापन 13 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन के साथ होगा।

# नहीं बच पायेंगे गैंगस्टर्स की काली कमाई में साथ देनेवाले बिजनेसमैन...

- एटीएस ने बनायी सूची
- बीएनएस 111 सेक्शन के तहत होगी कार्रवाई

### निवेश की जानकारी जुटा रही एटीएस

झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोह गैंग के लीडर्स के द्वारा की गई काली कमाई का निवेश करने वाले उनके करीबी दोस्त, बिजनेस पार्टनर और परिवार वाले एटीएस के रडार पर हैं। जांच के दौरान बात सामने आई है कि झारखंड में सक्रिय संगठित अपराधी गिरोह के द्वारा खौफ के बल पर की गई काली कमाई को विभिन्न माध्यमों से कई तरह के बिजनेस में लगाया गया है। झारखंड और झारखंड के बाहर कई ऐसे सफेदपोश भी हैं जो अपराधियों की काली कमाई के जरिये कारोबार कर रहे हैं।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अब झारखंड में नक्सलियों, गैंगस्टर्स और अपराधियों को मदद करनेवाले बख्शे नहीं जायेंगे। एटीएस की टीम इस मामले में जल्द ही कार्रवाई करने के मूड में है। इसके लिये एटीएस ने उन बिजनेसमैन, बिल्डरों की सूची बनायी है, जो नक्सलियों की टेरर फंडिंग से लेकर उनकी संपत्ति की देखरेख कर रहे हैं। एटीएस ने संगठित आपराधिक गिरोहों की संपत्ति का ब्योरा जुटाया है। दरअसल, झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोह के मुखिया और उनके गुर्गों ने खौफ के बल पर अनैतिक रूप से पैसे की उगाही की है। अपराधियों के पैसे उनके करीबी और परिवार वालों ने विभिन्न तरह के बिजनेस में निवेश कर रखा है। अब ऐसे लोगों को चिन्हित कर एटीएस कार्रवाई कर रही है।

#### सूची में बिल्डर और कई बिजनसमैन के नाम

ऐसे लोगों की सूची में बिल्डर से लेकर दूसरे तरह का धंधा करने वाले लोग भी शामिल हैं। अपराधियों के परिवार वाले के साथ-साथ उनके दोस्त भी काली कमाई का हिस्सेदार बन उसे बिजनेस में लगाकर उसका मुनाफा अपराधियों तक पहुंचा रहे हैं।

#### नोटिस भेजने की तैयारी

झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा के मुताबिक, अपराधियों की काली कमाई का निवेश करने वाले लोगों की सूची बनायी गयी है। अपराधियों के पैसे से जो संपत्ति खरीदी गई है उसका ब्योरा भी जुटाया जा रहा है। संपत्ति का विवरण जुटाने के बाद वैसे तमाम लोगों को नोटिस भेजा जाएगा। बीएनएस सेक्शन 111 के तहत कार्रवाई करेगी।

# पता पूछने के बहाने ले उड़े दो लाख रुपये, चेहरा सीसीटीवी में कैद

- डोरंडा बैंक से ही बाइक से पीछा कर रहे थे अपराधी, मोबाइल भी ले गये साथ

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

अपराधियों के द्वारा किए गए इस दुस्साहस का सीसीटीवी फुटेज को पुलिस ने जब्त कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस जुट गयी है। थानेदार मनोज कुमार ने बताया कि जब अपने घर के दरवाजे पर स्कूटी की डिक्की खोलकर जैसे ही पैसों से भरा बैग बाहर निकाले, वैसे ही दोनों अपराधी उस पैसों से भरा बैग छीन कर फरार हो गये। बुजुर्ग महिला के बेटे को अपनी बातों में फंसाने के लिए अपराधियों ने पहले उनसे एड्रेस पूछा और इस बीच पैसों से भरा बैग झपट लिया। दोनों अपराधियों ने हेलमेट पहन रखा था। इन वजहों से पुलिस को पहचान करने में दिक्कत महसूस हो रही है।

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। दुर्गा पूजा शुरू हो रही है। ऐसे में राजधानी रांची में लुटेरे सक्रिय हो गये हैं। रांची के सुखदेवनगर थाना एरिया में अपराधी एक घर के नजदीक से दो लाख रुपये का बैग लेकर फरार हो गये।

घटना मंगलवार की है। आरोपियों का वारदात सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गयी है। जानकारी के मुताबिक, सुखदेव नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली बुजुर्ग महिला सुनैना देवी अपने बेटे के साथ बैंक गई थी। बैंक से उन्होंने बेटे की शादी के लिए दो लाख रुपये निकाले और फिर घर पहुंची। महिला घर के अंदर चली गई, जबकि उनका बेटा अपनी स्कूटी को घर के अंदर ले जाने लगा तभी बाइक पर सवार दो अपराधी मौके पर पहुंचे और पैसों से भरा बैग झपट कर फरार हो गए।

#### महिला के बयान पर दर्ज हुआ एफआईआर

महिला सुनैना देवी ने सुखदेव नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। महिला के अनुसार वह अपने छोटे बेटे की शादी के लिए पैसे निकाल कर घर लौटी थी। बैग में महिला का मोबाइल भी था जिसे अपराधी अपने साथ लेकर चले गए। पुलिस ने जब जांच की तो पाया कि दोनों अपराधी डोरंडा बैंक से ही महिला का पीछा कर रह थे। जिस बैग में पैसे थे उसी में महिला का मोबाइल भी था। उसी लोकेशन के आधार पर अपराधियों का पीछा किया गया, लेकिन बाद में मोबाइल स्विच ऑफ हो गया।

## लायंस क्लब ऑफ रांची लाइफ की द्वितीय कैबिनेट मीटिंग आयोजित




**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची लाइफ की द्वितीय कैबिनेट मीटिंग बुधवार को हुई। लायन आरती एवं लायन तूलिका ने झारखंडी रीति रिवाज से सबों का स्वागत किया। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सीमा बाजपेयी के द्वारा पिछले और अगले कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कैबिनेट सेक्रेटरी लायन शुभम बाजपेयी के द्वारा रिपोर्ट पढ़ा गया। कैबिनेट ट्रेजरर लायन एचएन सोढ़ी ने अकाउंट का रिपोर्ट प्रस्तुत किया। मंच का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट लायन रवि प्रकाश ने किया। इस मौके पर लायन विकास, हर्षवर्धन, अर्चना, विनीता, ज्योति, प्रतियुष, मनोज, मिनी पंकज, संतोष, राजेश और अभिषेक मौजूद थे।

## अड़की में चाकू से हत्या मामले में चार अपराधी गिरफ्तार

**खूंटी।** अड़की में चाकू से हत्या मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से खून से सना चाकू और घटना के समय पहने गए कपड़े भी बरामद किया है। गौरतलब हो कि 18 सितंबर को अड़की थाना क्षेत्र के बंदगांव बाजार से लौटते समय कोचांग काईजारी निवासी लान्दूलाल की अज्ञात अपराधियों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना में मृतक की पत्नी भी जख्मी हो गयी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। इसके लिये एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसके बाद छापेमारी की गयी। छापेमारी में कांडे सोय उर्फ जोसेफ सोय, दीत सोय उर्फ बुधू सोय, जगाय सोय उर्फ सोमा सोय और अनिल सोय को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी कोचांग काईजारी के निवासी हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि उन लोगों ने जादू-टोना और जमीनी विवाद में लान्दूलाल की हत्या कर दी थी।

## 41 डीएसपी का मूवमेंट ऑर्डर जारी

**रांची।** तबादला हुए 41 डीएसपी का मूवमेंट ऑर्डर आज बुधवार को जारी कर दिया गया। डीजीपी के आदेश पर आईजी मानवाधिकार ने यह ऑर्डर जारी किया। गौरतलब है कि बीते दिन सरकार ने डीएसपी रैंक के 41 अधिकारियों का तबादला किया था। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी उनका मूवमेंट ऑर्डर जारी नहीं हो सका था। वहीं सरकार ने मंगलवार को सात डीएसपी के तबादले के आदेश को विलोपित कर दिया था। जारी आदेश में कहा गया है कि वैसे डीएसपी जिनके पदस्थापन स्थान पर दूसरे डीएसपी का पदस्थापन हो गया है, परंतु उनका दूसरे जगह पर पदस्थापन नहीं हुआ है, उन्हें पुलिस मुख्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

## गांधी जयंती पर लगी जेल अदालत में 26 बंदी कारामुक्त




रांची। झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के बैनर तले गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालत का आयोजन किया गया। साथ ही विधिक जागरूकता शिविल का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अपर न्यायायुक्त, रांची, विशाल श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन, डालसा सचिव कमलेश बेहरा एवं अन्य न्यायिक दंडाधिकारी उपस्थित थे। विभिन्न माननीय न्यायालयों में लंबित 24 वादों के निष्पादन के निमित बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, रांची में संसीमित बंदियों का आवेदन जेल अदालत हेतु समर्पित किया गया था। 26 बंदी को जेल अदालत का लाभ देते हुए कारा से मुक्त किया गया।

# झारखंड पुलिस के तीन अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट का अवमानना नोटिस

- तीनों अधिकारियों को 4 नवंबर 2024 को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने का आदेश



### मकान मालिक और किरायेदार के बीच विवाद का है मामला

यह मामला मकान मालिक और किरायेदार के बीच हुए विवाद से संबंधित है। झारखंड के तत्कालीन डीजीपी की पत्नी ने लोअर बाजार थाना में मकान मालिक के परिवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी। दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि कई बार मकान मालिक के परिवार और अन्य लोगों ने जबरन उसके घर में घुसकर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। डीजीपी की पत्नी ने मारपीट करने का भी आरोप लगाया। मकान मालिक ने तर्क दिया कि किरायेदार किराया नहीं दे रहा था। घर खाली कराने की प्रक्रिया उप-विभागीय मजिस्ट्रेट के माध्यम से कानूनी रूप से शुरू की गयी थी। हालांकि मकान मालिक के अनुसार, किरायेदार ने बदले की भावना से कार्रवाई के रूप में आपराधिक मामला दायर किया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस के तीन अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक मामले में चार्जशीट दाखिल करने के लिए अवमानना नोटिस जारी किया है, जबकि अदालत ने एफआईआर में आगे कोई कार्रवाई करने पर अंतरिम रोक लगा दी।

दरअसल न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ एक एसएलपी पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गयी थी, जिसमें एक आईपीएस अधिकारी की पत्नी (अब दिवंगत) द्वारा अपने मकान मालिक के खिलाफ दर्ज करायी गयी प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने जिन अधिकारियों को नोटिस जारी किया है, उसमें तत्कालीन डीएसपी सिटी रांची दीपक कुमार व दयानंद कुमार शामिल हैं। दोनों अधिकारी संबंधित समय में लोअर बाजार पुलिस स्टेशन रांची से जुड़े थे। इसके अलावा तारकेश्वर प्रसाद केसरी को भी अवमानना नोटिस जारी किया गया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 4 नवंबर 2024 को तीनों अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया है।

## शेख भिखारी यूनिवर्सिटी के लिए जमीन मुहैया कराए सरकार

**रांची।** शहीद शेख भिखारी सामाजिक शोध संस्थान, नयासराय और जमीअतुल मोमेनीन की बैठक बुधवार को मठटोली में हुई। सिद्दीक अंसारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य सरकार से शहीद शेख भिखारी यूनिवर्सिटी के लिए जमीन देने और शहीद मैदान से नयासराय रिंग रोड का नाम शेख भिखारी पथ रखने की मांग की गई। संस्थान के सचिव मोख्तार अंसारी ने कहा कि राजधानी के प्रमुख चौक-चौराहों पर अमर शहीदों का स्मारक बनाया जाए। सभी प्रमुख सड़क व भवन का नाम भी अमर शहीदों के नाम पर रखा जाए। जेएससीए का नाम भी शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के नाम से रखा जाए। ऐसा करने से शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। आने वाली पीढ़ी भी उनकी गाथा को जानेगी। बैठक की सदारत करते हुए सिद्दीक ने कहा कि दो अक्तूबर 1857 को शेख भिखारी का जन्म हुआ। छोटानागपुर महाराज के फौजदार थे। बाद में बड़कागढ़ के राजा ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के दीवान व सेनापति नियुक्त किए गए। अंग्रेजी हुकूमत का विद्रोह सबसे पहले बड़कागढ़ से 1857-58 में हुआ। विश्वनाथ शाहदेव, शेख भिखारी, टिकैत उमरांव आदि की जोड़ी ने अंग्रेजी फौज को छोटानागपुर से खदेड़ दिया। आठ जनवरी को 1858 को शेख भिखारी और टिकैत को चुटुपालू घाटी में फांसी दे दी गई।

# एक साल में पुलिस, अर्द्धसैनिक बल और सेना के 11 जवानों ने की आत्महत्या

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में बीते एक साल में पुलिस, अर्धसैनिक बल और सेना के 11 जवानों ने आत्महत्या की। इनकी आत्महत्या की मुख्य वजह वर्क प्रेशर बताया गया। किसी किसी मामले में उनकी निजी जिंदगी में चल रही परेशानियां आत्महत्या का कारण बनीं।

एक्सपर्ट के मुताबिक, ड्यूटी पर तनाव, ओवरटाइम और छुट्टी ना मिलना पुलिसकर्मियों की जिंदगी का हिस्सा बन गया। इसका असर उनकी लाइफस्टाइल पर भी पड़ने लगा।

काम के दबाव के कारण उन्हें स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। इन परेशानियों से तंग आकर पुलिसकर्मी आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं। पुलिसकर्मियों का समय से पहले रिटायरमेंट लेने के पीछे भी शायद यही वजह है।

### एक साल में 11 जवानों ने की आत्महत्या

02 अक्टूबर : चाईबासा के कराइकेला में एएसआई ने गोली मारकर की आत्महत्या

25 जुलाई : चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के शीला ओपी स्थित सीआरपीएफ कैंप में आशीष कुमार नाम के जवान ने गोली मारकर आत्महत्या की थी।

जुलाई : लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के करमडीह पिकेट में पदस्थापित जवान प्रमोद सिंह की मौत उसके ही हथियार से गोली चलने की वजह से हो गयी थी।

18 जून : बोकारो के हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 8 में एक सीआईएसएफ जवान संजीत ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली थी।

31 मई : हजारीबाग डीआईजी आवास में तैनात जिला पुलिस के 31 वर्षीय जवान विकास कुमार ने ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मार ली थी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी थी।

6 फरवरी : चतरा स्थित सीआरपीएफ 190 बटालियन कैंप में कैलाश चंद मेहरा नामक जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वह मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिला के लोहड़ी गांव का रहने वाला था।

नवंबर 2023 : सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना में पदस्थापित सत्यजीत कच्छप ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।

24 नवंबर 2023 : रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में उत्तराखंड निवासी आर्मी के जवान ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी।

अक्टूबर 2023 : पाकुड़ में पदस्थापित झारखंड पुलिस के हवलदार ललन पासवान ने आत्महत्या कर ली थी।

## मजलिस में 'शक्ति रूपेण संस्थिता' का मंचन

**रांची।** मेकॉन और सेल की बंगाली बिरादरी की सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन मजलिस की ओर से महालया पर बुधवार को मेकॉन कम्युनिटी हॉल में आगमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बंगाल के आरजी कर मेडिकल में महिला जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या पर आक्रोश प्रकट करने से हुई। मजलिस के सदस्यों और स्थानीय समुदाय सहित 100 से अधिक कलाकारों ने कला के विभिन्न रूपों के जरिए अपना विरोध दर्ज कराया। चित्रांकन, संगीत, सस्वर पाठ और नृत्य से सजे इस कार्यक्रम को शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा का अभिनंदन- शक्तिरूपेण संस्थिता, का मंचन कर किया गया। कलाकारों ने समूह नृत्य- दुर्गा एलो, की प्रस्तुति दी, जिसका नृत्य निर्देशन रंजा रॉय और दीपानविता मल्लिक ने किया था। इसके बाद अमृता चटर्जी के निर्देशित किए हुए तीन समूह गीत प्रस्तुत किए गए। गार्गी घोषाल के मार्गदर्शन में- अंधकारेर उत्सा होते, का पाठ किया गया तो दर्शक भावविभोर हो उठे। अद्रिजा कुमार, राजन्या मंडल, रायसा चौधरी, संस्कृति मंडल, उद्गीथा धारा, अनामित्रा मेटे, अरुशी माई, समृद्धि मुखर्जी, अरुंधति बनर्जी, स्लीजा परमानिक, कियान घोष व अन्य कलाकारों ने अपनी नृत्य प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कविगुरु रवींद्रनाथ ठाकुर की कविताएं सुनाई गईं। काजी नजरुल इस्लाम और सुकांत भट्टाचार्य की कविताओं का पाठ भी कलाकारों ने किया। कार्यक्रम का संचालन अरूप चक्रवर्ती ने किया।

## अलबिन क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक बने

रांची। झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन की बैठक बुधवार को चर्च परिसर में हुई। इसमें केंद्रीय कमेटी और जिला समिति का पुर्नगठन किया गया। सर्वसम्मति से अलबिन लकड़ा को एसोसिएशन का मुख्य संरक्षक बनाया गया। साथ ही, केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष शैलू डाहंगा, उपाध्यक्ष महिमा गोल्डन, एंथोनी खाखा, प्रेम तिर्की, महासचिव संदीप तिग्गा, हर्षित तिर्की, सचिव हितेश, अमरदीप, आकाश, कोषाध्यक्ष दीपक अरुण, संगठन सचिव अमृत धान, ऐनोस कंडुलना, मीडिया प्रभारी अभिषेक बाड़ा और समीर सांगा को बनाया गया। जिला कमेटी में अध्यक्ष अंबर बेक सहित रोहन, सोनू, अभिषेक, सुप्रिया तिर्की, उत्तम, प्रश्न, लुईस, आकाश बाड़ा, अभय गोविंद को भी जगह दी गई। इस दौरान नए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया और आगामी कार्यक्रम की रणनीति बनाई गई। इसी क्रम में 20-21 नवंबर के झारखंड प्रार्थना महोत्सव कार्निवल व क्रिसमस मेला व चर्च के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

## मुख्यमंत्री जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द करें

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन अविलंब जेएसएससी- सीजीएल के आनदोलनरत परीक्षार्थियों को बुलाकर वार्ता करें। छात्रों पर दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करें और जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को रद्द करें। ये मांग आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने की। उन्होंने कहा कि 16 नामजद छात्रों एवं 1 हजार अज्ञात छात्रों पर प्राथमिकी दर्ज करना राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना है, जो माफी योग्य नहीं है।

# अगले साल फिर लौटने के संकल्प के साथ एक्सपो उत्सव का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** एक्सपो उत्सव का शानदार समापन बुधवार को हुआ। जिसमें नये उत्साह और ऊर्जा के साथ अगले साल फिर से लौटने का संकल्प लिया गया। सात दिनों तक चले इस भव्य आयोजन के अंतिम दिन मोरहाबादी मैदान में भारी भीड़ उमड़ी, जहां लोग जमकर खरीदारी करते नजर आये। सभी स्टॉल धारक इस अद्भुत आयोजन से काफी संतुष्ट दिखे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट सीआर रेखेश शर्मा ने एक्सपो की सराहना करते हुए कहा कि एक्सपो उत्सव सिर्फ रांची ही नहीं, बल्कि पूरे इंडिया का गौरव है। इस स्तर के आयोजन के लिए अनुभव और समर्पण की जरूरत होती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राखी जैन ने कहा कि उन्होंने एक्सपो उत्सव को वर्षों में बढ़ते और निखरते देखा है। यह आयोजन अब इतना भव्य हो चुका है कि हर साल रांचीवासी इसका इंतजार करते हैं। इसमें पुराने और नए सदस्यों की मेहनत साफ दिखाई देती है।

समापन कार्यक्रम में एक्सपो उत्सव के सभी सदस्यों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए

## बीआईटी मेसरा में बिजनेस प्लान प्रतियोगिता 5 को

रांची। बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी), एआईसीटीई आइडिया लैब, फाइनेंस क्लब और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (ईडीसी) की ओर से 5 अक्तूबर को बिजनेस प्लान प्रतियोगिता-2024, का आयोजन होने जा रहा है। इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तहत वार्षिक फ्लैगशिप इवेंट- बीआईटी निशान-24 का प्री-क्वालीफायर इवेंट 9 नवंबर 2024 (अस्थायी तिथि) को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम बीआईटी मेसरा और देशभर के इसके बाहरी परिसरों के सभी मौजूदा छात्रों के लिए खुला है। यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड के तहत आयोजित किया जाएगा जहां मेसरा और लालपुर केंद्र के विद्यार्थी मेसरा के कैट हॉल/सेमिनार हॉल में अपनी प्रस्तुति देंगे और अन्य परिसरों के प्रतिभागी अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए ऑनलाइन शामिल होंगे। इस बिजनेस प्लान प्रतियोगिता में बिजनेस विचारों की उचित प्रस्तुति के माध्यम से पहले दौर में अधिकतम 20 टीमों को चुना जाएगा और प्रोटोटाइप उत्पाद विकास और बाजार सर्वेक्षण खर्चों के लिए चयनित टीमों को- 10,000 रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बिजनेस प्लान-24 की विजेता टीम एक प्रोटोटाइप उत्पाद बनाएगी और वार्षिक इनोवेशन प्रतियोगिता बीआईटी-निशान-24 के दौरान मौलिक उत्पाद प्रदर्शित करेगी। फाइनल जीतने वाली 8 से 10 टीमों को प्रोटोटाइप उत्पाद विकास और स्टार्टअप कंपनी पंजीकरण आदि के लिए एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा।

खबर मन्त्र

रांची. गुरुवार. 03 अक्टूबर 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# मिलावटी दवाई

बुखार, दर्द, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि से मुक्ति दिलाने का दावा करने वाली 53 दवाइयां जांच में गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं। देश में धड़ल्ले से इस्तेमाल होने वाली पैरासिटामोल भी इन दवाओं में शुमार है। कैसी विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। केंद्रीय औषधि नियामक ने गुणवत्ता के मानकों पर खरा न उतरने वाली दवाओं की सूची जारी की है। आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत को प्रभावित करते हैं। यह भी कि जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है? फिलहाल इस बाबत कोई जानकारी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आई है। निस्संदेह, यह शर्मनाक है और तंत्र की विफलता को उजागर करता है कि शारीरिक कष्टों से मुक्त होने के लिये लोग जो दवाएं खरीदते हैं, वे घटिया हैं? बहुत संभव है ऐसी घटिया दवाओं के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते होंगे। इस बाबत गंभीर शोध-अनुसंधान की जरूरत है। विडंबना देखिए कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से गुरेज करती हैं। जिसकी कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है। विडंबना देखिए कि लोगों द्वारा आमतौर पर ली जाने वाली पैरासिटामोल भी जांच में फेल पायी गई। आम धारणा रही है कि गाहे-बगाहे होने वाले बुखार-दर्द आदि में इस दवा का लेना फायदेमंद होता है। निश्चय ही केंद्रीय औषधि नियामक की गुणवत्तारहित दवाओं की सूची में इसके शामिल होने से लोगों के इस विश्वास को ठेस पहुंचेगी। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों में इस हद तक गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये दुखी मरीजों के जीवन

## आज का राशिफल

मेष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-7-9

वृष : कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। मांगलिक कार्योक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-3-4-6

मिथुन : स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-6-9

कर्क : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-8-9

सिंह : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-3-5-7

कन्या : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-3-4-8

तुला : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-8

वृश्चिक : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-9

धनु : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-6-7-9

मकर : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। शुभांक-5-7-9

कुंभ : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-3-5-7

मीन : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-2-4-6

## कार्टून वर्ल्ड



# मां दुर्गा की पूजा और उससे प्रेरणा पाती युवा पीढ़ी

***या देवी सर्वभूतेषु ने बिधि होते या देसर्वभूतेषु बुद्धि रूपाय न संस्थिता नमस्तस्य नमस्तस्य नमो नमः***

### मेरा दृष्टिकोण: दुर्गा पूजा और युवाओं का समर्पण

जब दुर्गा पूजा का पर्व नजदीक आता है, तो एक अद्भुत उल्लासमय वातावरण हो जाता है, एक अदभुत शांति उत्पन्न होती है जैसे धरती भी देवी की आराधना में लीन हो गई हो। मैं गर्व से कह सकती हूँ कि मैं झारखंड की संस्कृति का हिस्सा हूँ, जहाँ हर उत्सव में जीवन के गहरे अर्थ और आध्यात्मिकता का समावेश होता है। इस लेख में, मैं साझा करना चाहती हूँ कि कैसे दुर्गा पूजा हमारे युवाओं के विकास के लिए एक अनमोल अवसर है।



### अच्छाई की विजय: एक सांस्कृतिक परंपरा

दुर्गा पूजा का संदेश—अच्छाई की बुराई पर विजय—झारखंड की सांस्कृतिक विरासत में गहराई से निहित है। यहाँ, हर गाँव और शहर में नवरात्रि के दौरान भव्य पूजा और रचनात्मक झांकियाँ आयोजित की जाती हैं। इस दौरान, हम देवी दुर्गा के विभिन्न रूपों का सम्मान करते हैं, जो न केवल हमारी आस्था को मजबूत करती हैं, बल्कि हमें यह भी सिखाती हैं कि बुराई का सामना कैसे करना है। एक अध्ययन के अनुसार, जब युवा इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं, तो उनका आत्म-सम्मान और सामाजिक उत्तरदायित्व बढ़ता है । यह बात हमें बताती है कि कैसे हमारी परंपराएँ न केवल धार्मिक हैं, बल्कि नैतिक और सामाजिक विकास का भी आधार बनती हैं।

### योग और ध्यान: आत्मा की पहचान

दुर्गा पूजा के दौरान जब हम उपवास रखते हैं और ध्यान करते हैं, तो यह हमें आत्म-निरीक्षण और शांति का अनुभव कराता है। झारखंड की मिट्टी में बसी योग की परंपरा, जो आदिवासी समाजों में भी प्रचलित है, हमें सिखाती है कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का क्या महत्व है।

हाल के शोध में पाया गया है कि योग का नियमित अभ्यास न केवल तनाव को कम करता है बल्कि समग्र जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाता है (ड्४ें१, 2021)। जब युवा इस ज्ञान को आत्मसात करते हैं, तो वे अपने जीवन में संतुलन और स्पष्टता प्राप्त करते हैं।



- शीला सिंह

> आइए, हम सभी मिलकर इस दुर्गा पूजा को एक नया अर्थ दें—एक ऐसा अर्थ जो न केवल हमारे लिए, बल्कि हमारे समाज और देश के लिए भी उपयोगी हो। मेरा विश्वास है कि हम इस रास्ते पर चलकर एक बेहतर, एकजुट और सशक्त भारत की दिशा में बढ़ सकते हैं। माँ दुर्गा का दूसरा नाम जितना और बुद्धि है जो लोग ऐसा नहीं समझते हैं या जिनकी बुद्धि में ये बात नहीं आती है उनके लिए भी खाली हैं।

### सामुदायिक सहभागिता: एकजुटता की शक्ति

दुर्गा पूजा का पर्व झारखंड में एक सामुदायिक उत्सव की तरह मनाया जाता है, जहाँ हर कोई अपनी भागीदारी निभाता है। पूजा के दौरान भोग, सजावट और आयोजनों में शामिल होना, सामूहिकता का अहसास कराता है। एक अध्ययन में यह स्पष्ट किया गया है कि सामुदायिक गतिविधियों में भागीदारी से व्यक्तियों में सहयोग और संवाद कौशल विकसित होते हैं । जब हम झारखंड में दुर्गा पूजा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं, तो यह हमारे युवाओं को यह सिखाता है कि एकजुटता में ही शक्ति है। वे अपने समुदाय के प्रति जिम्मेदार बनते हैं और समाज में बदलाव लाने की प्रेरणा पाते हैं।

### नवाचार का संगम: परंपरा और आधुनिकता

आज के डिजिटल युग में, दुर्गा पूजा एक ऐसा मंच है जहाँ परंपरा और नवाचार का संगम होता है। झारखंड के युवा अपनी रचनात्मकता को प्रकट करते हैं—ईको-फ्रेंडली प्रतिमाएँ बनाते हैं और सोशल मीडिया पर लाइव पूजा कार्यक्रम का प्रसारण करते हैं। यह न केवल उत्सव की भव्यता को बढ़ाता है बल्कि नई पीढ़ी को अपने परंपराओं से जोड़ता है।

एक अध्ययन में यह पाया गया है कि नई तकनीकों का उपयोग करने वाले युवा अपनी सांस्कृतिक पहचान को और भी बेहतर तरीके से समझ पाते हैं (शे१, 2022)। यह हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम इस उत्सव को केवल एक धार्मिक अनुष्ठान मानते हैं या इसे एक सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन के आंदोलन के रूप में स्वीकार करते हैं।

### एक उज्ज्वल भविष्य की प्रेरणा देती मां दुर्गा और नवरात्रि का उत्सव

दुर्गा पूजा का पर्व हमारे लिए एक ऐसा अनूठा अवसर है, जो हमें न केवल अपनी जड़ों से जोड़ता है बल्कि एक सशक्त भविष्य की दिशा में भी ले जाता है। जब हम इस पर्व को समझते हैं और इसे अपने जीवन में लागू करते हैं, तो हम एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण करते हैं जो न केवल सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करती है, बल्कि उन्हें नई ऊँचाइयों तक भी पहुँचाती है।

आइए, हम सभी मिलकर इस दुर्गा पूजा को एक नया अर्थ दें-एक ऐसा अर्थ जो न केवल हमारे लिए, बल्कि हमारे समाज और देश के लिए भी उपयोगी हो।

हम इस रास्ते पर चलकर एक बेहतर, एकजुट और सशक्त भारत की दिशा में बढ़ सकते हैं। माँ दुर्गा का दूसरा नाम जितना और बुद्धि है जो लोग ऐसा नहीं समझते हैं या जिनकी बुद्धि में ये बात नहीं आती है उनके लिए भी खाली हैं प्रकाश परिवर्तन नवरात्रों का सनातन धर्म में अत्यधिक महत्व है। माँ भगवती हमेन पवित्रा 9 दिनों में दिव्यता और असीम शक्ति खबर देते हैं। परिवर्तन में एक अलग ही प्रकार के ऊर्जा और उत्सव का माहौल होता है बरकारर परिवर्तन सनातन धर्म में कोई भी अनुष्ठान बिना किसी वैज्ञानिक करण नहीं होता है हर रस्म हे रिवाज धार्मिक अनुष्ठान का कोई न कोई वैज्ञानिक कारण अनिवार्य होता है आधुनिक युग में हम धार्मिक अनुष्ठानों में धार्मिक अनुष्ठानों को भूलकर केवल नृत्य और संगीत से जुड़ते हैं लेकिन वास्तव में यह नहीं है। अनुष्ठानों के धार्मिक अनुष्ठानों को भूलकर और आध्यात्मिक करण होते हैं।

**(लेखिका अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत हजारीबाग की उपाध्यक्ष सह बीएचयू में योग नेचुरोपैथी विभाग से जुड़ी हैं।)**

## लेटर टू एडिटर

रेवड़ी संस्कृति के खतरे

आज रेवड़ी संस्कृति के दौर में प्रासंगिक लगा। आज राजनीति को रेवड़ी हाथ लग गई है और वह लगातार जनता को अपने मतलब के लिए बेवकूफ बनाकर सत्ता सुख भोग रही है। लोग भी लालच में इतने अंधे हो गए हैं कि उन्हें अपने मतलब के सिवा कुछ और नहीं सूझ रहा। आज एक नीतिगत और जनकल्याणकारी घोषणा पत्र की जरूरत है जो लालच नहीं विकासवादी हो।

**-अमृतलाल सिंह, रांची**

### स्वच्छता जिम्मेदारी

**पीएम** शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान महात्मा गांधी के स्वच्छता के सपनों को साकार करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हालांकि, कुछ राज्यों में स्वच्छता के मामले में सुधार की कमी है। डब्लू एच ओ के अनुसार, भारत में हर व्यक्ति औसतन 6500 रुपये बीमारियों पर खर्च करता है। हमें मिलकर इस दिशा में कदम उठाने की आवश्यकता है। **- रवि, रांची**

## एक्स - ट्वीट

**विश्वास** को हमेशा तर्क से तौलना चाहिए। जब विश्वास अंधा हो जाता है तो मर जाता हैं।सादा जीवन जीने और उच्च विचार में विश्वास रखने वाले महान नेता व स्वतंत्रता सेनानी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर शत शत नमन।

**-रमण बल्लभ, शिक्षाविद**

**मेरे** राजनीतिक जीवन की शुरूआत से ही, मेरा एक ही लक्ष्य था - झारखंड को अलग राज्य बनाना। इस लक्ष्य के लिए मैंने कभी हार नहीं मानी और अपने आदर्शों के साथ खड़ा रहा, टिका रहा।

**-सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

# इजराइल-ईरान संघर्ष बढ़ा पूरी दुनिया पर प्रभाव पड़ना निश्चित

**ललित मोहन बंसल, लॉस एंजेल्स से**

सामयिक

**ईरान** ने खाड़ी में अपने वर्चस्व के लिए आतंकवादी संगठनों-लेबनान में हिज्बुल्लाह, फि लिस्तीन-गाजा में हमास और यमन में हाउती को खूब पाला-पोसा। अब इन्हीं की गलतियों की सजा अगर ईरान भुगतता है तो वह समझ ले कि शिया आतंकवादियों के माई-बाप आयतुल्ला खुमैनी को खाड़ी में सिर छुपाने की भी जगह नहीं मिलेगी?

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहु विवश होते जा रहे हैं कि वह अपनी अंतिम चाल चल दें, वहीं रूस खुले तौर पर और चीन दबे स्वर में इजराइल को घेरने की कोशिश में हैं। अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर खेमेबंदी जारी है। ध्यान में यह भी रहे कि अमेरिका में अगले महीने राष्ट्रपति चुनाव हैं। प्रतिष्ठा के इस चुनावी माहौल में डेमोक्रेट को चुनाव जीतना है तो राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस को इजराइल के पक्ष में खुल कर सामने आना होगा।

बेंजामिन नेतन्याहु ने ईरान की ओर से किए गए करीब डेढ़ सौ मिसाइल और ड्रोन हमलों के तुरंत बाद कैबिनेट मीटिंग में फैसला कर लिया कि ईरान ने दूसरी बार मिसाइलों व ड्रोन से सीधे हमला कर बड़ी भारी गलती कर दी है और जल्दी ही इसका करारा जवाब दिया जाएगा।

लेबनान में हिज्बुल्लाह के मुखिया हसन नस्त्रुल्लाह और उसके करीब एक दर्जन कमांडरों को मौत के मुँह में धकेलने के हफ़्ते-दस दिन बाद आयतुल्लाह खुमैनी के इशारे पर सोमवार रात ईरान ने इजराइल की राजधानी तेल अवीव और धर्मस्थल यरूशलम के पश्चिम तथा अन्याय शहरों को करीब डेढ़ सौ मिसाइलों और ड्रोन का सीकर बनाया है। मिसाइलों से हमले के लिए अमेरिका और इजराइल पहले से तैयार थे। वहीं, नेतन्याहु प्रशासन की नजरें व्हाइट हाउस पर टिक गयीं। बेंजामिन नेतन्याहु ने अपने मंत्रिमंडल में एक स्वर में फैसला कर लिया। वहीं, आयतुल्ला खुमैनी को इजराइल पर मिसाइल छोड़ने पड़े क्योंकि गत जुलाई में राष्ट्रपति मसूद पेशकियाँ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने आए हमास के पॉलिटिकल चीफ इस्माइल हानिये को तेहरान में ही लक्ष्यभेदी मिसाइली हमले में मार गिराया था। इसके बाद लेबनान में हिजबुल्ला के प्यादों को पेजर बम, बॉकी-टॉकी बम से हैरान परेशान किया तो अब हिजबुल्ला चीफ हसन नस्त्रुल्लाह समेत अनेक कमांडरों को जमींदोज कर दिया। हसन नस्त्रुल्लाह को तो इजरायली सेना ने सटीक निशाना साधते हुए जमीन के 200 फीट नीचे बने सुरक्षित बंकर में ही मौत की नींद सुला दिया। इससे हिजबुल्ला, हमास सहित ईरान और खुमैनी द्वारा पोषित सभी आतंकवादी घबरा गए और उनमें भगदड़ मचने लगी। इन्हें रोके रखने के लिए ही ईरान ने इजरायल पर निशाना साध कर मिसाइलें दागीं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने भारतीय समयानुसार मंगलवार शाम को इजराइल के सेना मुख्यालय सहित तेल अवीव और यरूशलम को निशाना बनाते हुए दूसरी बार एक असाधारण कृत्य किया है। इससे पहले इजराइली सेना मंगलवार सुबह सुबह लेबनान के दक्षिण में अपने टैंकों और बख्तरबंद गाड़ियों के साथ दलबल सहित घुस गई थी। उसने एक दिन पूर्व गाँव और बस्तियों को खाली करने की पहले चेतावनी दे दी थी। इस घटना पर मध्य पूर्व के इस्लामिक देशों में मातम पसरा हुआ है और जगह जगह से पलायन जारी है। बता दें, पिछली अप्रैल के बाद ईरान ने यह दूसरी बार इजराइल पर मिसाइल से बड़ा हमला किया है।

इस घटना पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने गहरी चिंता जताई है। बुधवार को सुरक्षा परिषद् की बैठक बुलाई गई है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने लेबनान में भारी तबाही और हिज्बुल्लाह के मुखिया हसन नस्त्रुल्लाह की ह्यहत्याह्न किये जाने पर इजराइल की कड़ी निंदा करते हुए तत्काल युद्ध विराम की माँग की है। चीन के प्रवक्ता ने भी इजरायली हमलों में हिज्बुल्लाह के मुखिया साहित दर्जन कमांडरों को लक्ष्य भेदी मिसाइलों से मार गिराये जाने पर इजराइल की निंदा की है।

इजराइली प्रशासन का आरोप है कि पिछले वर्ष सात अक्तूबर से गाजा पट्टी के लड़ाकों के साथ-साथ लेबनान में हिज्बुल्लाह के लड़ाकों ने इजराइल के उत्तर में रॉकेट लांचर छोड़ते हुए साठ हजार यहूदियों को घर-बेघर करने में का दुस्साहस किया, वर्तमान संघर्ष उसी का परिणाम है। अमेरिका पहले दिन से कहता आ रहा है कि इजराइल उसका मित्र देश है। उनकी सुरक्षा करना अमेरिका का दायित्व है। इजरायल ने भी कह दिया है कि ईरान ने यह अब तक की सबसे बड़ी भूल कर दी है और इसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ेगा।

# गुमला विधानसभा में भूषण तिर्की और मिशिर कुजूर आमने-सामने!



**पंकज प्रसून**

चुनाव 2024

**हम** गुमला विधानसभा के दौरा पर थे। रात गुमला शहर में गुजारने के बाद तकरीबन सुबह 7.30 हम गुमला विधानसभा के अलग-अलग इलाकों में निकले...

गुमला के वर्तमान विधायक हैं झामुमो के भूषण तिर्की.... 2019 के विधानसभा चुनावों में झामुमो के भूषण तिर्की ने भाजपा के मिशिर कुजूर को मात्र 7667 वोट से पराजित किया था।

पिछले चुनाव में मिशिर कुजूर के हारने के कारणों के बारे में पूछने पर खोरा बस्ती के रोहित बताते हैं कि कांग्रेस-झामुमो में गठबंधन हुआ, उस वक्त रघुवर दास के खिलाफ एंटी-इंकंबेंसी भी थी, तत्कालीन विधायक शिवशंकर उरांव का टिकट कटने से भी शिवशंकर उरांव के लोग नाराज थे और मिशिर कुजूर पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे थे, चुनाव लड़ने में अनुभव की कमी भी उनके हार का कारण रही।

गुमला से पालकोट के रास्ते बढ़ने पर डुमरडीह मोड़ है...वहां हमें बताया गया कि सकलदेव सिंह के पास इलाके की राजनीति की जानकारी है... हम डुमरडीह मोड़ पहुंचे, पर शकलदेव सिंह जी से मुलाकात नहीं हो सकी...वहीं डुमरडीह मोड़ पर आम लोगों से गुमला विधानसभा की राजनीति पर सवाल किया तो उन्होने कुछ ऐसे समझाया....ईसाई और मुस्लिम करीब-करीब महागठबंधन के साथ ही जाएंगे। जनरल कास्ट ज्यादातर भाजपा के साथ हैं...असली लड़ाई सरना वोटों की है। जो ज्यादा सरना वोट लाएगा, अंत में जीत उसी की होगी।

डुमरडीह मोड़ से करीब एक-दो किलोमीटर आगे बढ़ने पर हमें बसंत उरांव नाम के आदिवासी युवक मिले। उन्होने बताया कि झामुमो से भूषण तिर्की का टिकट लगभग तय है। अब भाजपा के किसे टिकट मिलेगा, इसपर ही चुनाव परिणाम काफी हद तक डिपेंड करेगा।

भाजपा से कौन-कौन टिकट की रेस में हैं? इसके जवाब में बसंत उरांव जी कहते हैं कि क्षेत्र में तो पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव और पिछली बार के उम्मीदवार मिशिर कुजूर की ही चर्चा है।



गुमला विधानसभा क्षेत्र में कुल 5 प्रखण्ड हैं

**1. गुमला2. रायडीह**
**3. चैनपुर4. डुमरी**
**5. जारी**

स्थानीय पत्रकारों से बात करने पर उन्होने बताया कि शिवशंकर उरांव चैनपुर प्रखण्ड के रहने वाले हैं। वहां उनकी पकड़ अच्छी है।

वहीं रायडीह, गुमला शहर और डुमरी के लोग मिशिर कुजूर को ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

जारी प्रखण्ड में हमें एक और नाम सुनने में आया, वो है दिलीप बड़ाईक का...लोगों ने बताया कि दिलीप बड़ाईक का जारी में कुछ ईसाई मतदाताओं पर भी प्रभाव है...वे भी भाजपा की ओर से विधानसभा के टिकट की दावेदारी कर रहे हैं।

सुदर्शन भगत के बारे में पूछे जाने पर स्थानीय लोगों ने बताया कि पुराने नेता हैं, पर क्षेत्र में उतना एक्टिव नहीं हैं... सांसद थे, इसलिए कुछ सिलेक्टिव लोगों के पास ही आते जाते हैं।

एक बुजुर्ग से दिखने वाले शख्स किसी कृष्णा सिंह कांट्रेक्टर के बारे में बोलते बोलते चुप हो गए। बहुत पूछने पर भी उन्होंने नहीं बताया। सिर्फ. इतना कहा कि पत्रकार हैं तो आप खुद पता लगा लें।

सबसे ज्यादा क्षेत्र में कौन घूमता है ? इस सवाल के जवाब में अधिकांश लोगों ने मिशिर कुजूर का नाम लिया...

गुमला टावर चौक पर फल की दुकान लगाने वाले अजय उरावं बताते हैं कि पिछली बार मिशिर कुजूर सिर्फ. सात हजार वोट से हार गया, पर इसके बाद से लगातार पांच साल वो गांव-गांव दौड़ता रहा...हर छोटे-मोटे फंक्शन पर बुलाने पर वो जरूर आते हैं...सुदूर गांवों में बहुत लोगों की मदद की है...उनके कम मार्जिन से हारने पर थोड़ी सहानुभूति भी है।

शिवशंकर उरांव के बारे में पूछने पर डुमरी के एक स्थानीय पत्रकार ने बताया कि शिवशंकर उरांव ने काम बहुत किया था, पढ़े लिखे प्रोफेसर हैं, लेकिन उनसे आम शिकायत यही है कि वो ज्यादा रांची में रहते हैं। उनसे पब्लिक का संपर्क होना मुश्किल है...एक नौजवान ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि

वो फोन ही नहीं उठाते? हम क्या करें?

**निष्कर्ष:**

स्थानीय लोग मानते हैं कि भूषण तिर्की के मुकाबले भाजपा शिवशंकर उरांव या मिशिर कुजूर को ही टिकट दे सकती है। पर अधिकांश लोगों ने बताया कि मिशिर कुजूर को टिकट मिला तो इस बार वो भूषण तिर्की को हरा सकते हैं । वैसे भाजपा ने टिकट फाइनल नहीं किया है लेकिन झामुमो के भूषण तिर्की और भाजपा के जो भी घोषित उम्मीदवार होंगे उनके बीच कड़ें टक्कर की संभावना गुमला विधानसभा क्षेत्र में है।

(लेखक एनएमएफ से जुड़ें हैं।)

## स्पीड न्यूज

### बापू के बताए रास्ते पर चलें : डीसी



रामगढ़। गांधी जयंती पर बुधवार को मुक्तिधाम संस्था ने थाना चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समाधि स्थल पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सहित शहर के गण्यमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया कर बापू को नमन किया। इसके बाद मुक्तिधाम संस्था द्वारा निर्माण कराए गए नए शेड और शव दाह के लिए बनाये गये तीन चूल्हों का लोकार्पण किया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी को यह संकल्प लेना चाहिए की हम बापू के बताए मार्ग पर चलेंगे उन्होंने कहा कि बापू के बताए मार्ग पर चलकर ही समूचे विश्व का कल्याण हो सकता है। उपायुक्त ने मुक्तिधाम संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा की यहां के विकास के लिए समाज सेवा से जुड़े लोग सहयोग कर रहे हैं।

### कुजू : सारूबेड़ा में काम हुआ शुरू

कुजू। सीसीएल कुजू क्षेत्र के सारूबेड़ा परियोजना में अपराधियों द्वारा धमकी दिए जाने के बाद बुधवार को कार्य सुचारू हुआ। हालांकि लोकल सेल में एक भी ट्रक कोयला लोड होकर नही निकला। सारूबेड़ा न्यू खदान, ओसीओ उत्पादन कार्य चालू रहा। वही सीसीएल कर्मी कार्यालय में कार्य करते रहे। वही कांटा घर मे सन्नाटा पसरा रहा। सुरक्षा कर्मी भी तैनात दिखे। विदित हो कि दो दिन पूर्व दो नकाबपोश व हथियारलेश अपराधी सारूबेड़ा परियोजना के कांटा घर पहुंच कर बात नहीं होने तक काम बंद करने की धमकी दी थी।

### बाइक चोरी को लेकर दिया आवेदन

कुजू। बाइक चोरी होने को लेकर कुजू निवासी सूरज कुमार ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि गत दिनों कुजू साप्ताहिक गुरुवार बाजार में सब्जी लेने के लिए अपनी बाइक संख्या जेएच24डी–0715 से गया था। इस बीच बाइक को भुनेश्वर साव के राशन दुकान के पास खड़ा कर सब्जी लेने चला गया। वापस आने पर बाइक वहां नही देखा। काफी खोजबीन किये जाने के बाद भी कुछ नही पता चला। उन्होंने कुजू पुलिस से छानबीन कर बाइक बरामदगी करने का आग्रह किया है।

### सौंदा डी में ग्रामसभा आयोजित



भुरकुंडा (रामगढ़)। सौन्दा डी पंचायत भवन में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री व भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुखिया उपेंद्र शर्मा और पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। उपेंद्र शर्मा ने दोनो के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मौके पर पंचायत के उप मुखिया संजय भारती, वार्ड सदस्य किरण देवी, सुबोध रजक, ऐनजिना एक्का,नरेंद्र कुमार व अन्य मौजूद थे।

### रजरप्पा में स्वच्छता अभियान



रजरप्पा। सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रजरप्पा क्षेत्र में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन हुआ। महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने कहा कि इस वर्ष की थीम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थी, जिसका प्रमुख उद्देश्य स्वच्छता को केवल एक अभियान या कार्य नहीं, बल्कि एक आदत और संस्कार के रूप में स्थापित करना था। सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र ने इस विषय को आत्मसात करते हुए स्वच्छता के प्रति लोगों की सोच को बदलने और इसे जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया। यह अभियान पूरी तरह से जनभागीदारी और सामूहिक प्रयासों पर आधारित रहा।

### भुरकुंडा में स्वयंसेवको ने की सफाई



भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान में स्वच्छता ही संस्कार कार्यक्रम के तहत भुरकुंडा, भदानीनगर सहित विभिन्न क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह ने कहा कि पढ़ाई-लिखाई के साथ हमसबों को देश के प्रति भी अपने कर्तव्यों का सही से निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिराज, हसनैन, आयुष, आस्था, प्रीति, लकी, राशि, अंजिली, सुमन, स्नेहा, नैना, रोहित, संतोष, पारुल, अर्जुन, पंकज, कोमल, राहुल, सुनीता, तमन्ना व अन्य का योगदान रहा।

### पीवीयूएनएल में गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनी



भुरकुंडा (रामगढ़)। पीवीयूएनएल में बुधवार को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कंपनी के सीईओ आरके सिंह, महाप्रबंधक (एचओडी) रीता सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर आरके सिंह ने महात्मा गांधी के आदर्शों की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और स्वतंत्रता संग्राम आंदोलनों की चर्चा की। सभी अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी। स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का समापन 2 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती के अवसर पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बताया गया कि 17 सितंबर से शुरू हुए स्वच्छता अभियान के दौरान पीवीयूएनएल में स्वच्छता सहित कई कार्यक्रम चलाये गये। जिनका उद्देश्य स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था।

# पीएम ने 80 हजार करोड़ से अधिक की योजनाओं का किया लोकार्पण

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

- 40 एकलव्य विद्यालयों का उद्घाटन किया और 25 की आधारशिला भी रखी
- पीएम-जनमन के तहत कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

हजारीबाग। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को झारखंड के हजारीबाग में 80,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया, 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) का उद्घाटन किया और 25 ईएमआरएस की आधारशिला रखी। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने झारखंड की विकास यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कुछ दिन पहले सैकड़ों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए अपने जमशेदपुर आगमन को याद किया। श्री मोदी ने पीएम आवास योजना के तहत झारखंड के हजारों गरीबों को पक्के मकान सौंपने का जिक्र किया। आदिवासी समुदायों के सशक्तिकरण और कल्याण से जुड़ी आज की 80,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आदिवासी समुदायों के प्रति सरकार की प्राथमिकता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज की परियोजनाओं के लिए झारखंड और भारत के लोगों को बधाई दी।

महात्मा गांधीजी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी कल्याण के प्रति उनकी दृष्टि और विचार भारत की पूंजी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी का मानना था कि भारत तभी प्रगति कर सकता है जब आदिवासी समाज तेज गति से प्रगति करे।

प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा की धरती से की जा रही है। प्रधानमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर झारखंड से पीएम-जनमन योजना की शुरूआत की गई थी। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि 15 नवंबर, 2024 को जनजातीय गौरव दिवस पर भारत पीएम-जनमन योजना की पहली वर्षगांठ मनाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम-जनमन योजना के माध्यम से देश के उन आदिवासी क्षेत्रों तक विकास का लाभ पहुंच रहा है, जो पीछे रह गए थे। श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पीएम-जनमन योजना के तहत आज लगभग 1350 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई। योजना के बारे में चर्चा करते हुए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सबसे पिछड़े आदिवासी क्षेत्रों में बेहतर जीवन के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा।

झारखंड में अपने पहले वर्ष में ही पीएम-जनमन योजना की कई उपलब्धियों के बारे में चर्चा करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि 950 से अधिक अति पिछड़े गांवों में हर घर में पानी पहुंचाने का काम पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में 35 वनधन विकास केंद्रों को भी मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री ने सुदूर आदिवासी क्षेत्रों को मोबाइल कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए किए जा रहे कार्यों पर भी प्रकाश डाला, जो प्रगति के समान अवसर प्रदान करके आदिवासी समाज को बदलने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि जब आदिवासी युवाओं को शिक्षा और अवसर मिलेंगे तो आदिवासी समाज आगे बढ़ेगा। इसके लिए, श्री मोदी ने कहा कि सरकार आदिवासी क्षेत्रों में एकलव्य आवासीय विद्यालय बनाने के अभियान में जुटी है। प्रधानमंत्री ने आज 40 एकलव्य आवासीय विद्यालयों के उद्घाटन और 25 नए विद्यालयों की आधारशिला रखने का जिक्र करते हुए कहा कि एकलव्य विद्यालयों को सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाना चाहिए और उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार ने प्रत्येक विद्यालय का बजट भी लगभग दोगुना कर दिया है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सही प्रयास किए जाने पर सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आदिवासी युवा आगे बढ़ेंगे और देश को उनकी क्षमताओं से लाभ मिलेगा। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### 63,000 आदिवासी गांवों का होगा विकास : मोदी

मोदी ने कहा कि वर्तमान सरकार आदिवासी उत्थान पर अधिकतम ध्यान दे रही है और आज धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत, लगभग 80,000 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 550 जिलों में 63,000 आदिवासी बहुल गांवों का विकास किया जाएगा। मोदी ने बताया कि इन आदिवासी बहुल गांवों में सामाजिक-आर्थिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम किया जाएगा और इसका लाभ देश के 5 करोड़ से अधिक आदिवासी भाई-बहनों तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी समाज को भी इससे बहुत लाभ होगा।

# रामगढ़ में एक क्विंटल प्रतिबंधित मांस बरामद, युवक और युवती गिरफ्तार

## मामले की हो रही है जांच : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। नईसराय में बुधवार सुबह मारुति कार से एक क्विंटल प्रतिबंधित मांस बरामद। पुलिस ने चालक और एक युवती को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। इस संबंध में बताया जाता है की गुप्त सूचना के आधार पर रामगढ़ जिले में प्रतिबंधित मांस तस्करों को पुलिस की मदद से पकड़वाने वाले हिंदू रक्षा दल के दीपक मिश्रा ने बताया की उन्हें सूचना मिली थी की नईसराय में प्रतिबंधित मांस को खपाने के लिए लाया जा रहा है। कहा की उसे पकड़ने के लिए उन्होंने अन्य हिंदू संगठन के लोगों से संपर्क कर रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप स्थानीय निवासियों के साथ खड़े हो गए। अहले सुबह करीब 3:40 बजे रांची से मारुति 800 कार जेएच 01ए 5060 आती दिखी जिसे स्थानीय लोगों ने रोका। गाड़ी को नईसराय बस्ती निवासी 24 वर्षीय सरफराज आलम पिता मो.समीमुल्लाह चला रहा था और साथ में एक लड़की सिमरन परवीन पिता मोहम्मद ऐजाज पता नईसराय बस्ती वाहन में साथ थी। कहा की गाड़ी की जांच करने पर उसने बोरे में भरा प्रतिबंधित मांस मिला। पूछताछ में आरोपी ने बताया की उसने पतिबंधित मांस इरबा निवासी मोहम्मद इम्तियाज से लिया है। वहीं, मामले में एसपी अजय कुमार ने कहा की दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस मुस्तैद है। वहीं, मामले के संबंध में पूछे जाने पर एसपी अजय कुमार ने कहा की प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया है और मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कुछ लोग हैं जो समाज में गैर कानूनी कार्य से मतभेद पैदा करने का प्रयास करते हैं। एसपी ने उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान सोशल मीडिया में भड़काउ पोस्ट करने से बचें और एक दूसरे के धर्म का सम्मान करें।

### धरना दे रहे मजदूरों से मिले संजय मिश्रा



भुरकुंडा (रामगढ़)। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बरका सयाल के क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने बुधवार को पिछले सात दिनों से सयाल परियोजना के पीएसएमई कंपनी गेट के समक्ष धरना पर बैठे मजदूरों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। मौके पर मजदूरों ने संजय मिश्रा को बताया कि पीएसएमई द्वारा गलत ढंग से मजदूरों के साथ वेतन में गड़बड़ी किया जाता रहा है। इसी को ले हमसभी पिछले सात दिनों से धरना पर बैठे हैं। मजदूरों की समस्या सुनने के बाद संजय मिश्रा ने कहा कि जायज मांगों को प्रबंधन अनदेखी करेगी तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### लायंस क्लब ने मनाया गांधी व शास्त्री की जयंती



गांधी व शास्त्री को श्रद्धांजलि देते क्लब के सदस्य।

भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत लायंस क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद व विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने गांधी एवं शास्त्री के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद सबों ने दोनों महापुरूषों के तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि पूज्य बापू के सिद्धांत आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि गांधी जी की जयंती मनाने का सही अर्थ सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलकर बुरा न देखो, बुरा न कहो, बुरा न सुनो के सिद्धांत को आत्मसात करना होगा। लायन अशोक सिन्हा ने गांधी जी ने अहिंसा परमो धर्मः का नारा दिया था।

# शिवराज सिंह चौहान ने आइसीएआर का किया दौरा

## स्थानीय लोगों को नियुक्ति में दें प्राथमिता : कृषि मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता



बरही। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को आईसीएआर (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) गौरियाकरमा का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण गतिविधियों में भाग लिया और ग्रामीणों की समस्याओं को समझने का प्रयास किया। चौहान ने आईसीएआर के कई भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान की कार्यप्रणाली, अनुसंधान का जायजा लिया। चौहान ने पौधारोपण किया।उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर जोर दिया और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधे न केवल पर्यावरण की सुरक्षा में योगदान देते हैं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी यह अमूल्य धरोहर हैं। कृषि मंत्री ने स्थानीय ग्रामीणों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए कहा कि यहां आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी उन्हें समय पर नहीं दी जाती है और वे इन आयोजनों से वंचित रह जाते हैं। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की जानकारी ग्रामीणों तक समय पर पहुंचाई जाए। स्थानीय लोगों को रोजगार में मिले प्राथमिकता : कृषि मंत्रीकेंद्रीय मंत्री से ग्रामीणों ने कहा कि संस्थान में इससे पहले स्थानीय युवाओं को रोजगार पर रखा गया था परंतु हाल के दिनों में सभी को निकाल दिया गया है। जिसपर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आईसीएआर में स्थानीय लोगों को नियुक्तियों में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में जब भी कोई नियुक्ति हो, तो स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर दिए जाएं। मौके पर पूर्व सांसद सुनील सिंह, भाजपा पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, नेता सीनियर वैज्ञानिक एस.के. महंता, वैज्ञानिक पंकज कुमार सिन्हा, सीएओ दिलीप राय, दीपक कुमार गुप्ता, भोला सिंह समेत संस्थान के वैज्ञानिक व स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### आइलेक्स पब्लिक स्कूल में गांधी व शास्त्री की जयंती मनी, छात्रों ने की सफाई




बरही। गांधी जी और शास्त्री जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल के विभिन्न ब्रांचों पंचमाधव, गोरियाकरमा, बड़कागांव, गाड़ीकला, बरकठा और पांडेयबारा में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी ब्रांचों में छात्रों ने पहले स्कूल परिसर और फिर अपनी कक्षाओं की साफ-सफाई की। इसके बाद, विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने गांधी जी और शास्त्री जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गांधी जी अमर रहें और शास्त्री जी अमर रहें के नारे लगाए। नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के छात्रों ने महान विभूतियों के आदर्शों को पेश किया। कक्षा 1 से 10 के बच्चों ने गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों को साझा किया। साथ ही उनके आदर्श भारत और शास्त्री जी के सिद्धांतों पर आधारित एक परिचर्चा का आयोजन भी किया गया। विशेष रूप से पंचमाधव ब्रांच में कल और आज का भारत विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें गांधी जी द्वारा चलाए गए आंदोलनों की सफलता और असफलता पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान दीपज्योति, प्रियंका, आरुषि, प्रिया चाहत, पायल, अनुष्का, आर्यन, मोहित, रोशन, परी, सृष्टि, वैष्णवी, अनुराग और अन्य बच्चों के प्रयास काफी सराहनीय रहे। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि गांधी जी के आदर्शों को विद्यार्थी जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उनका जीवन सादा जीवन और उच्च विचार का प्रत्यक्ष उदाहरण है। शास्त्री जी हमें सिखाते हैं कि सफलता के बाद भी हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इंसान अपने रूप से नहीं, बल्कि अपने कार्यों से पहचाना जाता है।

### रामचंद्र प्रसाद ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन



इचाक। सिझुआ स्कूल के मैदान में मंगलवार को कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ,जेएलकेएम पार्टी के विचारधारा एवं पार्टी के नीतियों तथा कार्य प्रणाली पर बातचीत की गई। इसमें जेएमएम गठबंधन एवं एनडीए सरकार में कामकाज एवं नीतियों पर चर्चा की गई। इसके बाद रामचंद्र प्रसाद कैसे इन दोनों सरकारों से अलग काम करेंगे इसपे उन्होंने अपने विचार रखा। उनको अगर बरकठा विधानसभा से टिकट मिलता है तो वो जीतेंगे और जीतने की विधायक अपने छेत्र से बने है उनसे बहुत बेहतर काम करेंगे। उन्होंने सेंसिटिव जोन के वजह से बेरोजगारी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि अगर वो जीतते है तो इस विधानसभा में इस मुद्दे को उठाकर इसका समाधान जरूर लाएंगे। सम्मेलन में बोकारो के डॉक्टर जगदेव महतो, मुकेश मेहता,बोंगा पंचायत मुखिया उमेश प्रसाद मेहता, पंचायत समिति मुरली मेहता समेत दर्जनों पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति, जिला परिषद, वार्ड सदस्य विजेता, पूर्व मुखिया एवं पंचायत समिति तथा अनेकों जनप्रतिनिधि, दरिया के विजय मेहता सहित बरकठा विधानसभा से 6 से 7 हजार लोग मौजूद थे।

### अटल विचार मंच ने मनायी गांधी व शास्त्री की जयंती

बरही। अटल विचार मंच बरही विधानसभा के मुख्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती बड़े उत्साह और हर्ष के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के वरिष्ठ नेता शैलेंद्र सिन्हा ने की। उन्होंने महात्मा गांधी और शास्त्री जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शैलेंद्र सिन्हा ने कहा कि हम सब राष्ट्रपिता बापू और शास्त्री जी का भारत, अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलकर बनाने में अपना पूरा सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, शास्त्री जी और अटल जी को कभी भी व्यक्तिवादी न मानते हुए कहा कि वे सबको साथ लेकर चलने में विश्वास रखते थे। इस अवसर पर राजेंद्र स्वर्णकार, छोटी देवी भारतीय, विनोद कुमार मेहता, ओमप्रकाश सिंह, रवि कुमार दास, तपेश्वर साहू बिनोद कुमार मेहता, ओम प्रकाश सिंह, रवि कुमार दास, गोविंद भगत, राजेंद्र सोनी, शंभू माली, धरम दास, लिलधारी दास, धनेश्वर राम, सूरज राम, चिंटू कुमार दास, जगदीश चौधरी, महेश चौरसिया, प्रभात सिन्हा, अमित कुमार सिन्हा, अशोक कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की जानकारी अटल विचार मंच के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दी।

### स्कूल के दीवार में अनियमितता का आरोप



बरही। उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिला में जिला परिषद मद के तहत हो रहे चाहरदीवारी के निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह निर्माण कार्य गुणवत्ता के मानकों पर खरा नहीं उतर रहा है, जिससे उनकी नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। निर्माण कार्य में इस्तेमाल की जा रही सामग्रियों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने निम्न क्वालिटी की ईंटों के प्रयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी ईंटें जल्द ही खराब हो सकती हैं, जिससे दीवार कमजोर बनेगी। इसके अलावा, निर्माण में उपयोग हो रही छड़ और बालू भी मानक स्तर के अनुरूप नहीं है। ग्रामीणों ने यह भी आशंका जताई कि यदि इसी तरह का कार्य जारी रहा, तो चाहरदीवारी लंबे समय तक टिकने योग्य नहीं होगी और भविष्य में इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। जूनियर इंजीनियर सुभाष कुमार ने बताया कि 78 लाख की लागत से निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें बाउंड्री, डाइनिंग हॉल और टॉयलेट का निर्माण होना है। उन्होंने कहा कि जब कार्य शुरू हुआ था, तब उन्होंने स्थल और काम की जांच की थी। हालांकि, यदि ग्रामीणों द्वारा किसी प्रकार की शिकायत या आरोप लगाए जा रहे हैं, तो कार्य की गुणवत्ता की पुनः जांच की जाएगी और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### एनडीए की सरकार बनेगी: चौधरी



कुजू। आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के नेतृत्व में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का श्री राम चौक कुजू में भव्य स्वागत किया गया। श्री चौधरी हजारीबाग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहना कर व पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि राज्य में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। साथ ही हेमंत सोरेन सरकार का सफाया तय है। राज्य में डबल इंजन की सरकार से दोगुना विकास होगा। स्वागत करने वालों में मांडू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, लालचंद महतो, तेजनाथ महतो तेजू, गुड्डू सिंह, हेमलाल महतो, शंकर नायक, राजू नायक, संटू चौधरी, नितेश गुप्ता, कोलेश्वर महतो, पारस महतो, राधे ठाकुर, फूलेश्वर साव, अजय नायक, सुनील महतो, विक्रम महतो, पिंटू करमाली, रवि महतो, शंकर करमाली, राकेश नायक, विकास पटेल, अक्षय भारती सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बलिदानियों के सम्मान के लिए जयंती मनाना जरूरी

स्पीड न्यूज

## विधायक राजेश कच्छप की पहल पर लगा ट्रांसफॉर्मर

**अनगड़ा।** प्रखंड के अनगड़ा पंचायत के बेजनाथ टाटा में खिजरी विधायक राजेश कच्छप के पहल से बुधवार को 100 केवीए का नया बिजली का ट्रांसफार्मर लगाया गया ।उक्त बिजली ट्रांसफार्मर पिछले चार दिनों से खराब था ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी की लहर देखी गयी । इस मौके पर एक बुर्जुग महिला के साथ प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के पदधारियों और कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया ।मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा प्रखण्ड अध्यक्ष एतवा उरांव महिला अध्यक्ष सरीता देवी सचिन नायक अजय आर्या अनीता देवी यशोदा देवी उमा देवी पिंकी छोटेलाल महतो दुतीलाल करमाली सहित ग्रामीण मुकेश कुमार महतो अजय करमाली, बेनीलाल महतो, संजय महतो इत्यादी उपस्थित थे।

## बुढ़मू के मक्का में निकला गांधी जतरा

**बुढ़मू।** गांधी जयंती पर बुधवार को मक्का में गांधी जतरा का आयोजन किया गया। जतरा का उदघाटन जतरा कमेटी के द्वारा गांधी जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि स्वामी देवेंद्र प्रकाश, इंदिरा तुरी, सुरेश बैठा शामिल हुए। इन्होंने अपने संबोधन में गांधी जी के आदर्शों में चलने की बात कहीं और कहा कि सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चल कर बड़ी से बड़ी कठिनाई का हल निकाला जा सकता है। जतरा में शामिल हुए ग्रामीणों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसका ग्रामीणों ने जमकर लुत्फ उठाया। जतरा के सफल आयोजन में नंदलाल पहान, विकास साहु, राजू साहु, नसरूद्दीन अंसारी, मजलूम अंसारी, सुरेंद्र साहु, देवलाल पाहन सहित अन्य का सराहनीय योगदा रहा।

## आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़ पोषाहार और बर्तन की चोरी

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के लपरा विकास नगर बुध बाजार के पास बने आंगनबाड़ी केंद्र में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ कर पोषाहार सहित खाना बनाने वाला उपकरण चोरी कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार आंगन बड़ी केंद्र मिनी सेंटर संचालन कर्ता जयंती देवी ने बताया कि रोजाना की तरह बच्चों को लेकर केंद्र पहुँचे। आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचने पर देखा कि गेट का ताला टूटा हुआ है। केंद्र के अंदर जाने पर देखा कि रसोई रूम का ताला टूटा था। रसोई घर खोल कर देखा तो पता चला कि एक भरा हुआ गैस सिलेण्डर, चावल एक बोरा, दाल,चीनी,गुड़ सहित खाद्यान समान गयाब पाया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में हुई चोरी की घटना की जानकारी लपरा मुखिया पुतुल देवी व मैक्लुस्कीगंज पुलिस को दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। केंद्र में चोरी की घटना के बारे मामला दर्द किया गया।

## अज्ञात स्कार्पियो ने बाइक सवार को रौंदा

### ●युवक का बायां पैर टूट कर हो गया अलग

**रातू।** थाना क्षेत्र के कोकड़े में बुधवार को दिन के पौने तीन बजे हृदय विदारक घटना घटी। इसे देख राहगीर सहम गये। काठीटांड़ चौक से घर लौट रहे स्प्लेंडर मोटर साइकिल जेएच 02 वाई 5065 पर सवार युवक जोधा प्रजापति को विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात स्कार्पियो ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे उसका बांया पैर कट कर सड़क की दूसरी छोर पर जा गिरा। स्थानीय लोगों की पहल पर उसे 108 एम्बुलेंस की मदद से रिम्स ले जाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बतायी जा रही है। वह बुढ़मू के उमेडंडा केदली का रहने वाला है। प्रजापति दो बच्चे का बाप है। घटना की सूचना मिलते ही पत्नी सदमे में बेहोश हो गयी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त स्प्लेंडर को थाने ले आयी है। स्कार्पियो का भी पता लगाया जा रहा है।

## जयंती पर याद किये गये बापू और शास्त्रीजी

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** दो अक्टूबर को ओरमांझी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर दोनो महापुरूषों को प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित केंद्र रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा देष के लिए अपने जीवन कुर्बान करने वाले बलिदानियों को सम्मान देने के लिए देष के माहापुरूषों की जयंती मनान जरूरी है। कहा स्कूल कालेज में पढ़ने वाले छात्र हो या युवा सभी को देष के बलिदानियों की गाथा बताना जरूरी है। दोनो माहापुरूषों को श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जीतुचरण राम, प्रमुख अनुपमा देवी, उपप्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, बीडीओ विजय कुमार, सीओ उज्जवल सोरेन, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय कुमार महतो उर्फ धीरज, पूर्व अध्यक्ष रणधीर चैधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, वार्ड संघ के अध्यक्ष सत्मराज कुषवाहा, मानकी राजेंद्र शाही, अमरनाथ चौधरी, लक्ष्मण साहू, संजीत सिंह, चतुर साहू, शषि मेहता, अजय साहू, राजधाम साहू, विक्रांत तिवारी, सुनील नायक, कृष्णा साहू, ओमप्रकाश साहू सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थें। इसके अलावा कांग्रेस कमिटी प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार के नेतृत्व में दोनो माहापुरूषों को श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, सुरेश प्रसाद साहू, रशीद अंसारी, मुबारक अंसारी, पूर्व मुखिया रमेशचंद्र उराव, बाबूलाल महली, हरिमोहन महतो, सुरेंद्र उराव, सत्यनारायण साह, तौहीद आलम, फिरोज अंसारी, सोहराई बेदिया, कासीनाथ पाहन, संजीत बेदिया, सूजन कुमारी, बेलाल अंसारी, सजाद अंसारी, किरण देवी, सुनील सिंह, रवि पाहन, रंजीत पाहन आदि शामिल थें।



गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते संजय सेठ।

## बापू-शास्त्रीजी का रूप धर बच्चों ने निकाली रैली

**ओरमांझी।** डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल मेसरा में महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली बच्चों को देष के बलिदानी व महापुरुषों की जानाकरी दी गई। बच्चों ने कार्यक्रम के माध्यम से देष के बलिदानियों को कहानी बताया और खुद भी देष के महापुरुषों की जीवनी से प्रेरणा लिया। इससे पूर्व स्कूल के बच्चों ने दोनो महापुरूषों के अलावे देष के कई बलिदानियों का रूप धारण कर रैली निकाली। तिरंगा झंडा लिए रैली में शामिल बच्चें भारत माता के साथ देश के महापुरुषों की जयकाररा लगा रहे थे।



## उमवि महावीर नगर में बापू और शास्त्रीजी की मनी जयंती

**खलारी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला के प्रांगण में मोहनदास करमचंद गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जयंती मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय सभी बच्चों के बीच पांच पौधे का वृक्षारोपण के साथ विद्यालय प्रांगण में महापुरुषों के छाया चित्र पर पुष्प माल्यार्पण किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के बीच महापुरुषों के बारे बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन विश्व अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। ये भारतीय राजनीतिज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता और वकील थे जो ब्रिटिश शासन के खिलाफ आंदोलन हेतु नेता बने थे। इनके अनमोल वचन हैं,हमारे जीवन का उद्देश्य दूसरों की सहायता करना है और जियो ऐसे जैसे कल मरना है, सीखो ऐसे जैसे हमेशा जिंदा रहना है तथा भारत के दूसरे प्रधानमंत्री अपने सरल स्वभाव के साथ देश के प्रति समर्पण और सद्भाव उनकी अलग पहचान था। हमे उनके मार्ग में चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित बाल संसद मंत्रियों का सराहनीय योगदान रहा।



# अधिवक्ता गोलीकांड : दो महिला समेत आठ पर केस

## जमीन विवाद का है मामला, फैसले से आरोपी बौखलाये



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के ब्रजपुर गोलीकांड को लेकर हाई कोर्ट के घायल अधिवक्ता बबन प्रसाद के बयान पर रातू थाने में दो महिला समेत आठ के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। सभी आरोपी मेदिनीनगर सुदना के ही हैं। इसमें अखिलेश महतो, निरंजन महतो, जितेंद्र मेहता, सरोज मेहता, अनिता मेहता, मनोज मेहता, अनुज मेहता और रामलखन दुबे शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, बबन के पिता सुखदेव महतो और आरोपियों में जमीन का विवाद चल रहा था। न्यायालय से उनके पक्ष में फैसला आया है। पलामू जिला प्रशासन ने कोर्ट के आदेश पर 28 जुलाई को दखल देहानी भी करा दिया। आरोपियों ने जमीन और मकान छीन जाने के भय से जान मारने की नियत से उनपर गोली चलवाई। कोर्ट के फैसले से वह बौखला गये हैं।

### आरोपी जल्द ही गिरफ्त में आयेंगे

सीनियर एसपी के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं होने पर अधिवक्ता संघ ने नाराजगी जतायी है। थानेदार आरएन सिंह ने दावा किया कि आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### जेएनडी ने की अधिवक्ता पर हमले की निंदा

**रातू।** झारखंड नवनिर्माण दल की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता बबन प्रसाद पर हुये जानलेवा हमले की कड़ी निंदा की गयी है। केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तार किये जाने की मांग की है। उन्होंने जानकारी दी कि 6 अक्टूबर को भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, मानव तस्करी, पलायन व महिला उत्पीड़न जैसे गंभीर समस्याओं से झारखंड को बचाने को लेकर आयोजित होने वाले महापंचायत में बढ़ते अपराध के भी मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जायेगा। श्री सिंह ने बताया कि इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

## गांधी जयंति पर नवागढ़ में विशेष ग्राम सभा

**अनगड़ा।** गांधी जयन्ती के शुभ अवसर पर आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ में बुधवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में पंचायती राज्य विभाग भारत सरकार के सलाहाकार चन्द्रानी शाहा शामिल हुई। कार्यक्रम में गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । स्वराज के 75 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में 75 बर्ष के बुजूर्गो को सम्मानित किया गया साथ हीं ग्रामीणों ने पंचायत को स्वच्छ और नशामुक्त बनाने का भी शपथ लिया। मौके पर श्रीमती शाहा ने पंचायत में हो रहे कार्यो पर कहा कि इसी तरह का काम आगे भी हो ताकि लोगों को लाभ मिले।

एक नजर में

## हुंडरू फॉल में चला स्वच्छता अभियान



**सिकिदीरी।** गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को हुंडरू फॉल में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में फॉल के सभी पर्यटन कर्मी शामिल हुए। फॉल परिसर और मेन गेट से बाहर फैले बोतल, प्लास्टिक, कैन आदि एकत्रित कर डिस्पोज किया गया। फॉल आने वाले पर्यटकों एवं दुकानदारों से फॉल को प्लास्टिक मुक्त पर्यटन स्थल बनाने की अपील की गई। मौके पर झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद बालेश्वर बेदिया, हरिचरण बेदिया नागेश्वर बेदिया, बुधराम बेदिया, मेघनाथ बेदिया, मनोज बेदिया,चंद्रउदय बेदिया,लालो देवी,कोशिला देवी, राजेश बेदिया, महेश्वर बेदिया रंजन बेदिया,विष्णु कुमार बेदिया, जितवाहन बेदिया आदि पर्यटनकर्मी उपस्थित थे।

## हाथी पीड़ितों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण



**सिकीदीरी।** सिकिदिरी के मुटा गांव में जंगली हथियों द्वारा प्रभावित परिवार के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। हाथियों द्वारा एक दर्जन ग्रामीणों के घर को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा रांची ग्रामीण के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष बुधराम बेदिया के नेतृत्व में पीड़ित परिवार के बीच चावल, दाल व अन्य खाद्य सामग्री बांटी गई। हथियों द्वारा घर तोड़े जाने और खाद्य सामग्री बर्बाद किए जाने के बाद पीड़ित परिवार के समक्ष खाने के लिए कुछ नहीं बचा था। मौके पर बलकु उरांव, नंदलाल राम, सुरेश लोहरा, निर्मल पाहन जसपुरिया सिंह आदि ने वितरण में सहयोग किया।

## असलम अंसारी बने अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष

### झामुमो प्रखंड समिति के विभिन्न इकाई का किया गया गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** झामुमो विभिन्न इकाई के कार्यकर्ताओं की बैठक बुधवार को काठीटांड चौक स्थित हॉल में हुयी। इसमें कमेटियों का गठन किया गया। असलम अंसारी अल्पसंख्यक समिति के अध्यक्ष चुने गये। शाहिद अंसारी व अफरोज अंसारी उपाध्यक्ष, अभय गिरी लकड़ा सचिव, वसीम अकरम कोषाध्यक्ष, सह सचिव संदीप तिग्गा सयुंक्त सचिव हबीब अंसारी, संगठन सचिव अशरफुल अंसारी को चुना गया। युवा मोर्चा के लिये अध्यक्ष अमन साहू, उपाध्यक्ष रूपेश साहू व राजू कु तिग्गा, सचिव सोनू नायक, संगठन सचिव गोलू वर्मा, कोषाध्यक्ष पुष्प राज सोनी को बनाया गया। क्रीड़ा मोर्चा में अध्यक्ष विक्रम उरांव, उपाध्यक्ष नूर हसन मंसूरी, सचिव आशीष बाखला, सह सचिव कुलदीप उरांव, संगठन सचिव नाहिद मंसूरी, कोषाध्यक्ष राम तिग्गा उरांव बनाये गये। इसके साथ ही मोर्चा प्रखंड समिति के सचिव के पद पर दिनेश तिग्गा एवं उपाध्यक्ष सिंदबाज खान को चुना गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, शमीम मंसूरी, सुजीत कुजूर, विलियम रिचर्ड लकड़ा, परवेज आलम गुड्डू, सबीबूल रहमान, सोनू मुंडा, अशोक मुंडा, महावीर विश्वकर्मा, अनमोल रतन आदि नेता उपस्थित थे। उन्होंने नवगठित कमेटियों के पदधारी का स्वागत किया।

## समिति का गठन : अध्यक्ष भीम यादव व सचिव बने टुकन मुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखण्ड के चुरी दक्षिणी पंचायत के शामू टोंगरी टोंगरी शिव मंदिर परिसर में ग्रामीणों की एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता भीम यादव व संचालन कारू यादव ने किया। बैठक में शामू टोंगरी में ग्रामीणों की मदद से शिव मंदिर का निर्माण कार्य 2019 में बंद हो गया था। जिसे पुनः सुचारू करने के लिए शामू टोंगरी मंदिर समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष भीम यादव, उपाध्यक्ष देवलाल यादव,सचिव टुकन मुंडा, उपसचिव कारू यादव, सह सचिव सुरेश महतो, कोषाध्यक्ष कामेशवर महतो, उप कोषाध्यक्ष सूरज यादव, सह कोषाध्यक्ष मिथुन नायक ,संरक्षक सोनू यादव, अजय यादव, युगेश यादव, विजय यादव,उमेश यादव, मोहन यादव, संरक्षक कुलदीप महतो, राजेश महतो, प्रदीप नायक, संजय नायक, सह संरक्षक पवन यादव, दीपक महतो, बॉबी यादव, महेंद्र यादव, सक्रिय सदस्य कृष्णा यादव,अरविंद मुंडा, बिनोद यादव,सोनू महतो, राजू महतो,भोला यादव, जागेश्वर मुंडा,दामोदर मुंडा, राजेंद्र यादव,अजय मुंडा,उदय यादव,छोटू नायक,पवन नायक सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# स्थानीय निजी वाहनों को टॉल से मुक्त रखने के लिए प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** रिंग रोड एनएच 33 पर अवस्थित टॉल प्लाजा पर 20 किलोमीटर के दायरे पर चलने वाले निजी वाहनों को टॉल शुल्क फ्री करने, टॉल प्लाजा में रिंग रोड परियोजना से विस्थापित जमीन दाता बेरोजगार युवकों को नौकरी देने इत्यादि मांग को लेकर विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं के नेतृत्व में बुधवार को स्थानीय ग्रामीणों ने टॉल प्लाजा का घेराव और प्रदर्शन किया । ज्ञात हो कि मंगलवार से हेसल टॉल प्लाजा से टैक्स की वसूली शुरू कर दी गयी है और स्थानीय लोगों की नीजी वाहनों से भी टैक्स की वसूली की जा रही थी साथ हीं स्थानीय लोगों को टॉल प्लाजा में काम पर नहीं रखा गया है जिससे ग्रामीण आक्रोषित हो गए मंगलवार को भी पूर्व विधायक रामकुमार पहान के नेतृत्व में टॉल प्लाजा का घेराव किया गया था। सूचना पाकर बुधवार को स्थानीय विधायक राजेश कच्छप भी टॉल प्लाजा पहुंच कर टॉल प्लाजा से टैक्स वसूली करने वाले कम्पनी के प्रबंधक प्रमोद राय और कम्पनी के मालिक से बात की विधायक ने प्रबंधक से 25 किलोमीटर के परिधि से चलने वाले निजी वाहनों से कर वसूली में छूट देने तथा 75 प्रतिशत स्थानीय को टॉल प्लाजा में काम पर रखने को कहा।

## असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर : दीपक कुमार सिन्हा



**सिकिदिरी।** दुर्गा पूजा को लेक्सर बुधवार को सिकिदिरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई ।बैठक में दोनों समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों,दुर्गा पूजा समिति और अंजुमन कमेटी के पदाधिकारियों के अलावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने भाग लिया। बैठक में सदस्यों ने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा ने लोगों से जिला प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन के तहत ही दुर्गा पूजा का पर्व मनाने की अपील की ।कहा कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर पूर्व मुखिया श्रवण कुमार मुंडा,विक्की सिंह वालिया,खालिक खान, सुजीत कुमार, शफीक अंसारी, सिकंदर बेदिया, महानंद मिश्रा, ब्रजकिशोर प्रसाद, संजीव गोस्वामी, प्रवीण कुमार उपाध्याय, सुखराम पाहन, सुरेश कुमार महतो, वीरेंद्र मुंडा, अजय करमाली, मनीष बेदिया, फुलचंद पाहन आदि उपस्थित थे।

## गेतलसूद डैम में सोलर प्लांट लगाने का विरोध करेगा घांसी समाज

**अनगड़ा।** झारखंड राज्य घासी समाज संघ की एक बैठक गेतलसूद नहर के पास सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी शिक्षा विद् प्रो डॉ अशोक कुमार नाग उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ रीझु नायक ने किया। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि पुरे झारखंड की घासी समाज गेतलसूद डैम में सोलर पैनल लगने का विरोध के हर तरह आन्दोलन में बढ़ चढ़ कर साथ देंगे। मुख्य अतिथि डॉ नाग ने सम्बोधन में कहा कि संगठित होकर रोजी रोजगार को बचाने के लिए प्रजातांत्रिक तरीके से आन्दोलन धरना प्रदर्शन और कानूनी लड़ाई लड़ने की जरूरत है। समाज के सभी तपके के लोगों को समर्थन में आगे आने की आवश्यकता है।

# वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए जगरूकता जरूरी

## बिरसा जैविक उद्यान में वन्य प्राणी सप्ताह कार्यक्रम




रैली में शामिल उद्यान कर्मी नारा लगाते हुए।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भगवान बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी में दो से आठ अक्टूबर तक चलने वाली वन्यप्राणी सप्ताह को लेकर बुधवार को एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली उद्यान परिसर से निकाली व चकला मोड़ से शात्री चैक होते हुए वापस उद्यान लौटी। इस दौरान उद्यान पदाधिकारियों के साथ रैली में शामिल कर्मी व स्कूली बच्चें हांथो में बैनर व तख्ती लिए, जीवों का न करें संहार धरती मां की यही पुकार, मनुष्य तभी बचेगा जब जीवों का देगा सम्मा, बाघ भालू हांथी सब हम सबके साथी आदि नारा लगा रहे थें। रैली में उपस्थित उद्यान के निदेषक मुख्य वन संरक्षक जब्बर सिंह ने कहा धरती को बचाना है तो वन्य जीवों को बचाना होगा। वन्य संरक्षण के लिए जागरूकता जरूरी है। वहीं उद्यान के पषु चिकित्सक डा. ओपी साहू व वनक्षेत्र पदाधिकरी गायत्री देवी ने बताया वन्य प्राणी सप्ताह के दौरान क्षेत्र के स्कूली बच्चों के बीच चित्रांकण व निबंध लेखन सहित कई प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें उद्यान कर्मी व पषुपालकों को बीच क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन होगा। विजेता छात्रों व वन्य कर्मियों के सम्मापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

### रैली में हुए शामिल

रैली में मुख्य रूप से एसीएफ अषोक कुमार, वनक्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू कुमार, जीव विज्ञानी सारथी मंडल, विवेकानंद कुमार, वनरक्षी ललन कुमार, राकेष अवस्थी, निर्णय तिग्गा, मुकेष कुमार, अमित कुमार, शषिभुषण कुमार, आसीफ खान व उद्यान कर्मी आदि शामिल थें।

# स्वच्छता का संदेश गांधी के जीवन मूल्यों में सबसे उपर




सत्यनारायण गुप्ता

स्वच्छता को लेकर महात्मा गांधी ने कहा था, मैं किसी को भी अपने दिमाग से गंदे पैर लेकर नहीं गुजरने दूँगा। गांधी के इस दर्शन पर भी चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान शुरू करते हुए कहा था, 'न मैं गंदगी करूंगा, न मैं गंदगी करने दूंगा।' सार्वजनिक समारोहों में उनकी यह सोच अक्सर परिलक्षित होती है। किताब आदि के विमोचन के दौरान रैपर आदि को वे मोड़कर अपनी जेब में रख लेते हैं। इससे देश के अधिसंख्य लोगों ने प्रेरणा ली है और उस पर अमल भी कर रहे हैं।

स्वच्छता अभियान की सफलता ही कहेंगे कि देश के बारह करोड़ घरों में शौचालय बन चुके हैं। स्वच्छ भारत अभियान की एक दशक की यात्रा में न केवल शौचालय कवरेज में भारी वृद्धि हुई है, बल्कि खुले में शौच की कुप्रथा तकरीबन खत्म हो गयी है। स्वच्छता का मतलब सिर्फ सफाई ही नहीं, खाने-पीने की चीजें भी स्वच्छ होनी चाहिए। इस लिहाज से हर घर नल जल योजना को भी स्वच्छ भारत अभियान से जोड़ सकते हैं। जिसके तहत पाइप से स्वच्छ पानी की आपूर्ति की कवरेज दस सालों में 16 प्रतिशत से बढ़कर 78 प्रतिशत हो गई है। देश में धुएं के प्रदूषण से महिलाओं को रोजाना दो-चार होना पड़ता था। उज्वला योजना के जरिए इस दिशा में स्वच्छ भारत अभियान को सफल कहा जा सकता है। इस योजना के तहत 11 करोड़ घरों में रसोई गैस का कनेक्शन पहुंच चुका है।

स्वच्छ भारत अभियान से स्वास्थ्य के मोर्चे पर बड़ा बदलाव आया है। हालही में विश्व प्रसिद्ध पत्रिका नेचर में स्वच्छ भारत अभियान के बाद आए भारत में बदलावों के शोध पर आधारित एक लेख छपा था। इससे पता चलता है कि स्वच्छ भारत अभियान गेम चेंजर बन गया है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित आलेख कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान और ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के एक शोध पर आधारित है। जिससे पता चलता है कि खुले में शौच की कुरीति खत्म होने के बाद और शौचालय क्रांति से देश में शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। शोध पत्र में कहा गया है कि खुले में शौच की कुरीति के खत्म होने से हर वर्ष करीब 60 हजार से 70 हजार शिशुओं की मृत्यु को रोकने में सफलता मिली है। शोध पत्र के अनुसार, वर्ष 2000 से 2015 की तुलना में वर्ष 2015 और 2020 के बीच शिशु मृत्यु दर एक तिहाई रह गई...इसके आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2000 और 2015 के बीच शिशु मृत्यु दर में जहां तीन प्रतिशत वार्षिक की गिरावट रही, वहीं बाद में यह गिरावट आठ से नौ प्रतिशत ज्यादा हुई। इसी तरह 2000 और 2015 के बीच की तुलना में बाद के वर्षों में शिशु मृत्यु दर में 10 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। इस लेख मुताबिक, साल 2014 में शिशु मृत्यु दर जहां 39 अंक थी, वह साल 2020 में घटकर 28 रह गई।



स्वच्छता अभियान की सफलता की कहानी विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट भी करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, स्वच्छता अभियान के चलते 2014 से 2019 के बीच डायरिया से होने वाली मौत के करीब तीन लाख मामले कम हुए, जो इसके पहले की अवधि में ज्यादा थे। इसी रिपोर्ट के मुताबिक, खुले में शौच की कुरीति खत्म होने से हर परिवार के स्वास्थ्य पर होने वाले करीब 50 हजार रूपए सालाना के खर्च की बचत हुई है। इसके साथ ही भूजल की गुणवत्ता भी पहले की तुलना में बेहतर हुई है। शौचालय क्रांति के चलते अब करीब 93 प्रतिशत महिलाएं अपने घरों में ज्यादा सुरक्षित महसूस करती हैं। क्योंकि अब उन्होंने शौच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ा।

स्वच्छ भारत अभियान साल 2020 से संपूर्ण स्वच्छता अभियान में तब्दील किया जा चुका है। जिसके लिए एक लाख चालीस हजार करोड़ की रकम आवंटित की गई है।

जाहिर है कि स्वच्छता के मोर्चे पर देश ने बहुत कुछ हासिल किया है। लेकिन यह कहना अभी जल्दीबाजी होगी कि देश ने इस दिशा में सबकुछ हासिल कर ही लिया है। लेकिन अब भी देश के कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां का मानस सार्वजनिक स्वच्छता को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध और सचेत नहीं हो पाया है। जरूरी इस वर्ग को पूरी तरह प्रतिबद्ध और सचेत करना है। स्वच्छता में ढिलाई बरतने वाले तंत्र के दंडात्मक विधान की व्यवस्था करनी होगी, तभी आज का भारत प्राचीन भारत की तरह पूरी तरह स्वच्छ हो पाएगा।

## स्वच्छ भारत अभियान से गांधी जी का पूरा होता सपना

उमेश चतुर्वेदी

स्वच्छ भारत अभियान के एक दशक पूरे हो गए हैं। इस दौरान स्वच्छता के मोर्चे पर देश ने बहुत कुछ हासिल किया है। ऐसा नहीं कि भारत में स्वच्छता की अवधारणा नहीं रही है। भारत के प्राचीन ग्रंथ,सामाजिक व्यवस्था और मंदिर संस्कृति की परंपराएं स्वच्छता की भारतीय धारा की गवाह हैं।

साल 1901 के कोलकाता के कांग्रेस अधिवेशन में दक्षिण अफ्रीका से हिस्सा लेने पहुंचे गांधी को अजीब अनुभव हुआ। प्रतिनिधियों को ठहरने वाले शिविर में सफाई की हालत बेहद खराब थी। कई प्रतिनिधि ऐसे थे, जिन्होंने उन कमरों के बाहर बने बरामदे का ही शौचालय के रूप में इस्तेमाल कर दिया। दुर्गंध और गंदगी के बावजूद दूसरे प्रतिनिधियों को इस पर कोई ऐतराज नहीं था। लेकिन गांधी जी से बर्दाश्त नहीं हुआ। तब तक वे पश्चिमी वेशभूषा में रहते थे। अधिवेशन में सहयोग के लिए तैनात स्वयंसेवकों से गांधी जी ने स्वच्छता की बाबत बात की, तो उन्होंने टका-सा जवाब दे दिया था, ₹यह हमारा काम नहीं है, यह सफाईकर्मी का काम है।₹ गांधी जी से बर्दाश्त नहीं हुआ। उन्होंने अपने कपड़े उतारे, झाड़ू मंगवाई और वहां मौजूद गंदगी साफ को साफ करने में जुट गए। सफाई के बाद वे फिर से कोट-पैंट में आ गए।

भारतीय राजनीति में तब तक गांधी का सितारा बहुत नहीं चमक पाया था। लेकिन उन्होंने राजनीति की दुनिया में सफाई के विचार का बीज रोप दिया। कोलकाता अधिवेशन में दिखी गंदगी का ही असर कह सकते हैं कि बाद के दिनों में उन्होंने विचार दिया, स्वतंत्रता से ज्यादा जरूरी स्वच्छता है। गांधी के रचनात्मक शिष्यों यथा बिनोबा, ठक्कर बापा आदि ने स्वच्छता और सफाई के इस गुर को बहुत आगे बढ़ाया। लेकिन जिसे मुख्यधारा की राजनीति कहते हैं, उसने स्वच्छता के गांधीवादी दर्शन को उसी रूप में बाद में शायद ही स्वीकार किया। इन संदर्भों में देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले राजनेता हैं, जिन्होंने अहम जिम्मेदारी संभालते हुए स्वच्छता और शौचालय क्रांति की बात की। शायद ही किसी ने सोचा होगा कि कोई प्रधानमंत्री लालकिले की प्राचीर से शौचालय क्रांति की बात करेगा। लेकिन मोदी ने ना सिर्फ शौचालय क्रांति की, बल्कि इसके डेढ़ महीने बाद गांधी जी की जयंती पर 2 अक्टूबर 2014 को खुद ही फावड़ा और झाड़ू उठा लिया। इसके साथ ही देश के सामने एक नया अभियान आया, ह्यस्वच्छ भारत अभियानह्न।

स्वच्छ भारत अभियान के एक दशक पूरे हो गए हैं। इस दौरान स्वच्छता के मोर्चे पर देश ने बहुत कुछ हासिल किया है। ऐसा नहीं कि भारत में स्वच्छता की अवधारणा नहीं रही है। भारत के प्राचीन ग्रंथ,सामाजिक व्यवस्था और मंदिर संस्कृति की परंपराएं स्वच्छता की भारतीय धारा की गवाह हैं। यह कह सकते हैं कि बाद के दिनों में भारतीय स्वच्छता सिर्फ व्यक्तिगत स्वच्छता तक सीमित होकर रह गई थी। भारतीयों के एक बड़े वर्ग की सोच सफाई को लेकर ज्यादा निजी थी। शायद ही कोई भारतीय घर होगा, जहां रोजाना झाड़ू ना लगती हो। स्वच्छ भारत अभियान के पहले होता यह था कि झाड़ू लगती तो थी,लेकिन कूड़ा गली में या सड़क पर या सार्वजनिक जगहों पर फेंक दिया जाता था। प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के शुरू करने के बाद इस सोच में बदलाव आया है। वैसे मानव स्वभाव कोई बिजली का बल्ब नहीं है कि बटन दबाया और जल या बुझ जाएगा। उसमें बदलाव आने में देर होती है। बदलाव को वह जल्दी से स्वीकार नहीं कर पाता। इसीलिए स्वच्छता के मोर्चे पर हम देखते हैं कि सौ प्रतिशत सफलता हासिल नहीं की जा सकी है।

रेलवे लाइनों के किनारे पड़े कूड़े के अंबार अब भी बने हुए हैं। लेकिन स्वच्छ भारत अभियान के दस वर्षों में यह सोच जरूर विकसित हुई है कि निजी ही नहीं, सार्वजनिक स्वच्छता जरूरी है। नई पीढ़ी के बच्चे तो अब बड़े-बड़ों को सार्वजनिक स्थल को गंदा करते देख कर आश्चर्य होता है कि इनकी शिक्षा और दीक्षा किस प्रकार की हुई है।

# नवरात्रि में 9 दिनों तक नहीं होगी कमजोरी, इस तरह से व्रत में रखें फिटनेस का ध्यान

दिव्यांशी

**शारदीय** नवरात्रि का आरंभ 3 अक्टूर से हो रहा है। इस दौरान कई भक्त जन 9 दिनों तक व्रत रखते हैं और सच्चे मन और श्रद्धा के साथ मां की पूजा-अर्चना करते हैं। अगर इस बार आप भी नौ दिनों तक मां दुर्गा का व्रत रखने जा रही हैं, तो इस तरह से रखें फिटनेस का ख्याल।

पितृपक्ष खत्म होते ही नवरात्रि का पर्व 3 अक्टूबर 2024 से आरंभ हो रहा है। नवरात्रि के पावन त्योहार में देवी मां के अलग-अलग रुपों की पूजा-अराधना की जाती है। मां दुर्गा के भक्त नवरात्र के 9 दिनों तक व्रत रखते हैं। धार्मिक नजरिए से हटकर बात करें तो व्रत रखने से बॉडी को कई फायदे मिलते हैं। व्रत रखने से मेटाबॉल्जिम ठीक रहता है। लेकिन, हर किसी के लिए व्रत रखना आसान नहीं होता है। कई लोग केवल पानी पीकर नौ दिन तक उपवास रखते हैं, वहीं कुछ लोग सिर्फ फल खाते हैं। ऐसा करने से कमजोरी भी आ सकती है। व्रत के दौरान इन टिप्स को जरुर फॉलो करें।


### नवरात्रि व्रत में खुद को कैसे रखें फिट

**व्रत समय पर खोलें**

अगर आप 9 दिनों तक व्रत रख रहें हैं, तो व्रत का खाना सात्विक होता है लेकिन इस खाने को घी में बनाया जा सकता है। वहीं, व्रत के खाने से फ्राइड चीजें ज्यादा होती है। इसके लिए आप सही समय पर व्रत खोलें तो अच्छा क्योंकि खाना आसानी से पच जाए और कोई परेशानी न हो।

**नारियल पानी जरुर पिएं**

व्रत के दौरान नारियल का पानी पिए क्योंकि इसमें कई तरह



के पोषक तत्व पाए जाते हैं। वहीं, ये कमजोरी को भी दूर करता है। व्रत में अगर आप पूरे दिन कुछ नहीं खाते हैं तो सुबह के समय पूजा के बाद नारियल पानी पी सकते हैं। पूरे दिन में आप दो नारियल पानी जरुर पिएं।

**हल्का भोजन खाएं**

उपवास के दौरान जरुरी नहीं है कि फलाहारी खाने में सिर्फ कुट्टू के आटे से बनी चीजें हों। आप चाहें तो साबूदाना, समा चावल, राजगीरा की बनीं चीजें भी खा सकते हैं।

**तले हुए भोजन से बचें**

नवरात्रि के व्रत में आपको तला हुआ भोजन नहीं खाना चाहिए या फिर बहुत ही कम खाएं। तला हुआ खाना खाने से सीने में जलन हो सकती है या फिर एसिडिटी की समस्या हो सकती है। इससे बचना सही होगा।

**चाय- कॉफी पीने से बचें**

व्रत के दौरान अत्याधिक मात्रा में चाय-कॉफी पीने से बचना चाहिए। क्योंकि इससे लंबे समय तक खाली पेट रहने से जब आप चाय पिएंगे तो गैस की समस्या हो सकती है और डिहाइड्रेशन भी हो सकता है।

**डिस्क्लेमरः** इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

# महात्मा गांधी की जीवन दृष्टि

**गांधी जयंती (2 अक्टूबर) पर विशेष**

गिरीश्वर मिश्र

गांधीजी का जन्म उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में हुआ था, आधी बीसवीं सदी तक के दौरान वे भारतीय समाज और राजनीति की धुरी बन गए और अब इक्कीसवीं सदी में हम सब उनके मिथक से रूबरू हो रहे हैं। विश्वव्यापी अंग्रेजी साम्राज्य से अहिंसक लड़ाई के साथ उनका स्वाधीन भारत का स्वप्न सत्य हुआ। देश में रचनात्मक बदलाव के लिए वे सबको साथ ले कर चलते रहे। उनकी स्वीकार्यता का दायरा आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक यानी जीवन के सभी क्षेत्रों में निरंतर बढ़ता गया। संयम और आत्म-बल के साथ कर्मवीर गांधी ने जो ठाना उसे पूरा करने के लिए सर्वस्व लगा दिया। समाज के स्तर पर मानव कर्तृत्व की विरल गाथा बना उनका निजी जीवन पीड़ा, संघर्ष और अनिश्चय से भरा था। देश के लिए समर्पण की मिसाल बने गांधीजी अंतिम जन की मानवीय गरिमा की रक्षा के लिए की मोर्चों पर डटे रहे। वे देश के विभाजन और आजादी के साथ शुरू हुई हिंसा से क्षुब्ध और दुखी थे। बंगाल में नोआखाली से लौट दिल्ली में दंगापीड़ितों की सेवा सुश्रूशा में जुट गए।

विभाजन की विभीषिका बड़ी दारुण थी और विचलित तथा हताश गांधीजी ने स्वतंत्र भारत में अपने पहले जन्मदिन यानी 2 अक्टूबर 1947 को दुखी हो कर कहा था कि वे अब जीना नहीं चाहते और विधि का विधान यह हुआ कि वह सचमुच उनका आखिरी जन्मदिन सिद्ध हुआ। पांच बार की असफल कोशिशों के बाद 30 जनवरी 1948 को दिल्ली के बिड़ला हाउस में उनकी हत्या हो गई। गौरतलब है कि गांधीजी स्वतंत्र भारत में करीब पांच महीने जीवित रहे थे और इस बीच यह बूढ़ा सेनानी स्वप्न-भंग से गुजर रहा था। अब कोई उनकी सुन नहीं रहा था। ये दिन उनके लिए बड़े तकलीफदेह थे।

गांधीजी ने अपने जीवन की कथा को पारदर्शी बनाए रखा। सत्य और नैतिकता से जूझती इस कथा को उन्होंने एक खुली किताब कहा। उनका साहस ही था कि वह कह सके कि मेरा जीवन ही मेरा संदेश है। प्रिय-अप्रिय, अच्छे-बुरे हर पहलू को वह सबसे साझा किए। वे सही अर्थों में सत्य



के पुजारी थे और जो भी है वह सत्य है इसलिए उसे झूठ के सहारे छिपाना अपराध ही होता। सत्य पर उनका भरोसा बढ़ता गया और वे कथनी और करनी में एका लाने में लागातार जुटे रहे। तभी वह पहनावा, खानपान और मेलमिलाप आदि सब में सरल भारतीय जीवन शैली को अपना सके। वे प्रामाणिकता की कसौटी पर खरे उतरते रहे। विचार को कर्म में तब्दील करने पर जोर देने वाले गांधीजी परिवर्तन चाहने वाले को खुद अपने में बदलाव लाने के लिए कहते हैं। यह खुद उनकी अपनी जिन्दगी की सीख थी। बहुत हद तक प्रयासपूर्वक संयमित जीवन जीते हुए वह जगत की नियमबद्धता में प्रकट हो रहे परमात्मा में आस्था और विश्वास रखते थे। चूँकि नजरिए स्वाभाविक रूप से भिन्न होते हैं विविधता सहज संभाव्य होती है। गैर-जानकारी में लोग अपने से अलग दूसरी दृष्टियों को गलत या हीन ठहराने लगते हैं। गांधीजी अपनी प्रार्थना सभा में सभी प्रमुख धर्मों की प्रार्थनाओं को शामिल करते थे। वे मानते थे सभी एक ही तत्व से बने हैं इसलिए कोई अछूत नहीं और किसी का भी स्वामित्व नहीं। सभी ट्रस्टी हैं इसलिए (अपना हक न जमाते हुए) त्यागपूर्वक भोग करना चाहिए। गांधीजी धैर्य और दृढ़ता के साथ सत्य (ईश्वर), अहिंसा (प्रेम) और अपरिग्रह (जरूरत भर संग्रह) जैसे विचारों को अमली जामा पहनाते रहे और दैनन्दिन जीवन में शामिल करते रहे। इस दृष्टि से उनकी उर्वर मानसिकता और सृजनशीलता असंदिग्ध है।

भारत और विदेश में हो रहे अनुभवों को समेटते और पचाते हुए गांधीजी खुले मन से मानवीय चेतना के आत्म-बोध को रचते रहे। वे कई अर्थों में समकालीनों से अलग हट कर गांधीजी ने अपना रास्ता बनाया और उस पर चलने की तैयारी की थी और जोखिम उठाकर भी उस पर चलते रहे। गांधीजी देश के लम्बे स्वतंत्रता-संग्राम में दो दशकों तक केंद्र-बिन्दु रहे। इसके पहले दाक्षिण अफ्रीका में के दो दशक की अवधि में सामाजिकझ्रराजनैतिक कार्यकलाप में बीती थी जिनमें नस्लवाद और साम्राज्यवाद का तीव्र विरोध शामिल था। वे भारतीय समुदाय के साथ काम करते हुए संघर्ष की शक्ति को जाना पहचाना। आत्मविश्वास से भरे गांधीजी ने अखबार निकालने के साथ सामाजिक चेतना के लिए प्रयास किए। उनका निजी अध्यवसाय भी चलता रहा और मानव स्वभाव की गहनता को समझते रहे। 1915 में भारत लौटने पर वे एक सजग-सशक्त सत्याग्रही और नेतृत्व के लिए प्रस्तुत थे। स्थानीयता पर जोर देते हुए वैश्विक मानव-बोध के पक्षधर गांधी जी अपनी सभ्यता की खूबियों के साथ उसकी कमियों को भी स्वीकार करते हैं। वे स्वदेश, स्वभाषा और स्वराज के खास तौर पर हिमायती हैं। वे ऐसे स्वराज की कल्पना करते हैं जिसमें समाज के अंतिम जन की आवाज भी मायने रखती है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मेडिकल कॉलेज चुनते समय कभी न करें जल्दबाजी, जरूर चेक करें ये जरूरी चीजें



पंकज कुमार

**आंख** मूंदकर किसी भी मेडिकल कॉलेज को चुनने से पहले आपको कुछ चीजें खासतौर पर चेक करती चाहिए। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि मेडिकल कॉलेज चुनते समय किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

आज के समय में हर स्टूडेंस अपने लिए एक अच्छे कॅरियर की तलाश में रहता है। बहुत सारे स्टूडेंट्स डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं, जिसके लिए हर छात्र एमबीबीएस या बीडीएस की पढ़ाई के लिए अच्छे से अच्छे मेडिकल कॉलेज में एडमिशन लेना चाहता है।

लेकिन कौन सा मेडिकल कॉलेज अच्छा है, यह भी पता होना बेहद जरूरी होता है। बता दें कि मेडिकल कॉलेज चुनना एक अहम फैसला होता है। इसलिए मेडिकल कॉलेज चुनने के दौरान जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।साथ ही आंख मूंदकर किसी भी मेडिकल कॉलेज को चुनने से पहले आपको कुछ चीजें खासतौर पर चेक करती चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मेडिकल कॉलेज चुनते समय किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

### रैंकिंग

सबसे पहले भारत में मेडिकल कॉलेज की रैंकिंग देखें। वह कॉलेज नेशनल लेवल पर कैसा है, स्टेट लेवल पर कैसा है। क्योंकि अच्छी रैंकिंग वाले कॉलेज ज्यादा अच्छे माने जाते हैं। आप राज्य और देश के सभी मेडिकल कॉलेजों की रैंकिंग के साथ लिस्ट बना सकते हैं। आप चाहें तो इसके लिए एआइआर रैंकिंग की मदद लें ।

### मरीजों की संख्या

मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मरीजों की संख्या पर भी जरूर ध्यान दें। जैसे वह मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल कितने बेड वाला है, वहां पर कितने मरीज आएंगे। जितने अधिक मरीज होंगे आपको उतना ही सीखने का मौका मिलेगा।

### सुविधाएं

इसके अलावा कॉलेज में आपको क्या-क्या सुविधाएं आसानी से मिल रहे हैं जैसे- लाइब्रेरी, खेल का अच्छा मैदान और हॉस्टल आदि सुविधाएं हैं या नहीं। इसके अलावा अच्छी हॉस्टल फैसिलिटी, जिम, रोजमर्रा की जरूरत के सामान के लिए स्टोर आदि की सुविधाएं हैं या नहीं।

### स्कोप

जिस मेडिकल कॉलेज में आप एडमिशन लेने की सोच रहे हैं, वहां पर पढ़ाई के क्या मौके हैं औ? भले ही आप टइइर या इउ्र करने जा रहे हैं, लेकिन आपको इस बारे में जरूर जानकारी होनी चाहिए कि वहां पर कौन-कौन से कोर्स पढ़ाए जाते हैं। इससे आपको स्पेशलिस्ट बनने में मदद मिलेगी। वहीं आप अच्छे टीचर और अपने एक्सपीरियंस से काफी कुछ सीख सकते हैं।

### फीस

एमबीबीएस या बीडीएस कोर्स की फीस कितनी है, इस बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। 5 या 6 साल में आपकी एमबीबीएस या बीडीएस की डिग्री के लिए आपको फीस समेत कितने रूपए चुकाने होंगे, इस बारे में जरूर पता लगा लें।

### कॉलेज की मान्यता

यह बेहद अहम बिंदु है। क्योंकि इस समय फजीर्वाड़ा बहुत ज्यादा चल रहा है। देश में कई फर्जी मेडिकल कॉलेज भी खुल गए हैं। तो वहीं कुछ ऐसे कॉलेज भी हैं, जिनको मान्यता नहीं प्राप्त है। इसलिए यह जरूर चेक करें कि उस मेडिकल कॉलेज नेशनल मेडिकल कमीशन , स्टेट मेडिकल काउंसिल, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है या नहीं।

### अन्य जरूरी डिटेल्स

कॉलेज की लोकेशन के बारे में पता कर लें। जिससे कि आप आसानी से आ-जा सकें।

कॉलेज कितना पुराना है।

मेडिकल सीट लीविंग बॉन्ड पॉलिसी क्या है?

उस मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप स्टाइपेंड कितना मिलता है?

### एक्स्ट्रा-करिकुलर एक्टिविटीज

मेडिकल में कंपल्सरी रूरल सर्विस बॉन्ड का नियम क्या है?

स्पीड न्यूज

## गम्हरिया सालमपाथर में रक्तदान शिविर 10 को

**जमशेदपुर।** आदिम जुवान जुमिद गांवता गम्हरिया और नई जिंदगी परिवार के सेट तत्वाधान में आगामी 10 अक्टूबर 2024 को गम्हरिया प्रखंड के सालमपाथर गाँव के प्राथमिक विद्यालय में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर प्रातः 8 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चलेगा। इस बाबत की जानकारी ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर राजेश मार्डी ने दी है। उन्होंने बताया कि कोल्हान क्षेत्र में रक्तदान शिविर करते करते यह शिविर हमारी संस्था नई जिंदगी परिवार का कुल 50वां रक्तदान शिविर होगा यानि गोल्डन जुबली रक्तदान शिविर। अभी से ही क्षेत्र के स्थानीय युवा तैयारी में लग गए हैं और गांव-गांव में जाकर इसका प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इस शिविर में कुल 150 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है। वीवीडीए के सहयोग से जमशेदपुर ब्लड सेंटर की टीम द्वारा रक्त संग्रह किया जायेगा। शिविर का विधिवत् उद्घाटन बोड़ो पीड़ पारगाना बाबा नंदलाल टुडू और गलवान वीर शहीद गणेश हांसदा की माता कापरा हांसदा और पिता सुगदा हांसदा के शुभ हाथों से किया जायेगा। रक्तदान के बाद सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति सम्मान पत्र के साथ-साथ विशेष रूप से उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा और भविष्य में जरूरत पड़ने पर उन्हें रक्त भी उपलब्ध कराया जायेगा।

## बर्मामाइंस पुलिस ने अपराधी को पकड़ा



**जमशेदपुर।** बुधवार की रात 12:20 बजे वमार्माइंस थाना अंतर्गत गांधी मंदिर नियर मनसा मंदिर के पास हथियार का भय दिखाकर रंगदारी मांगने तथा मारपीट करने की सूचना पर जमशेदपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अपराधी को 01 पिस्टल मैगजीन सहित एवं 01 जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## महिलाओं और युवाओं ने थामा आजसू का दामन

**जमशेदपुर।** बुधवार को गदड़ा स्थित ई डी मैरिज हॉल में आजसु पार्टी के तरफ से एक मिलन समारोह रखा गया। इस मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव एवं पूर्व मंत्री झारखंड सरकार रामचंद्र सहिस जी उपस्थित हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला के कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय मालाकार ने किया एवं मंच का संचालन धर्मवीर सिंह ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला के प्रभारी केंद्रीय महासचिव रवि शंकर मौर्य केंद्रीय महासचिव सागेन हँसदा केंद्रीय सचिव धीरज यादव जिला के उपाध्यक्ष चंदेश्वर पांडे उपस्थित हुए।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए सेना और पुलिसकर्मी किये गये सम्मानित

**जमशेदपुर।** सिंहभूम केन्द्रिय वरिष्ठ नागरिक समिति जमशेदपुर द्वारा गांधी घाट पार्क साकची में आज दिन के 11 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक माननीय सरयू राय थे और विशिष्ट अतिथि मजदूर नेता राकेश्वर पांडे और जुस्को के डी जी एम कर्नल अर्नेस्ट पाल थे। जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए केन्द्रीय अध्यक्ष शिव पुजन सिंह ने दोनों महान विभूतियों की जीवनी उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समिति के उद्देश्यों और कार्यों पर प्रकाश डाला। समारोह को कर्नल अर्नेस्ट पाल राकेश्वर पांडे और सरयू राय ने सम्बोधित किया। राकेश्वर पांडे ने कहा कि आज सामाजिक व्यवस्था गिरते जा रही है। भारतीय संस्कृति सभ्यता संस्कार का ह्रास होते जा रहा है। उन्होंने केन्द्रीय समिति से आग्रह किया कि वे शहर के बुद्धिजीवियों की एक विचार गोष्टि का आयोजन करें जिसमें बिगड़ती सामाजिक व्यवस्था पर विचार विमर्श किया जा सके। मुख्य अतिथि सरयू राय ने कहा कि महात्मा गांधी सिर्फ देश को आजाद ही नहीं कराये थे बल्कि आजाद भारत की व्यवस्था की भी कल्पना किये थे।

# सीएम हेमंत पांच को करेंगे एमजीएम अस्पताल, डिमना के नये भवन में ओपीडी सुविधा का उद्घाटन

- स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया नये भवन का निरीक्षण
- स्वास्थ्य सचिव, डीसी, एससपी और सिविल सर्जन रहे मौजूद







एमजीएम हॉस्पिटल, डिमना का निरीक्षण करने जाते मंत्री बन्ना गुप्ता व विभागीय पदाधिकारी। एमजीएम हॉस्पिटल, डिमना के भव्य अस्पताल भवन की तस्वीर।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री, झारखंड श्री हेमंत सोरेन द्वारा एमजीएम मेडिकल कॉलेज परिसर में 500 शय्या अस्पताल के ओपीडी सेवा का शुभारंभ एवं उद्घाटन 05.10.2024 को प्रस्तावित है। इसी क्रम में श्री बन्ना गुप्ता, मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, परिवार कल्याण तथा खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा एमजीएम कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया। मौके पर प्रधान सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड अजय कुमार सिंह, अभियान निदेशक एनएचएम अबू इमरान, जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में मंत्री द्वारा उच्च स्तरीय बैठक कर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा भवन निगम के अभियंता प्रमुख, कार्यदायी एजेंसी एल & टी के प्रतिनिधियों से कॉलेज निर्माण संबंधी अधतन स्थिति की जानकारी ली गयी।

प्रेस प्रतिनिधियों से बातचीत में मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि 751 बेड का एमजीएम अस्पताल वर्तमान में बन चुका है, 131 बेड आईसीयू, 620 बेड जेनरल होंगे। इसी के साथ-साथ 100 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट भी अलग से बनाया जा रहा है जिससे अस्पताल की कुल कैपेसिटी 851 बेड की हो जायेगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल के निर्माण से कोल्हान के साथ-साथ आसपास के जिलों के मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। अस्पताल के सुव्यवस्थित एवं बेहतर संचालन को लेकर समीक्षा किया गया तथा शेष जो संसाधन जरूरी है उसपर चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि जल्द ही यह अस्पताल कोल्हान वासियों की सेवा में समर्पित होगा।

मौके पर सिटी एसपी श्री ऋषभ गर्ग, एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन पूर्वी सिंहभूम डॉ साहिर पाल, सिविल सर्जन पश्चिमी सिंहभूम डॉ जुझार माझी, एनडीसी डेविड बलिहार, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बापू के सत्य, अहिंसा के बताये मार्ग आज भी प्रासंगिक हैं : बन्ना गुप्ता

>> गांधी मैदान में बापू की प्रतिमा पर स्वास्थ्य मंत्री डीसी और एसएसपी ने अर्पित की पुष्पांजलि



गांधी मैदान,मानगो में बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते मंत्री बन्ना गुप्ता व डीसी अनन्य मित्तल।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गांधी जयंती के अवसर पर मानगो गांधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माननीय मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण तथा खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड बन्ना गुप्ता, जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी श्री ऋषभ गर्ग, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री को भी सभी ने उनकी जयंती पर नमन किया ।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि आज हम सभी पूज्य बापू की 155वीं जयंती मना रहे हैं । बापू के सत्य, अहिंसा के बताये मार्ग आज भी हमारे लिए प्रासंगिक है। आजादी के आंदोलन में उनके त्याग, बलिदान हमें प्रेरणा देती है। उनके आदर्श और विचार को समझना होगा। एक ऐसा व्यक्ति जिसने न कभी शस्त्र उठाया, न कभी किसी के प्रति कठोर शब्द बोले लेकिन सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलकर उन्होने अंग्रेजों को खदेड़ने का काम किया।

डीसी अनन्य मित्तल ने राष्ट्रपिता को नमन करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित आदर्श हमारे लिए प्रेरणापुंज है। जिला प्रशासन स्वच्छता के संबंध में तथा महिलाओं को उनके अधिकारों से जागरूक करने, योजनाओं का लाभ देने, स्वच्छ भारत मिशन को गांव-गांव तक पहुंचाते हुए खुले में शौच मुक्त की दिशा में कृत संकल्पित है।

## सिगनेट होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के कोजेट बिंदल का उद्घाटन कल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मैरिन ड्राइव पर स्थित बिंदल मॉल परिसर में होटल कोजेट बिंदल के उद्घाटन 04 अक्टूबर 2024 को निश्चित हुआ है। उक्त जानकारी होटल अनुप गुप्ता, जनरल मैनेजर अमित लाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी।

मौके पर कॉर्पोरेट शेफ रूपम वानिक, एचआर मैनेजर पारोमिता बोस भी उपस्थित थे। कोजेट बिंदल, जमशेदपुर में 46 कमरे हैं, जिसमें एयर कंडीशनिंग, हाई स्पीड इंटरनेट, फ्लैट स्क्रीन टीवी, मिनीबार, चाय कॉफी मेकर, जिम और पर्यावरण के अनुकूल टॉयलेटरीज जैसी समकालीन सुविधाएँ शामिल हैं। कोलंबिया नामक एक बड़ा बैंक्वेट हॉल है, जिसका क्षेत्रफल 16,000 वर्ग फीट। होटल में है। इसमें 1000 से 1200 अतिथियों की एक साथ सभा हो सकती है।

यह बैंक्वेट हॉल टक्कए कार्यक्रमों, भव्य शादियों, कार्यशालाओं और अन्य समारोहों के आयोजन के लिए आदर्श है। यह झारखंड का अब तक का सबसे बड़ा वातानुकूलित बैंकेट हॉल है। इसका संचालन देश के एक प्रसिद्ध होटल समूह द्वारा किया जायेगा, जिसका नाम सिगनेट होटल एंड रिसॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड है। सिगनेट ग्रुप का यह राज्य का पहला होटल है। कोजेट बिंदल के जनरल मैनेजर श्री अमित लाल ने कहा जमशेदपुर में कोजेट बिंदल के उद्घाटन के साथ, हम भारत के बढ़ते मध्य खंड आतिथ्य बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहे हैं।

## पीएम मोदी ने एकलव्य विद्यालय, पोटका का किया ऑनलाइन उद्घाटन

- विधायक पोटका संजीव सरदार, सासंद प्रतिनिधि, जिप सदस्य, जिला कल्याण पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ रहे मौजूद



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका प्रखंड अंतर्गत पोड़ाडीहा पंचायत के मंगलासाई में बने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पोटका का ऑनलाईन उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारीबाग से किया। मौके पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पोटका परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। माननीय सांसद प्रतिनिधि उपेंद्रनाथ सरदार, जिला परिषद सदस्य सूरज मंडल, सविता सरदार एवं सोनमनी सरदार तथा मुखिया दुखनीमाई सरदार उपस्थित रहीं। पोटका विधायक ने कहा कि जनजातिय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की ओर से बनाये गये मॉडल आवासीय विद्यालय का संचालन केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से किया जायेगा। यहां शिक्षक की प्रतिनियुक्ति केंद्र सरकार से किया जायेगा, जबकि शिक्षकेत्तरकर्मी की प्रतिनियुक्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। यहां पढ़नेवाले बच्चे आगे बढ़े और क्षेत्र का नाम रोशन करें, यही कामना करते हैं। इस शैक्षणिक वर्ष में 120-120 आदिवासी छात्र-छात्राओं का नामांकण कक्षा छह में लिया जायेगा। एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय का निर्माण लगभग 17.50 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। वर्तमान में 240 छात्र छात्राओं के पढ़ने एवं आवासीय सुविधा उपलब्ध है।

## गांधी जयंती के दिन रवाना हुआ स्वच्छता का संदेश देने वाला निजी मोटरसाइकिल

- सोनारी के हरेराम दास ने स्वच्छता के लिए की अनोखी पहल
- जयंती नहीं प्रतिदिन लेना होगा स्वच्छता का संकल्प : विकास सिंह



हरेराम दास के स्वच्छता बाइक को रवाना करते भाजपा नेता विकास सिंह।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन सोनारी के रहने वाले हरेराम दास ने अपनी मोटरसाइकिल को स्वच्छता मोटरसाइकिल बनाकर सालों भर स्वच्छता का प्रचार करने का संकल्प लिया। मानगो के गांधी मैदान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा में पुष्पअर्पित कर भाजपा नेता विकास सिंह ने स्वच्छता बाइक का उद्घाटन किया। विकास सिंह ने कहा मानगो नगर निगम अंतर्गत मानगो के गांधी मैदान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदम का प्रतिमा लगी हुई है सिर्फ जयंती एवं पुण्यतिथि के दिन जिले के अधिकारी से लेकर नेताओं तक का माल्यार्पण और श्रद्धांजलि देने के लिए तांता लगा रहता है।

## इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज के रिटेल स्टोर का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सस्ती कीमत पर पूरे भारत से साड़ियों के व्यापक संग्रह के लिए प्रसिद्ध बंगाल की अग्रणी रिटेल चेन इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज ने झारखंड के जमशेदपुर के ठाकुरबाड़ी रोड, साकची में अपने नये स्टोर का शुभारंभ किया। इस स्टोर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ अजय कुमार ने फीता काटकर किया। इंडियन सिल्क हाउस एजेंसीज की संस्थापक प्रतिभा दुधोरिया ने एक बयान जारी कर कहा 50 साल की विरासत के साथ भारतीय सिल्क हाउस एजेंसीज पूर्वी भारत में सबसे बड़ी सिल्क साड़ी रिटेल चेन है। यह ब्रांड गुणवत्ता, शिल्प कौशल और ग्राहक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। बंगाल में साड़ी के शौकीनों का दिल जीतने के बाद, ब्रांड ने सफलतापूर्वक छत्तीसगढ़, बिहार तक अपनी पहुंच बढ़ा दी है।

# देश की एकता और सद्भावना के लिए दौड़ी लौहनगरी

>> 10 हजार से अधिक लोग हुए शामिल

- एसडीओ शताब्दी राय ने बैलून उड़ाकर और झंडी दिखा कर धावकों को किया रवाना
- छात्र- छात्राओं समेत हर उम्र के लोगों ने पूरे उत्साह से दौड़ में लिया भाग






दौड़ शुरु होने से पूर्व बैलून उड़ाती एसडीओ शताब्दी राय, केके एजूकेशनल ट्रस्ट के विकास सिंह व अन्य अतिथि और धावकों को संबोधित करते समाजसेवी विकास सिंह।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गांधी जयंती के मौके पर देश की एकता और सद्भावना के लिए साकची गोलचक्कर से किनन स्टेडियम तक के लिए रन फॉर सदभावना का आयोजन किया गया। दौड़ के लिए प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं जमशेदपुर की एसडीओ श्रीमती शताब्दी राय ने रवाना किया। इस अवसर पर केके सिंह एजूकेशनल फाउंडेशन की चेयरमैन श्रीमती उर्मिला देवी, निदेशक श्रीमती रश्मि सिंह, निदेशक एवं आयोजन के संयोजक विकास सिंह, डीएसपी ट्राफिक संजय सिंह, समाजसेवी शिवपूजन सिंह, सोना देवी यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रभाकर सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सुशील सिंह, राजीव रंजन सिंह समेत मीडिया और विभिन्न तबके के लोगों उपस्थित थे।

**एकता और सद्भावना का दिया जा रहा संदेश :** विकास सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को एकता और सद्भावना का संदेश देना है। आयोजन में रेड क्रॉस की भी अहम भूमिका है। रेड क्रॉस रक्तदान के क्षेत्र में बेहतर प्रयास करते हुए हर धर्म के लोगों को जोड़ रहा है। उसी तरह रन फॉर सद्भावना भी हर क्षेत्र के लोगों को एक मंच पर लाने का प्रयास है।

**आयोजन समिति के प्रमुख पदाधिकारी :** आयोजन के चीफ पैट्रन रेड क्रॉस के सचिव विजय सिंह, आयोजन समिति की अध्यक्ष रश्मि सिंह, महासचिव उदित अग्रवाल और कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर कुंदन चंद्रा हैं। इसके अलावा सदन हुसैन को मानगो, विकास शर्मा को टेल्को, अधिराज तिवारी को बर्माामाइंस, सुजय कुमार को आदित्यपुर का जिम्मा मिला।

## एक नजर में

### खादी ग्रामोद्योग की गांधी जयंती में मंत्री शामिल



**जमशेदपुर।** गांधी जयंती पर माननीय मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, परिवार कल्याण एवं खाद्य सार्वजनिक वितरण व उपभोक्ता मामले विभाग बन्ना गुप्ता, जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार ने बिष्टुपुर स्थित खादी ग्रामोद्योग भंडार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मंत्री ने इस मौके पर कहा कि ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था में आर्थिक उन्नति की परिकल्पना लिए राष्ट्रपिता ने खादी को अपनाने का आह्वान किया था। हम सभी को उनकी पुण्य स्मृति में खादी की खरीदारी जरूर करनी चाहिए। खादी हमारे स्वदेशी आंदोलन का प्रतीक है। उन्होंने अपील की है कि खादी के सामानों का अपने जीवन में उपयोग जरूर करें इससे हमारे जिले और राज्य के खादी ग्रामोद्योग से जुड़े लोगों को उचित मूल्य मिलेगा, उनके परिश्रम को सम्मान और पहचान मिलेगा।

### एमजीएम अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों के शिविर में 70 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर।** बुधवार को गांधी जयंती पर जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन, एमजीएम अस्पताल ने एमजीएम अस्पताल परिसर के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। अभियान के दौरान कुल 70 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। दानदाताओं में रेजिडेंट जूनियर डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग छात्र, एमजीएम कॉलेज के स्नातक छात्र शामिल थे। एनजीओ अर्पण के सदस्यों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई। इस अभियान के दौरान आयरन पैराडाइज जिम के कुल 10 सदस्यों ने अपना रक्तदान किया। शिविर की सफलता के बाद जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा, हम आवश्यक व्यवस्था करने और इस अभियान को सफल बनाने के लिए एमजीएम अस्पताल ब्लड सेंटर की टीम को विशेष धन्यवाद देना चाहते हैं। शिविर में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ श्वेता सहाय, डॉ नितेश कुमार, डॉ राघवेंद्र, डॉ राकेश, डॉ बिकास, डॉ गणेश, डॉ सरफराज 2, डॉ मनीष, डॉ स्नेहा, डॉ आरती, डॉ प्रमोद, डॉ भामू, डॉ नीलेश, ओम प्रकाश, आसिफ , आमिर, अंजार, आनंद कुमार, पूनम, परमजीत ने अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई। जेडीए एमजीएमएमसीएच भविष्य में इस अभियान को जारी रखने और भविष्य में और अधिक दानदाताओं को जोड़ने के लिए तत्पर है।

### टाटा मोटर्स यूनियन में याद किये गये गांधी-शास्त्रीजी




**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में आज सुबह 9:00 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म जयंती मनाया गया। इस अवसर पर उन दोनों के तस्वीरों पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विचार गोष्ठी की गयी। इस विचार गोष्ठी में अपनी विचार को रखते हुए टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह ने कहा महात्मा गांधी ने अपने जीवन काल में सत्य और अहिंसा का जो आदर्श स्थापित किया। भारत की आजादी के लिए असहयोग आंदोलन किया गया। उनके अनेक ऐसे आंदोलन जिसे भारतवासी सीधे तौर पर जुड़े और के जनमानस के पटल पर उनकी छवि राष्ट्रपिता के रूप में बनती चली गयी। वहीं स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी ने हरित क्रांति के माध्यम से भारत को आत्मनिर्भर बनाया। मौके पर अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा महात्मा गांधी और शास्त्री जी हम लोगों के आदर्श हैं। शास्त्री जी का सदा विचार और देश के लिए समर्पण सब व्याप्त है हम सब सच्चे हृदय से अपने महापुरुषों को नमन करते हैं और श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

### शिक्षित समाज के निर्माण में सहायक साबित होगा एकलव्य विद्यालय: जोबा माझी



**सोनुवा।** सोनुवा प्रखंड के दिग्गीलोटा गांव में बुधवार को नवनिर्मित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का सांसद जोबा माझी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा इस भव्य विद्यालय भवन का शिलान्यास के बाद उदघाटन समारोह में शामिल होने पर खुशी महसूस कर रही हूं। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील करते हुए कहा ये विद्यालय क्षेत्र के बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने में सहायक साबित होगा उन्हें विश्वास हैं। सांसद ने कहा सभी को शिक्षा से जोड़ने का लक्ष्य सरकार का हैं। इस दिशा में विद्यालय निर्माण के साथ शिक्षकों की बहाली और बच्चों के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। समारोह में पहुंची सांसद का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बच्चियों ने नृत्य और संगीत प्रस्तुत कर स्वागत किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुहागी मुर्मू, आइटीडीए के निदेशक, एनपीसीसी के परियोजना प्रबंधक अरुण कुमार समेत ग्रामीण और क्षेत्र के अभिभावक उपस्थित रहे।

### सर्वोदय मंडल और गांधी शांति प्रतिष्ठान ने गांधी जी और शास्त्री जी को किया नमन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सर्वोदय मंडल और गांधी शांति प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन के अवसर 'आज के समय में गांधी' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गयी। संगोष्ठी के प्रारंभ में गांधीजी और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर लिटिल इप्टा द्वारा संगीत प्रस्तुत किया गया। तदुपरांत विषय प्रविष्ट करते हुए डॉ सुख चंद्र झा ने कहा कि लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता,सोनम वांगचुग दो अक्टूबर को राजघाट पर गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने लद्दाख से पदयात्रा करके आ रहे थे।

# नीतीश ने महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**एजेंसी**

**पटना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विशाल आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।



इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी तथा सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग ने आरती पूजन, भजन, कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने गांधी की वेशभूषा में पहुंचे सुरेश कुमार हज्जू से भी मुलाकात की।

## लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुख्यमंत्री ने किया नमन

**पटना।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनायी गयी तथा उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। पटना के शास्त्रीनगर पार्क में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शास्त्रीनगर पार्क में स्थापित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने लाल बहादुर शास्त्री की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा आरती-पूजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

# पूर्वी चंपारण के विद्यालयों में घुसा बाढ का पानी

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण।** जिले में बाढ और तटबंधो के टूटने के कारण कई प्रखंडों के स्कूलो में पठन-पाठन ठप्प है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार करीब 70 से ज्यादा सरकारी विद्यालयों में बाढ का पानी प्रवेश कर गया है, जिस कारण इन विद्यालयों में पढाई बाधित है। वही इन विद्यालयों के शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति संबंधित प्रखंड के अन्य विद्यालयों में कर दी गई है। बताया गया कि इन विद्यालयों में कुछेक के परिसर में तो कुछ के सभी कमरों में पानी फैल गया है। वही कुछ विद्यालयों के फर्श पर दो फीट से उपर तक पानी जमा है। वही कई विद्यालयो के पहुंच पथ पर भी पानी भर गया है।



डीईओ संजीव कुमार के अनुसार फिलवक्त जिले के 15 प्रखंड के 72 विद्यालय बाढ से बुरी तरह प्रभावित है,जिसमे सर्वाधिक सुगौली प्रखंड के 18 विद्यालय है,वहीं दूसरे नंबर पर ढाका प्रखंड के 13 विद्यालयों के बच्चों की पढाई प्रभावित हुई है। रामगढ़वा प्रखंड के दस विद्यालयों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। आदापुर प्रखंड में तीन, अरेराज में पांच, बंजरिया में चार, बनकटवा में एक छौडादानो में एक, चिरैया में एक, केसरिया में पांच, मोतिहारी सदर प्रखंड में एक, पहाड़पुर में दो, पताही में एक, रक्सौल में एक, संग्रामपुर के छह विद्यालयों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है।

## स्पीड न्यूज

### रमना पंचायत सचिवालय में मनी गांधी और शास्त्री की जयंती

**रमना।** भारत के दो महान विभूतियों का जन्मदिन पुरे प्रखंड में सम्मान पुर्वक मनाया गया। सिलीदाग पंचायत सचिवालय में मुखिया अनिता देवी, पंचायत सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह व उपस्थित ग्रामीणों ने सत्य अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री सादगी व सरल जीवन जीने वाले लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर फूल अर्पित कर देश हित में किये गये कार्यों को याद किया। मौके पर वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह, विनय ठाकुर, नैना देवी, सरदार उरांव, सतेंद्र पाल आदि उपस्थित थे।

### दरभंगा में कोसी तटबंध का टूटना खतरनाक संकेत : धीरेंद्र झा

**दरभंगा।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले)पोलित ब्यूरो सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा ने आज कहा कि कोसी पश्चिमी तटबंध का दरभंगा के भूभोल में टूटना दरभंगा सहित मधुबनी और समस्तीपुर के लिए खतरनाक संकेत है। भाकपा माले की टीम भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा की अगुवाई में भूभौल में कोसी पश्चिमी तटबंध के टूटने से उत्पन्न तबाही से रूबरू होने के लिए गई थी। टीम में दरभंगा जिला सचिव बैद्यनाथ यादव, मधुबनी जिला सचिव ध्रुव नारायण कर्ण, आइसा नेता मयंक यादव, खेग्रामस नेता जमालुद्दीन, जोगनाथ मंडल, मिथिला विश्वविद्यालय के शोधार्थी संदीप आदि शामिल थे।

# बिहार के मुजफ्फरपुर में बाढ़ राहत सामग्री लेकर जा रहा वायुसेना का हेलीकॉप्टर क्रैश

## पायलट और सभी जवान सुरक्षित

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड अन्तर्गत घनश्यामपुर पंचायत के बेसी बाजार के निकट बुधवार दोपहर भारतीय वायुसेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हेलीकॉप्टर सीतामढ़ी जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री लेकर जा रहा था। उसी दौरान उसमें तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते हेलीकॉप्टर क्रैश कर गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और उन्होंने हेलीकॉप्टर में सवार पायलट समेत चारों जवानों को बचा लिया। इस घटना में हेलीकॉप्टर के पायलट समेत चारों जवान सुरक्षित हैं। मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश कुमार ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने औराई प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाके में आपात लैंडिंग की है। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और जवानों को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि चारों जवान सुरक्षित हैं और उन्हें एहतियात के तौर पर श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसकेएमसीएच) भेजा गया है, जहां उनके स्वास्थ्य की जांच और उपचार किया जा रहा है।

### वायुसेना ने बयान जारी कर बताई वजह

इस दुर्घटना को लेकर भारतीय वायु सेना की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इंजन फेल होने के बाद पायलट ने पानी में हेलीकॉप्टर को लैंड कराया। सभी एयरफोर्स जवान और पायलट सुरक्षित हैं। पानी में लैंडिंग के दौरान विमान क्रैश हो गया। घटना के बाद सुरक्षा अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंच गई है, जो हेलीकॉप्टर की स्थिति की जांच कर रही है। इस बीच वायुसेना की ओर से तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम भी हेलीकॉप्टर में आई खराबी की जांच के लिए भेजी गई है।

# पूर्वी चंपारण के 10 और फर्जी डिग्री शिक्षको पर प्राथमिकी

**पूर्वी चंपारण।** जिले में फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहे 10 और शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इस प्रकार अब तक 24 फर्जी डिग्रीधारी शिक्षकों पर केस दर्ज हो चुका है। निगरानी विभाग की इस कारवाई के बाद जिले में फर्जी डिग्री पर शिक्षक बने लोगो में हड़कंप है।

जानकारी के अनुसार निगरानी विभाग ने मंगलवार को जिले के कल्याणपुर और चकिया थाना क्षेत्र के 10 फर्जी शिक्षको को चिन्हित प्राथमिकी दर्ज कराई है। वही इसके पूर्व निगरानी विभाग ने जिले के बंजरिया, पीपराकोठी व तुरकौलिया थाना में 14 शिक्षको के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा चुकी है। निगरानी विभाग ने कल्याणपुर थाना मे जिन फर्जी डिग्रीधारी शिक्षको पर प्राथमिकी दर्ज करायी है, उसमे राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिशनपुर में कार्यरत शिक्षक रानू पासवान, नव सृजित प्राथमिक विद्यालय बांस घाट (पासवान टोला) की शिक्षिका विभा कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरकी कुवआं की शिक्षिका मनोरमा कुमारी। चकिया थाना में जिनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है उसमे एनपीएस फुलवरिया के शिक्षक जयप्रकाश कुमार यादव, प्राथमिक विद्यालय अहिमन छपरा के शिक्षक अजय राम, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलौला उर्दू के शिक्षक संतोष कुमार महतो, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलौला उर्दू की शिक्षिका चंद्र लता कुमारी यू एम एस सिसवा बसंत की शिक्षिका सुधा कुमारी, प्राथमिक बिद्यालय बंशी बाबा शम्भू चक के शिक्षक संतोष कुमार,यू एम एस बहुआरा की शिक्षिका मुन्ना कुमारी शामिल है।

## बिहार के लोगों को दिल्ली की मेहरबानी नहीं चाहिए

# बिहार इतना सक्षम बनेगा कि अन्य प्रदेश के लोगों की करेगा मदद : प्रशांत किशोर

**एजेंसी**

**पटना।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बुधवार शाम वेटनरी मैदान में अपनी पार्टी की घोषणा कर दी। बीते दो वर्ष पूर्व गांधी जयंती के दिन अपने राजनीतिक सफर की चंपारण से शुरूआत करने वाले जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने पार्टी का नाम जनसुराज पार्टी ही रखा है। पार्टी की घोषणा के मौके पर अपने संबोधन में प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार के लोगों को दिल्ली की मेहरबानी नहीं चाहिए। यहां के लोग इतना संक्षम बनेंगे कि दूसरे प्रदेश के लोगों की मदद करेंगे।



प्रशांत किशोर ने वादा किया कि सरकार में आते ही एक घंटे के अंदर बिहार में विश्वस्तरीय शिक्षा व्यवस्था लागू करेंगे। सांसद-विधायक बनकर भी काम नहीं किया तो हटा दिये जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि वे आने वाले विधानसभा उप चुनाव में चार सीटों पर चुनाव भी लड़ेंगे। प्रशांत किशोर ने बिहार से शराबबंदी को हटाने की भी बात कही। कार्यक्रम में राज्यभर से हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। सभा स्थल पर अनोखा मंच बनाया गया था, जिस पर एक साथ पांच हजार से अधिक लोगों की बैठने की व्यवस्था थी। जन सुराज स्थापना अधिवेशन में पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष मधुबनी के रहने वाले मनोज भारती को बनाया गया है। उन्होंने नेतरहाट से पढ़ाई की है। साथ ही आईआईटी कानपुर से शिक्षा ग्रहण की है। इसके अलावा आईआईटी दिल्ली से एम टेक किया है। फिर आईएफएस बनकर वह दुनिया के कई देशों में भारत के एम्बेसडर रहे।

## खबर एक नजर में

### चिनियां में मनाई गई गांधी-शास्त्री की जयंती

**चिनियां।** 2 अक्टूबर दिन बुधवार को चिनियां प्रखंड में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। यह दिन भारत के दो महान नेताओं के जन्मदिन का प्रतीक है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अहिंसा और सत्याग्रह के तरीकों से संघर्ष किया। जबकि लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में हुआ था। वह भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे। उन्होंने 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान देश का नेतृत्व किया और खाद्य सुरक्षा के लिए हरित क्रांति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। आज के दिन पूरे देश में विभिन्न समारोह आयोजित कर दोनों नेताओं की विरासत और योगदान को याद किया जा रहा है। मौके पर मुखिया जहेरा बीबी, पंचायत सचिव, वार्ड पार्षद, विनोद यादव, सुनील प्रसाद, अनिल प्रसाद, उमेश कुमार रवि, तोहिद मंसूरी, सत्तार अंसारी, अनिल पासवान, अंजली देवी, कमला देवी, बचनी देवी आदि लोग उपस्थित थे।



उपस्थित लोग।

### एसबीआई शाखा को बरडीहा में स्थानांतरित करने की मांग

**मझिआव।** डॉ मशहूर अहमद खान के नेतृत्व में बरडीहा प्रखंड के जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने उपायुक्त के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय को ज्ञापन को देकर मझिआंव में पिछले 25 वर्षों से संचालित एसबीआई शाखा को बरडीहा में स्थानांतरित करते हुए संचालित करवाने की मांग की है। इसके अलावा मझिआंव में मझिआंव कला एवं मझिआंव खुर्द के नाम से दो अलग-अलग ब्रांच खुलवाने की मांग की है। साथ ही कहा गया कि मझिआंव प्रखंड मुख्यालय में आज के विकसित दौर में भारतीय स्टेट बैंक आफ इंडिया का एक भी ब्रांच नहीं खुला है ।जिसके कारण हम सब ग्रामीण जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर बरडीहा शाखा पिछले 25 वर्षों से मझिआंव में संचालित हो रही है ।जिसके कारण बरडीहा प्रखंड मुख्यालय की जनता को दूसरे प्रखंड में आकर वित्तीय कार्य निष्पादित करने में कठिनाइयों सामना करना पड़ता है। आए दिन बैंक उपभोक्ता छिनतरई की घटना से परेशान हो चुकी हैं ।साथ ही लोगों ने उपायुक्त से जनहित को देखते हुए 30 दिनों के अंदर बरडीहा शाखा को बरडीहा में स्थानांतरित करते हुए मझिआंव में दो ब्रांच खुलवाने की अपील की है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुखिया प्रतिनिधि वशिष्ठ पासवान, असरेश कुमार पाल,विक्की कुमार एवं गुड्डू कुमार शामिल थे।

### जीएन कॉन्वेंट में मनी गांधी व शास्त्री की जयंती, कई प्रतियोगिता आयोजित




छात्र-छात्राओं के साथ निदेशक।

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, प्राचार्य सीबी सिन्हा, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के छवि पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सबसे पहले स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए जूनियर क्लास के सभी बच्चों का हैंड वॉश कार्यक्रम किया गया जबकि पेंटिंग प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता और स्पीच प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि गांधी जी का जन्मदिन सत्य दिवस के रूप में एवं अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। सत्याग्रह का संकल्प सबसे पहले गांधी जी ने अपने जीवन काल में भारत की आजादी के लिए की। गांधी जी का जीवन पूर्ण रूपेण स्वच्छता के प्रति समर्पित रहा। स्वच्छता ही सेवा उनकी विचारधारा के अनुरूप भारत के नागरिकों के लिए एक मूल मंत्र प्रदान करता है। यही वजह है कि हर वर्ष हम गांधी जी की जयंती पर व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाते हैं। उनके महान विचारों, संघर्षों और आजादी दिलाने में उनके बड़े योगदान को याद किया जा रहा है। मौके पर शिक्षक संतोष प्रसाद, कृष्ण कुमार, मुकेश भारती, वीरेंद्र शाह, सरिता दुबे, शिवानी कुमारी, सुनीता कुमारी, रिजवाना शाहीन, नीरा शर्मा, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### सारण में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले की भगवान बाजार थाना की पुलिस ने नाबालिग के दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बुधवार को यहां बताया कि थाना पुलिस को आज सूचना प्राप्त हुई कि नई बाजार मुहल्ला निवासी दिलीप प्रसाद ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है।

### समस्तीपुर में ऑटो रिक्शा और कार की टक्कर में तीन लोगों की मौत, पांच घायल

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को ऑटो रिक्शा और कार के बीच हुयी टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि ऑटो रिक्शा पर सवार लोग जा रहे थे। इस दौरान जनकपुर गांव के समीप राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-28 पर ऑटो रिक्शा और कार मे टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में एक महिला समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पांच अन्य घायल हो गये।

# मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित बापू टावर का किया लोकार्पण

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार शाम गर्दनीबाग में नवनिर्मित बापू टावर का लोकार्पण किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने भूतल तल पर ही बनाये गये ओरियेंटेशन हॉल में टर्न टेबल थियेटर शो (रोटेटिंग पर्दे) का भी जायजा लिया। साथ ही ओरियेंटेशन हॉल में बैठकर बापू की जीवनी, उनके आदर्शों एवं कार्यों तथा बिहार की गौरव गाथा पर आधारित फिल्म का अवलोकन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बापू टावर बहुत ही भव्य बना है। यह लोगों के लिये दर्शनीय होगा। बापू टावर में आकर बापू की जीवनी, उनके विचारों और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी जान सकेगी। यहां बापू के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनायें, उनके विचार, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, बिहार से उनके लगाव तथा बापू के आदर्शों को बेहतर ढंग से रेखांकित कर प्रदर्शित किया गया है। इसके पश्चात बापू टावर के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 'बापू टावर' बेवसाइट का लोकार्पण किया। इसके माध्यम से बापू टावर के बारे में विस्तृत जानकारी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने 'बापू टावर के लोकार्पण' से संबंधित प्रति का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के निर्माण कार्य से जुड़े अभियंताओं एवं तकनीकी विशेषज्ञों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बापू टावर पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गयी। बापू टावर की निर्माण प्रक्रिया के दौरान मुख्यमंत्री ने 27 सितंबर, 2023, 04 फरवरी, 23 जून एवं 24 सितंबर को बापू टावर का स्थल निरीक्षण किया। साथ ही महत्वपूर्ण निर्देश दिये गए।



## बाढ़ प्रभावित दियारी पंचायत के ग्रामीणों ने सांसद से मुलाकात कर सुनाई व्यथा

**अररिया।** बाढ़ की त्रासदी झेल रहे अररिया प्रखंड के दियारी पंचायत स्थित बघेला टोला वार्ड नम्बर 05 के लोगों ने सांसद प्रदीप कुमार सिंह से मुलाकात कर अपना दर्द बयां किया।



ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि बाढ़ से सड़कें तहत नहस हो गयी है। जल जमाव के कारण लोगों की आवाजाही ठप है। जिला प्रशासन द्वारा अबतक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। न ही आवाजाही के लिए नाव की व्यवस्था है और न ही अबतक सामुदायिक किचेन की शुरूआत हो पाई है ।मामले की गंभीरता को समझते हुए सांसद ने उन्हें सरकारी सहायता प्रदान करने का भरोसा दिया। तत्काल अंचलाधिकारी से बात कर अतिशीघ्र वहां का निरीक्षण कर ग्रामीणों को इस त्रासदी से सुरक्षित करने का प्रबंध करने एवं हर सम्भव सरकारी सहायता पहुंचाने का दिशा निर्देश दिया।

# ठग कर वोट लेना ही पूर्व के जन प्रतिनिधियों का था काम : मंत्री मिथिलेश

- पूरी तरह से झामुमो में समा गई रमकंडा भाजपा
- झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** रमकंडा प्रखंड के अंतर्गत उदयपुर पंचायत के पुनदागा दुर्गा पूजा मैदान में बुधवार को झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व मंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान पारंपरिक आदिवासी गीत, नृत्य, बड़ा माला एवं पत्तों का पारंपरिक माला व टोपी पहनाकर मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। समारोह में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं सहित पूरे रमकंडा प्रखंड के सभी पंचायतां से लगभग पांच हजार लोगां ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दाम थाम लिया। मंत्री श्री ठाकुर ने माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल किया। मौके पर मंत्री ने क्षेत्र के कई प्रबुद्ध जनां को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि ठग कर वोट लेना एवं जनता को अपने हाल पर छोड़ देना ही पूर्व के जनप्रतिनिधियों का काम था। किसी ने 10 साल किसी ने 17 साल तक गढ़वा की जनता का शोषण किया। जात, धर्म के नाम पर वोट लेते रहे और अपना काम बनाते रहे। मंत्री ने कहा कि झामुमो के नीति, सिद्धांतों एवं सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर हजारां की संख्या में लोग भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल हुए हैं। रमकंडा का भाजपा लगभग पूरी तरह से झामुमो में समा गया है। इतना ही समझा जा सकता है कि जो पार्टी अपने कार्यकताओं को मान सम्मान नहीं दे सकती वो जनता को क्या देगी। उन्हांने कहा कि आज गरीब, बेटी बहनों को सरकार एक हजार रुपए प्रतिमाह दे रही है, तो विरोधियों के कलेजे पर सांप लोट रहा है। भाजपा के लोग इसे बंद कराने के लिए कोर्ट में केस कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि किसी भी हाल में मंईयां सम्मान योजना बंद नहीं होगा। बल्कि अगले साल से राशि बढ़ाकर 1250 रुपए, फिर 1500 रुपए कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपना काम कराने के लिए आपको सरकार के पास नहीं जाना पड़ रहा है। बल्कि सरकार एवं सभी अधिकारी आपके द्वार तक पहुंचकर आपका काम कर रहे हैं। मौके पर उमेश यादव, तपेश्वर सिंह खरवार आदि ने विचार व्यक्त करते हुए उपस्थित लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर को ऐतिहासिक जीत दिलाने की अपील की। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से उमेश यादव, राजेंद्र सिंह खरवार, रामप्रवेश यादव, चंदन प्रसाद, नागेश्वर तिवारी, धर्मदेव यादव, राजेश्वर यादव, रविंद्र विश्वकर्मा, एआईएमआईएम के खुर्शीद अंसारी, ब्रजेश पासवान, सुनील भुईयां, गुड्डु खान, राजीव रंजन, दुर्गावती देवी, देवनाथ राम, रमकंडा के सेमरतांड़ टोला के पिंटु ठाकुर, सुशीला देवी, कुबली देवी, कमोदा देवी सहित उदयपुर, रमकंडा, कछरवा, दाहो, मंगराही, चेटे, विराजपुर, पुनदागा सहित सभी पंचायतों के लगभग पांच हजार लोगां का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, श्रवण कमलापुरी, शकुंतला देवी, गायत्री गुप्ता, विनोद प्रसाद, लालमोहन पासवान, संजय सिंह छोटू, अहमद अली, कमलेश यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



कार्यक्रम की शुरूआत करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर ।

स्पीड न्यूज

## थलपति 69 में काम करेंगी पूजा हेगड़े



**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े, फिल्म थलपति 69 में दक्षिण भारतीय स्टार थलपति विजय के साथ नजर आयेंगी। केवीएन प्रोडक्शंस ने इस बात की जानकारी दी है कि पूजा हेगड़े, अखिल भारतीय मैग्नम ओपस थलपति 69 में मुख्य अभिनेत्री होंगी। यह बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म थलपति विजय की अंतिम फिल्म हो सकती है। थलपति विजय और पूजा हेगड़े फिल्म बीस्ट में अपने पिछले सहयोग के बाद दूसरी बार फिर से साथ आ रहे हैं। फिल्म का गाना अरेबिक कुथु एक चार्टबस्टर बन गया और पूरे देश में बेहद लोकप्रिय हुआ। इस जोड़ी के साथ वापस आने से थलपति 69 को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है।

## लेबनान से एक लाख से ज्यादा लोग विस्थापित

**संयुक्त राष्ट्र।** इजरायल और लेबनान के बीच बढ़ते तनाव और इजरायली सेना की ओर से जारी निकासी आदेशों के कारण दो लाख से ज्यादा लोग दक्षिणी लेबनान से विस्थापित हो गए हैं, जिनमें से एक लाख से ज्यादा लोग सीरिया गये हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को दी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने चेतावनी दी है कि विस्थापित लोगों की संख्या बढ़ने का अनुमान है।

## बीजापुर में सात नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर ।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से एक महिला समेत कुल सात नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई मंगलवार को थाना नेलसनार थाना एवं थाना मिरतुर में की गई है। पहली गिरफ्तारी नेलसनार थाना क्षेत्र में हुई है, जहां एरिया डोमिनेशन पर निकले जवानों को सफलता मिली। उन्होंने बांगापाल डोंगरीपारा के जंगल से माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री, विद्युत वायर, पेंसिल सेल एवं दवाईयों के साथ पांच सक्रिय माओवादियों को गिरफ्तार किया।

## गुरमीत सिंह 20 दिन के पेरोल पर हुये रिहा

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव से तीन दिन पूर्व बुधवार को साध्वियों के यौन शोषण व पत्रकार रामचंदर छत्रपति की हत्या के मामले में सजा भुगत रहे सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को 20 दिन के पेरोल पर रिहा किया गया। इस बार पेरोल सशर्त है और चुनाव आयोग की शर्तों के अनुसार गुरमीत सिंह को हरियाणा से दूर रहना है व निजी तौर पर व सोशल मीडिया पर किसी भी राजनीतिक गतिविधि से दूर रहना है।

## सुरनकोट से भाजपा प्रत्याशी मुश्ताक बुखारी का निधन

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में सुरनकोट निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार सैयद मुश्ताक बुखारी का बुधवार को बीमारी के कारण निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। श्री बुखारी का निधन जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले स्थित उनके पैतृक स्थान पामरोटे सुरनकोट में हुआ।

चुनावी दर्पण झारखंड

# खिजरी से विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं अर्जुन मुंडा

## कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप के लिए डगर नहीं आसान

▶▶ 2019 में कच्छप ने भाजपा के रामकुमार पाहन को करीब पांच हजार वोटों से हराया था

उदय चौहान

**रांची।** खूंटी लोकसभा सीट से चुनाव हारने वाले दिग्गज आदिवासी नेता अर्जुन मुंडा खरसावां छोड़ कर खिजरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। इसके लिये श्री मुंडा ने पार्टी स्तर पर लॉबिंग भी तेज कर दी है। पार्टी को झारखंड विधानसभा चुनाव में हार हाल में यहां पर कमल खिलाना है और भाजपा की सरकार बनना है।इसके लिये भाजपा ने ठोस रणनीति अख्तियार कर ली है। खिजरी उनके लिए सेफ सीट हो सकता है। खरसांवा से वे चुनाव हार गये थे। हालांकि भाजपा ने इसकी पुष्टि नहीं की है। वैसे, पार्टी सूत्रों का दावा है कि अर्जुन मुंडा अपने परम्परागत सीट खरसावां से चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं हैं। वैसे, भाजपा की रायशुमारी में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन व आरती कुजूर का नाम प्रमुखता से उभर कर सामने आया है। वहीं, मौजूदा कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने अपनी उपलब्धियां गिनाते हुये फिर से जीत का दावा किया है। खिजरी सीट भाजपा के लिये आसान सीट माना जाता है। वर्ष 2005 में भाजपा के कड़िया मुंडा ने जीत हासिल की थी। इसके बाद वर्ष 2009 में कांग्रेस के सावना लकड़ा ने भाजपा से इस सीट को छिन लिया था। फिर वर्ष 2014 में भाजपा ने खिजरी सीट पर कब्जा जमाया। भाजपा के राम कुमार पाहन ने जीत हासिल किया था। पिछले वर्ष 2019 चुनाव में कांग्रेस के राजेश कच्छप ने भाजपा के रामकुमार पाहन को करीब पांच हजार वोटों से हरा दिया था। इस सीट में रांची महानगर के कुछ इलाकों लोअर चुटिया, धुर्वा, टाटी सिल्वे शामिल हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में आदिवासी बहुल आबादी है।






### भाजपा बगैर सीएम चेहरे के उतरेगी चुनाव में

भाजपा ने बगैर सीएम चेहरे के चुनाव लड़ने की तैयारी की है। इसके संकेत भाजपा कार्यकर्ताओं को मिल चुके हैं। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पार्टी की ओर से चुनाव लड़ने की घोषणा पूर्व में की जा चुकी है। लेकिन सीएम का चेहरा कौन होगा इसपर स्थिति स्पष्ट करने से अब तक बचती रही है। भाजपा अंदरूनी कलह से निपटने लिये सीएम का चेहरा सामने लाने से परहेज कर रही है।

# ईरान ने इजरायल पर किया हमला

## 200 हाई स्पीड बैलिस्टिक मिसाइल दागी

▶▶ ज्यादातर मिसाइल को इजरायली एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही मार गिराया

एजेंसी



**तेल अवीव।** हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत के बाद ईरान भड़क गया है। ईरान ने मंगलवार रात इजरायल पर 180 से 200 हाई स्पीड बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं। हमला इजरायल को एक बड़ा नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया था। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक जमीन पर ईरान का हमला लगभग फेल रहा। वेस्ट बैंक में एक मौत हुई है। ज्यादातर मिसाइल को इजरायली एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही मार गिराया। कुछ मिसाइलों के टुकड़े जमीन पर गिरे हैं। लेकिन ईरान के हमले को रोकने के लिए ही इजरायल को बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। इससे पहले इजरायल पर अप्रैल में सैकड़ों ड्रोन और मिसाइल से भी ईरान ने हमला किया था।

ईरान ने इजरायल पर पहले हमला करने के लिए इमाद और गदर मिसाइल का इस्तेमाल किया है, जिसकी स्पीड आवाज की रफ्तार से छह गुना या उससे ज्यादा है। ईरान से उड़ान भरने के बाद इजरायल तक पहुंचने में यह 12 मिनट का समय लेती है। इनकी स्पीड 7400 किमी प्रति घंटे है। लेकिन ईरान ने कहा है कि इस बार उसने इससे भी तेज हाइपरसोनिक फतह-2 मिसाइलों से हमला किया, जिसकी अधिकतम स्पीड 16000 किमी प्रति घंटे आंकी गई है। अनुमान के मुताबिक ईरान के पास लगभग 3000 बैलिस्टिक मिसाइलें हैं। हालांकि यह आंकड़ा ढाई साल पहले का है, ऐसे में संख्या ज्यादा हो सकती है।

कुछ ही मिनटों में बैलिस्टिक मिसाइलों की इतनी बड़ी संख्या दाग कर यह इजरायली एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा देने का भी प्रयास दिखाता है। क्योंकि इससे इजरायल को बड़ा आर्थिक नुकसान होता है। दरअसल इजरायली डिफेंस सिस्टम की मिसाइलें महंगी हैं और उनका स्टॉक अनिश्चित है। बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकना अमेरिकी-इजरायली एरो-3 और एरो-2 डिफेंस सिस्टम का काम है। पहली बार इनका इस्तेमाल इजरायल-हमास युद्ध के दौरान किया गया था। वहीं इजरायली डिफेंस सिस्ट में सबसे प्रसिद्ध आयरन डोम है, जिसका इस्तेमाल छोटी दूरी के हमलों को नाकाम करने के लिए होता है।

## जवाबी कार्रवाई करेंगे नेतन्याहू



तेल अवीव। इजरायल पर मंगलवार रात हुए ईरानी हमले के बाद, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को खत्म करने की कसम खाई है। इजरायल अब ईरान पर जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है। पीएम नेतन्याहू ने तेल अवीव में रक्षा मंत्रालय मुख्यालय में सुरक्षा प्रमुखों से मुलाकात की। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि इजरायल जल्द ही ईरान पर भयंकर हमले कर सकता है। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में कहा कि पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आज तेल अवीव में सुरक्षा प्रमुखों के साथ बातचीत की। टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार, इजरायली अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि इजरायल बुधवार को ईरान के प्रमुख बैलिस्टिक मिसाइल हमले का जवाब गैस और तेल जैसे बुनियादी ढांचे पर हमला करके या सीधे ईरान के परमाणु स्थलों को निशाना बनाकर दे सकता है। ईरानी तेल सुविधाओं पर हमला देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर सकता है। इजरायल पर हमले के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल पर ईरान का मिसाइल हमला विफल रहा और अब उन्होंने जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। ईरान ने जो बड़ी गलती की है, इसकी उसे बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ेगी। इजरायली सेना ने कहा कि उसने ईरान की तरफ से आने वाली अधिकतर मिसाइलों को हवा में ही रोक दिया था। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने कहा कि उनका प्रशासन इजरायल का पूरी तरह से समर्थन करता है। ईरान ने कहा कि वह अपनी संप्रभुता के किसी भी उल्लंघन का जवाब

## ईरान की यात्रा नहीं करें भारतीय : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के मद्देनजर भारत ने बुधवार को अपने नागरिकों को ईरान की सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह दी। विदेश मंत्रालय ने एक परामर्श जारी कर ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों से सतर्क और तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने का आग्रह किया। यह परामर्श हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्लाह तथा आतंकवादी संगठन के अन्य कमांडर की हत्या के जवाब में ईरान द्वारा इजराइल में लगभग 200 मिसाइलें दागे जाने के एक दिन बाद जारी किया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम क्षेत्र में सुरक्षा हालात पर करीब से नजर रख रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय नागरिकों को ईरान के लिए सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह दी जाती है। वर्तमान में ईरान में रह रहे लोगों से सतर्क रहने और तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने का अनुरोध किया जाता है। तेल अवीव में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को इजराइल में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए एक परामर्श जारी किया। इसमें कहा गया कि क्षेत्र में मौजूदा हालात को देखते हुए, इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और स्थानीय अधिकारियों द्वारा बताए गए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी जाती है। सावधानी बरतें, देश के भीतर अनावश्यक यात्रा से बचें।

## ग्वालियर में गाय के गोबर से बनेगी सीएनजी

**प्रधानमंत्री ने बायो-सीएनजी संयंत्र का किया उद्घाटन**

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को ग्वालियर में बायो-सीएनजी संयंत्र वाली गौशाला का डिजिटल रूप से उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने गांधी जयंती के मौके परस्वच्छ भारत मिशनएवं अमृत योजना के तहत 685 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और आरंभ किया। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल से डिजिटल माध्यम से भाग लिया। एक अधिकारी ने कहा कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के सहयोग से 100 टन गाय के गोबर का उपयोग करके प्रतिदिन तीन टन प्राकृतिक गैस का उत्पादन करने वाले बायो-सीएनजी संयंत्र वाली गौशाला की स्थापना की गई है। अधिकारी ने कहा कि संयंत्र 20 टन उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद का भी उत्पादन करेगा। उन्होंने कहा कि आईओसी संयंत्र के संचालन और रखरखाव में सहायता करेगा। अधिकारी ने बताया कि गौशाला का निर्माण आईओसी के कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व कोष से 32 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है और इसके विस्तार के लिए एक हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि आरक्षित की गई है।



**रांची के आदिति क्लासिकल व मॉडर्न डांस इंस्टीच्यूट कालाकारों ने बुधवार को दुर्गाबाड़ी में किया परफॉर्म।**


## पुणे में हेलीकॉप्टर क्रैश, दो पायलट समेत तीन की मौत

▶▶ ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के पास हेलीपैड से जुहू जाने के लिए साढ़े सात बजे भरा था उड़ान

एजेंसी



**मुंबई।** पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवड़ के बावधन इलाके में केके राव पहाड़ी इलाके में बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो जाने से उसमें सवार दो पायलट और एक इंजीनियर की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। मामले की छानबीन पुणे पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार हेलीकॉप्टर ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के पास हेलीपैड से जुहू जाने के लिए करीब साढ़े सात बजे उड़ान भरा था। महज पांच मिनट बाद करीब 1.5 किमी दूर जाकर हेलीकाफ्टर क्रैश हो गया। क्रैश होते ही उसमें आग लग गई, जिससे हेलीकाफ्टर में सवार तीनों लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद हिंजेवाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। मुंबई से छह लोगों की टीम पुणे के लिए रवाना हो गई है। बताया जा रहा है कि इस हेलीकाफ्टर से राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे मुंबई से सुतारवाड़ी की हवाई यात्रा करने वाले थे। उन्हीं को लेने के लिए हेलीकाफ्टर पुणे से मुंबई के लिए रवाना हुआ था। मामले की छानबीन की जा रही है।




## आजादी की लड़ाई में खादी ने बड़ी भूमिका निभाईः नड्डा

▶▶ खादी ने स्वावलंबन और एकजुटता को किया साकार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** महात्मा गांधी की जयंती पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आजादी की लड़ाई में खादी ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। महात्मा गांधी ने हमेशा खादी को अपनाया और इसके जरिए देशवासियों को आजादी के लिए एकजुट किया, इसलिए खादी बहुत महत्वपूर्ण रही है। इसने देशवासियों के स्वावलंबन और एकजुटता को साकार किया है। बुधवार को नड्डा ने कनॉट प्लेस स्थित खादी स्टोर से वस्त्र खरीदे और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान मीडिया से बातचीत में नड्डा ने कहा कि आजादी के बाद खादी लंबे समय तक उपेक्षित रही लेकिन 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आए तो उन्होंने दो चीजों पर जोर दिया। पहला वोकल फॉर लोकल और दूसरा खादी फॉर नेशन, फैशन फॉर ट्रांसफॉर्मेशन। इसी तरह खादी की बिक्री और रोजगार बढ़ाने के लिए भी पिछले दशक में काफी काम किया गया है। नड्डा ने कहा कि खादी फॉर नेशन- फॉर फैशन- फॉर ट्रांसफॉर्मेशन को प्रोत्साहन प्रदान करने के साथ खादी के विक्रय और उपयोग में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इस क्षेत्र में लोगों की आजीविका को संबल प्राप्त हुए हैं।



### अपने दैनिक जीवन में खादी को शामिल करें

उन्होंने सभी से अपील की कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर अत्यधिक संख्या में खादी को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने भी महात्मा गांधी की जयंती पर खादी भंडार में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

